# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024


गुकेश का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत

## भारी संख्या में एयरपोर्ट पर जुटे प्रशंसक



**चेन्नई।** कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत हुआ। गुकेश टोरंटो में हुए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। गुकेश गुरुवार देर रात चेन्नई पहुंचे जहां एयरपोर्ट पर भारी संख्या में प्रशंसकों ने उनका स्वागत किया।

**मुरैना में गरजे मोदी**

पीएम ने कहा कि भाजपा के लिए देश से बड़ा और कुछ भी नहीं है, जबकि कांग्रेस के लिए अपना परिवार ही सब कुछ

# कांग्रेस ने तो जवानों के हाथ बांध रखे थे, हमने सेना को पूरी छूट दी

मुरैना में पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार बनते ही 'वन रैंक वन पेंशन' को लागू किया गया। हमने सीमा पर खड़े जवानों की सुविधा की भी चिंता की।



आज एक बार फिर कांग्रेस कुर्सी के लिए छटपटा रही है। अब कुर्सी पाने कि लिए अलग-अलग खेल खेल रही है



हमने कहा कि अगर एक गोली आती है तो 10 गोली चलनी चाहिए

अगर वे एक गोला फेंकते हैं तो 10 तोपें चल जानी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण के मतदान से पहले गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुरैना में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा के लिए देश से बड़ा और कुछ भी नहीं है, जबकि कांग्रेस के लिए अपना परिवार ही सब कुछ है। पीएम मोदी ने कहा कि यह कांग्रेस की नीति है कि, जो देश के लिए सबसे ▶▶ शेष पेज 4 पर

## कांग्रेस ने मां भारती की भुजाएं ही काट दी

पीएम मोदी ने कहा कि सब जानते हैं कि आजादी के समय कांग्रेस ने धर्म के नाम पर देश का विभाजन स्वीकार किया था। मां भारती के हाथों की जंजीरें काटने के बजाए कांग्रेस ने मां भारती की भुजाएं ही काट दी और देश के टुकड़े कर दिए थे। लेकिन, कांग्रेस सुधरने को तैयार नहीं है। कांग्रेस को लगता है, यही उसके फायदे के लिए सरल रास्ता है। आज एक बार फिर कांग्रेस कुर्सी के लिए छटपटा रही है। अब कुर्सी पाने कि लिए अलग-अलग खेल खेल रही है। ये लोग फिर से धार्मिक तुष्टिकरण को मोहरा बना रहे हैं।

ये लोग फिर से धार्मिक तुष्टिकरण को मोहरा बना रहे हैं



**तेजतर्रार मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में...**

**मप्र का विकास पहले से ज्यादा तेज गति से होगा:** मोदी ने कहा कि 4 जून के बाद मध्यप्रदेश के तेजतर्रार मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र का विकास पहले से ज्यादा तेज गति से होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हुए विकास को भिंड, मुरैना, ग्वालियर ▶▶ शेष पेज 4 पर

वीडी शर्मा ने कहा...

**मोदी करते हैं सेना का सम्मान, राहुल-दिग्विजय करते हैं अपमान**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि यह राम प्रसाद बिस्मिल की धरती है। यहां के नौजवान सरहदों पर देश की रक्षा के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और भारत माता की रक्षा करते हुए बलिदान तक दे देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के ▶▶ शेष पेज 4 पर

**कांग्रेस ने कर्नाटक में किया पाप**

कांग्रेस पर हमलावर पीएम मोदी ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस का राज है और उन्होंने वहां क्या पाप किया है, ये जानकर आप हैरान हो जाएंगे। पीएम ने कहा कि आपके गांव में आकर कोई कह दे कि इस गांव में सारे लोग अब 'ये' नहीं 'ये' हो गए हैं, तो क्या आपको ये मंजूर होगा। कांग्रेस सरकार ने कर्नाटक में मुस्लिम समाज के लोग हैं, उच्च वर्ग के, धनी, व्यापारी, उद्यमी, न्यायमूर्ति, कोई भी बस मुसलमान होना चाहिए।

## सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील, तय मात्रा में होगा शिपमेंट

**नई दिल्ली।** भारत सरकार द्वारा सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील दी गई है। सरकार ने देश के तीन बंदरगाहों से सफेद प्याज के विदेशी शिपमेंट को मंजूरी दे दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि सफेद प्याज का निर्यात करने वाले निर्यातक को सामान और सामान की मात्रा को प्रमाणित करने के लिए गुजरात सरकार के बागवानी आयुक्त से प्रमाण पत्र लेना जरूरी होगा। सफेद प्याज के निर्यात के लिए मुंद्रा बंदरगाह, पिपावाव बंदरगाह और न्हावा शेवा (जेएनपीटी) बंदरगाह के नाम तय किए गए हैं।



मोदी को चुनाव आयोग की क्लीन चिट

## पीएम ने देवी-देवताओं के नाम पर नहीं मांगे हैं वोट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनाव आयोग से क्लीन चिट मिल गई है। पीएम मोदी पर आरोप लगा था कि उन्होंने देवी देवताओं के नाम पर वोट मांगने का काम किया। पीलीभीत में रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर और करतारपुर कॉरिडोर का जिक्र किया था। इस बात को लेकर सुप्रीम कोर्ट के वकील ने चुनाव आयोग का रुख किया और पीएम मोदी के खिलाफ एक्शन की मांग की। लेकिन खबर अब ये है कि चुनाव आयोग ने पीएम मोदी को क्लीन चिट दे दी है। आयोग का मानना है कि पीएम मोदी द्वारा आचार संहिता को उल्लंघन नहीं किया गया, वे सिर्फ अपनी सरकार की उपलब्धियां बता रहे थे और उसे धर्म के नाम पर वोट मांगना नहीं कहा जा सकता।



■ वे सिर्फ सरकार की उपलब्धियां बता रहे थे

रात को भोपाल पहुंचे केंद्रीय मंत्री शाह

## शाह की आज अशोकनगर राजगढ़ में चुनावी जनसभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 26 अप्रैल को अशोकनगर एवं राजगढ़ जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह अशोकनगर एवं राजगढ़ में जनसभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय मंत्री शाह ओडिशा के भुवनेश्वर से गुरुवार रात 11:30 बजे भोपाल पहुंचे। स्टेट हैंगर पर सीएम डॉ. मोहन यादव के साथ प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, लोकसभा चुनाव ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ सीएम डॉ. यादव ने स्टेट हैंगर में किया स्वागत

## दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग आज

टीकमगढ़, दमोह, सतना, रीवा, खजुराहो और नर्मदापुरम में सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगी वोटिंग

# मप्र की 'छह सीटों' पर होगा मतदान कोई सात तो कोई चार बार से सांसद

इन 6 सीटों में कुल एक करोड़ 11 लाख 62 हजार 460 मतदाता करेंगे उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला

खजुराहो से वीडी शर्मा मैदान में, यहां भाजपा को वाकओवर जैसी स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश में 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान होगा, जिसमें मप्र की छह लोकसभा सीटें भी शामिल हैं। इन छह लोकसभा सीटों पर कुल 80 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। दूसरे चरण में मप्र की छह सीटों टीकमगढ़, दमोह, सतना, रीवा खजुराहो और नर्मदापुरम लोकसभा क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवार सीधे तौर पर टक्कर में हैं। लेकिन, खजुराहो लोकसभा ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 3 भी



मतदान सामग्री लेकर अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए मतदानकर्मी।

**इन 6 सीटों पर पड़ेंगे वोट**

**टीकमगढ़:** यहां पर भाजपा के डॉक्टर वीरेंद्र कुमार और कांग्रेस के पंकज अहिरवार के बीच मुकाबला माना जा रहा है।

**दमोह :** विधानसभा चुनाव में हार का स्वाद चखने वाले राहुल लोधी को भाजपा ने यहां पर लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। वहीं कांग्रेस ने तरबर सिंह लोधी का सामने रखा है। यहां लोधी और लोधी का मुकाबला है।

**सतना :** इसी सीट पर विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ने भाजपा के चार बार के सांसद गणेश सिंह को मात दी थी। लोकसभा चुनाव में भी भाजपा और कांग्रेस ने उन्हीं उम्मीदवारों ▶▶ शेष पेज 4 पर






# 4 जून को नतीजे महा-रण 2024





खजुराहो में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा की राह दिख रही आसान

सतना में बीएसपी के त्रिपाठी के आने से मुकाबला हुआ त्रिकोणीय

# दूसरे चरण में आज 6 सीटों में से 4 पर कांटे की टक्कर एक पर त्रिकोणीय, एक पर प्रतिशत बढ़ाने की जद्दोजहद

**आनंद सक्सेना. भोपाल।** मप्र में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 6 सीटों पर 80 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला कल होना है। इस बार चुनाव मैदान में 75 पुरुष उम्मीदवारए 4 महिला उम्मीदवार और एक थर्ड जेंडर प्रत्याशी हैं। वर्ष 2019 की तुलना में होशंगाबाद छोड़ कर सभी सीटों पर उम्मीदवारों की संख्या कम हुई है। जबकि टीकमगढ़ में सबसे कम सात प्रत्याशी मैदान में हैं। होशंगाबाद सीट से कांग्रेस प्रत्याशी संजय शर्मा के पास सबसे ज्यादा संपत्ति है। वहीं खजुराहो पर सबकी निगाहें हैं। यहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की राह आसान दिख रही है। क्योंकि इंडिया गठबंधन की सपा प्रत्याशी का नामांकन निरस्त होने से ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के उम्मीदवार आरबी प्रजापति को गठबंधन ने अपना समर्थन दिया है। वह सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं।

## खजुराहो: वीडी का मुकाबला फॉरवर्ड ब्लॉक से

खजुराहो सीट पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला इंडी गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी को दी गई थी, लेकिन सपा उम्मीदवार मीरा यादव का पर्चा रद्द होने से वीडी शर्मा को यह उम्मीद है कि उनके मुकाबले में अब कोई नहीं है। वहीं इंडिया गठबंधन ने ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के उम्मीदवार आरबी प्रजापति को अपना समर्थन दिया है। इसलिए मुकाबला लगभग खत्म ही है। यहां 1999 के लोकसभा चुनाव को छोड़ दें तो 1989 से भाजपा का दबदबा रहा है। खजुराहो में लगभग 19.94 लाख वोटर हैं। इस संसदीय क्षेत्र में शामिल आठ विधानसभा क्षेत्र चंदला, रामनगर, पवई, गुनौर, पन्ना, विजयराघवगढ़, मुड़वारा और बहोरीबंद हैं। इन सभी विधानसभाओं में भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है। इसलिए भी भाजपा आश्वस्त है कि यहां उसका किसी से मुकाबला नहीं है।



विष्णुदत्त शर्मा



आरबी प्रजापति

## टीकमगढ़: भाजपा के सामने चौथी बार चुनौती

टीकमगढ़ सीट पर भाजपा के डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक और कांग्रेस के पंकज अहिरवार के बीच मुकाबला माना जा रहा है। यहां गठबंधन की वजह से सपा ने अपना प्रत्याशी नहीं उतारा, जिससे मुकाबला नजर आ रहा है, जबकि बसपा ने दल्लूराम अहिरवार को टिकट दिया है। यहां सात बार सांसद और दो बार केंद्रीय मंत्री खटीक के सामने कांग्रेस ने ऐसे प्रत्याशी को उतारा है जो अपना पहला चुनाव लड़ रहे हैं। इस क्षेत्र में भले ही पांच लाख के आसपास अहिरवार वोट हों, लेकिन तीन लोकसभा चुनाव से कांग्रेस के अहिरवार कैंडिडेट हार रहे हैं। यह सीट यूपी से सटी हुई है और 2009 में खजुराहो से अलग होकर टीकमगढ़ लोकसभा अस्तित्व में आई और एससी वर्ग के लिए आरक्षित है। 2019 में खटीक ने कांग्रेस की किरण अहिरवार को 3.48 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया था। यहां लगभग 18.17 लाख वोटर हैं।



डॉ. वीरेंद्र खटीक



पंकज अहिरवार

## दमोह: भाजपा के सामने गढ़ बचाने की चुनौती

दमोह लोकसभा सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता रहा है और इस बार उसे अपना गढ़ बचाने की चुनौती है। क्योंकि वर्ष 2019 में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल सांसद थे। उनके विधानसभा चुनाव लड़ने से यह सीट रिक्त हो गई और यहां से भाजपा ने पूर्व विधायक राहुल लोधी और कांग्रेस ने पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी को चुनावी मैदान में उतारा है। यह दोनों ही एक-एक बार विधायक रह चुके हैं। इस सीट को कभी कांग्रेस का गढ़ माना जाता था, लेकिन 1989 से भाजपा ने यहां से अपनी जीत का क्रम शुरू किया और तब से यह जारी है। यहां लगभग 19.1 लाख वोटर हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा सीट दमोह, हटा, जबेरा, पथरिया, बड़ा मलहरा, देवरी, रहली बंडा हैं। इनमें से एक पर कांग्रेस और शेष सात सीटों पर भाजपा का कब्जा है। लोधी बाहुल सीट और भाजपा उम्मीदवार बदलने से समीकरण अलग हो गए हैं।



राहुल लोधी



तरवर सिंह लोधी

## सतना: बसपा ने कर दिया मुकाबला रोचक

सतना लोकसभा सीट पर इस बार दिलचस्प मुकाबला है। भाजपा व कांग्रेस के अलावा बीएसपी प्रत्याशी नारायण त्रिपाठी के उतरने से सतना का मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। भाजपा ने चार बार के सांसद गणेश सिंह को मैदान में उतारा है। जबकि कांग्रेस ने सतना विधानसभा के मौजूदा विधायक पर भरोसा जताया है। इस सीट पर विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी सिद्धार्थ कुशवाह ने भाजपा के चार बार के सांसद गणेश सिंह को मात दी थी। लोकसभा चुनाव में भी भाजपा और कांग्रेस ने उन्हीं उम्मीदवारों पर दांव लगाया है, जिनको विधानसभा चुनाव में उतारा गया था। पिछड़ा वर्ग के दोनों प्रमुख उम्मीदवारों के बीच बसपा ने ब्राह्मण उम्मीदवार पर भरोसा जताया। ऐसे में नारायण त्रिपाठी के आ जाने से मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। यहां लगभग 16.98 लाख मतदाता हैं।



गणेश सिंह



सिद्धार्थ कुशवाह

## रीवा: भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर

इस लोकसभा सीट पर मिश्रा बनाम मिश्रा का मुकाबला है। यहां भाजपा ने जनार्दन मिश्रा को दूसरी बार टिकट, जबकि भाजपा से विधायक रहीं नीलम अभय मिश्रा को कांग्रेस ने लोकसभा के मैदान में उतारा है। साल 2018 में नीलम मिश्रा कांग्रेस में शामिल हो गई थीं। यहां लगभग 18.45 लाख वोटर हैं। रीवा लोकसभा में आठ विधानसभा क्षेत्र रीवा सेमरिया, सिरमौर, मनगवां, त्योंथर, मऊगंज और देवतालाब हैं। इनमें से सिर्फ एक सीट पर कांग्रेस और 7 पर भाजपा का कब्जा है। रीवा लोकसभा सीट पर सबकी निगाहें हैं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि इस सीट पर भाजपा को मन मुताबिक फीडबैक नहीं मिला है। यही कारण है कि इस सीट पर भाजपा पूरा जोर लगा रही है। नीलम मिश्रा के भाजपा से कांग्रेस में जाने से मतदाताओं ने पाला नहीं बदला है, लेकिन प्रचार में मतदाता पूरी तरह से मौन रहे, इसलिए अभी यह कहना ठीक नहीं है कि वो पूरी तरह से भाजपा को ही वोट देंगे।



जनार्दन मिश्रा



नीलम अभय मिश्रा

## होशंगाबाद: इस सीट पर भी गढ़ बचाने का संघर्ष

इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने इस बार किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी को तो कांग्रेस ने पूर्व विधायक संजय शर्मा को चुनावी मैदान में उतारा है। संजय शर्मा लंबे समय तक भारतीय जनता पार्टी के सदस्य रहे हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी के उदय प्रताप सिंह तीन बार यहां से सांसद रहे और इस समय प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। वैसे होशंगाबाद लोकसभा सीट को भारतीय जनता पार्टी के गढ़ की नजर से देखा जा रहा है, लेकिन इस लोकसभा के ब्राह्मण बाहुल्य सीट होने से यहां मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। जबकि इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधानसभा की सभी सीटों पर भी भारतीय जनता पार्टी का ही कब्जा है। इस बार देखना यह होगा कि इस सीट पर कौन भारी पड़ता है। इस सीट पर कुल मतदाता 18.50 लाख हैं। इसमें 9.55 लाख पुरुष और 8.94 लाख महिला वोटर हैं।



दर्शन सिंह चौधरी



संजय शर्मा

---

जैसा मैंने देखा

## चुनाव...

### 17 बार के चुनाव में से 2019 में चुनी गई सबसे अधिक 78 महिला सांसद



प्रलय श्रीवास्तव
अपर संचालक, जनसंपर्क मप्र शासन

भारतीय राजनीति में आधी आबादी अर्थात महिलाओं का सितारा बुलंदी पर है। लोकसभा निर्वाचन से लेकर ग्राम पंचायत, नगर परिषद के चुनाव में भी महिलाएं अब बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने लगी हैं। सरकारी नौकरियों से लेकर निजी मल्टी नेशनल कम्पनियों में महिलाएं की संख्या तेजी से बढ़ी है। अनेक मल्टी नेशनल कम्पनी की प्रमुख अब महिलाएं ही है। देश ने महिला राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तथा लोकसभा स्पीकर भी देखे हैं, जिनका कार्यकाल बेहद सफलता भरा रहा है। वहीं लोकसभा में महिला सांसदों के प्रतिनिधित्व की तो पहली लोकसभा 1952 से लेकर 17वीं लोकसभा साल 2019 तक तो हम पायेंगे कि महिला सांसदों की संख्या एक-दो लोकसभा चुनाव को छोड़कर क्रमशः बढ़ती ही गई है। लेकिन फिर भी औसतन 6.9 फीसदी महिलाएं ही लोकसभा पहुँच पाती हैं। वर्ष 1952 के पहले आम चुनाव के बाद अब तक सबसे अधिक 78 महिलाएं साल 2019 के लोकसभा चुनाव में चुनकर लोकसभा पहुंची हैं। जबकि 724 महिलाओं ने चुनाव लड़ा था। इस प्रकार उनकी जीत का प्रतिशत 10.77 तथा सदन में महिला सांसदों का प्रतिशत 14.36 रहा, जो पिछले 70 साल में सर्वाधिक है। इस प्रकार वर्ष 2019 के आम निर्वाचन में चुनाव लड़ने वाली महिलाओं की संख्या भी सर्वाधिक रही है। महिला सांसदों का सबसे कम प्रतिनिधित्व वर्ष 1977 में छठवीं लोकसभा में 19 रहा है। तब 3.5 % महिलाएं ही लोकसभा पहुंच पाई थी। तब विपक्षी दलों के गठबंधन की जनता पार्टी की सरकार बनी थी। पहला आम चुनाव सन 1952 में हुआ था। इस चुनाव में 43 महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरी थीं, जिनमें से 22 अर्थात 51.16% महिलाओं ने जीत का परचम लहराया था। तब संसद में उनकी भागीदारी 4.50% रही थी। 11वीं लोकसभा के लिए साल 1996 में हुए निर्वाचन में महिला सांसदों के जीत का प्रतिशत 6.68 सबसे कम कहा जा सकता है।

## चाय पे चर्चा

### प्रत्याशी जीत तय करने बढ़ा रहे मेलजोल पर मतदाता का रुख अभी समझ से दूर

अशोका गार्डन क्षेत्र स्थित सेठी कॉलोनी में शुक्ला कॉफी एंड टी स्टाल पर राजधानीवासियों के बीच चला चुनावी चर्चाओं का दौर



राजधानी में इन दिनों लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चाएं जारी हैं। हर गली मोहल्ले में जारी चर्चाओं का रुख प्रत्याशियों के प्रचार के बाद भले ही बदला हुआ दिख रहा हो, लेकिन असल में वोटर का सही रुख किसी के भी समझ में नहीं आ रहा है।
लोगों के बीच जिस राजनैतिक पार्टी का जो प्रत्याशी पहुंचता है, लोग उसे वोट देने की बात तो कह देते हैं, लेकिन हकीकत में बटन किस पार्टी का दबाया जाएगा, यह अभी तय नहीं दिखाई दे रहा है। ऐसी ही एक चर्चा में शहर के अशोका गार्डन क्षेत्र स्थित सेठी कॉलोनी में शुक्ला कॉफी एंड टी स्टॉल हाउस पर चुनावी चर्चाओं का दौर चला। यहां चाय की चुस्कियों के साथ जय केसरवानी, प्रकाश सोनी, मनीष मीना आदि का कहना है कि हर पार्टी का उम्मीदवार अपनी जीत के लिए लोगों से संपर्क कर मेलजोल बढ़ा रहे हैं। अपने स्तर पर प्रचार कर रहा है, लेकिन वोटर का रुख अभी समझ से दूर है। भले ही लोग सभी आने वाले या मिलने वाले को जिताने की बात कह रहे हों, लेकिन इसका फैसला वोटर ईवीएम पर पहुंच कर ही करने वाला लगता है। बीते कई दिनों से प्रमुख राजनैतिक पार्टियां भाजपा, कांग्रेस के अलावा अन्य दलों के लोग भी अब जनता में मिलते उठते बैठते दिखाई दे रहे हैं, लेकिन नतीजा किसके पक्ष में आएगा, यह वोटर ही तय करेगा।

### हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने हर लाभार्थी से संपर्क करें: जामवाल

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने खरगोन जिले के बड़वाह और बुरहानपुर जिले की बुरहानपुर विधानसभा की प्रबंधन समिति एवं कोर ग्रुप की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हर बूथ पर 370 नए मतदाता पार्टी से जोड़ने के लिए हर लाभार्थी से संपर्क करना है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बीते दस वर्षों में किए गए गरीब कल्याण, विकास, सुशासन के कार्यों को जनता को बताएं।

## फर्स्ट टाइम वोटर

### जब तक युवा जागरूक नहीं होंगे तब तक समाज नहीं

जो पार्टी व उम्मीदवार देश व युवाओं का विकास के लिए काम करेंगे उसके पक्ष में वोट डालूंगा।



साथ ही सभी उम्मीदवार व पार्टी को परखने के बाद वोट करूंगा। लोगों को साफ छवि के व्यक्ति के पक्ष में अपना वोट करना चाहिए। हम युवा जब तक जागरूक नहीं होंगे तब तक समाज नहीं जागेगा।

**शरद सोनी**, युवा मतदाता

### वोट जरूर डालना है, किस पर देना है, आपस में होती है बातचीत...

मतदान को लेकर आज का युवा पहले की अपेक्षा अधिक जागरूक होगा, सबसे पहले मतदान अवश्य करना है।



किस पार्टी व उम्मीदवार को वोट देना है। इसको लेकर कॉलेज से लेकर सोशल मीडिया में खुलकर बातचीत होती है। 15 से 20 साल पहले तक कई के समय पर वोटर आईडी कार्ड तक नहीं बन पाते थे। मेरा कार्ड भी बन गया, मैं पहली बार वोट करने को लेकर काफी उत्साहित हूं।

**गौरवी, श्रीवास्तव**, युवा मतदाता

## इस लोकसभा चुनाव में प्रदेश के हर कार्यकर्ता को नरेन्द्र मोदी बनकर मैदान में उतरना होगा: रामेश्वर

### लोकसभा चुनाव को लेकर हुजूर विधायक शर्मा ने लीं मैराथन बैठकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



लोकसभा चुनाव की तारीखों के नजदीक आते हुए प्रदेश भर में चुनावी कैंपेन गति पकड़ता जा रहा है। भोपाल की हुजूर विधानसभा में भी लोकसभा चुनाव को लेकर कैंपेनिंग तेज हो गई है। विधायक रामेश्वर शर्मा लगातार क्षेत्र में मंडल, शक्ति केन्द्र और बूथ स्थर की बैठकें कर कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने नीलबड़, रातीबड़, सिकंदराबाद, खजूरी, टीलाखेड़ी, फंदा आदि स्थानों पर विभिन्न बूथों की एक के बाद एक मैराथन बैठकें कर कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

गौरतलब है कि भोपाल भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा 27 अप्रैल को हुजूर विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क करेंगे। भाजपा प्रत्याशी के जनसंपर्क को लेकर रूट प्लानिंग एवं अन्य व्यवस्था वितरण को लेकर भी विधायक शर्मा ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए।

पूर्व सीएम ने अटारी खेजड़ा से किया जन-आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ

## कांग्रेस के लिए राहु-केतु बने हैं गुरु पित्रोदा और शिष्य राहुल, कुंडली में बैठे: चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को विदिशा संसदीय क्षेत्र की गंजबासौदा विधानसभा के ग्राम मानोरा से जन-आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया और जगदीश स्वामी मंदिर में दर्शन-पूजन की। वहीं पूर्व सीएम ने बासौदा विधानसभा के कई गांवों में पहुंचकर जनसंपर्क और नुक्कड़ सभाएं कर आमजन से संवाद किया। साथ ही गंजबासौदा में रोड-शो किया। इस दौरान चौहान ने कहा कि, हम राजनीति में केवल दो ही उद्देश्यों से हैं। पहला देश की सेवा और दूसरा जनता की सेवा। मैं आपकी जिंदगी बेहतर बनाने में अपनी अंतिम सांस तक लगा दूंगा, किसी पद की ख्वाहिश नहीं है।



### कांग्रेस की बुद्धि पर मंथरा बैठी

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, राहुल के राजनैतिक गुरु कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा कह रहे हैं कि, अमेरिका में एक कानून बना है, जिसके तहत आपके मरने के बाद आपकी अर्जित की हुई सम्पत्ति का 55 प्रतिशत हिस्सा सरकार के खाते में चला जाएगा। ये पता नहीं कहां की सोच है। कांग्रेस की बुद्धि पर मंथरा बैठ गई है, उलटे-सीधे फैसले कर रहे हैं। राहु-केतु दोनों ही कांग्रेस की कुंडली में बैठ गए हैं।

सीएम ने ली चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक, अधिक से अधिक मतदान की अपील

## पीएम व केंद्रीय नेतृत्व के दौरे से मोदीमय हो गया पूरा मप्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कल 26 अप्रैल को 6 लोकसभा सीटों पर होने वाले मतदान को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरूवार देर महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी उपस्थित रहे। उन्होने अधिक से अधिक मतदान कराने और बेहतर व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई है।
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक के बाद मीडिया को बाइट देते हुए कहा कि 26 अप्रैल को मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव का मतदान होने के बाद प्रदेश में लोकसभा के दो चरण का चुनाव और बचेगा। अधिक से अधिक संख्या में लोगों को मतदान करने की अपील करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चुनाव पुनीत पावन कार्य है। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव 5 वर्ष बाद होते हैं।



गौरतलब है कि कल 26 अप्रैल को मध्यप्रदेश के 6 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होने जा रहा है। इस दौरान पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा सिंह, प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कांग्रेस मुक्त होने की राह पर बढ़ा कटनी : विष्णुदत्त



**भोपाल।** कटनी में गुरुवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष, युवक कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता, प्रदेश सचिव, जिला महामंत्री सहित 100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। इन नेताओं को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने सदस्यता दिलाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और नेतृत्व से प्रभावित होकर कांग्रेस के जिन नेताओं ने आज भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है, उन सभी का मैं भाजपा परिवार में स्वागत करता हूं। इतनी बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं के भाजपा में शामिल होने के बाद कटनी कांग्रेस में कुछ बचा नहीं है और कटनी ने कांग्रेस मुक्त होने की ओर तेजी से कदम बढ़ा दिए हैं। भाजपा की सदस्यता लेने वालों में कटनी कांग्रेस जिला अध्यक्ष विक्रम खम्परिया, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष व उद्योगपति रौनक खंडेलवाल, मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता एवं कटनी महापौर प्रत्याशी श्रेया खण्डेलवाल, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अंकित सिंघानिया सहित 100 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हैं।

भोपाल
शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष-02
वर्ष : 11, अंक : 32
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **
मौसम
अधि. 39
न्यून. 26

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

बड़ी खबर! बीसीसीआई जल्द लेने जा रहा बड़ा फैसला, अब ये खिलाड़ी होंगे मालामाल

# रणजी ट्रॉफी के 10 मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को 75 लाख से 1 करोड़ रुपए तक सालाना सैलरी देगा बोर्ड

## फिलहाल, घरेलू क्रिकेट में अनुभव के आधार पर दी जाती है सैलरी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आईपीएल दुनिया की सबसे अमीर क्रिकेट लीग है। इस लीग में खेलने वाले खिलाड़ी को बड़ी रकम मिलती है। इसी बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड जल्द ही घरेलू क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा फैसला लेने जा रहा है। बीसीसीआई आईपीएल में न खेलने वाले खिलाड़ियों को लेकर खास तरह के प्लान पर विचार हो रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड घरेलू क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। घरेलू खिलाड़ियों की सैलरी में जल्द ही बढ़ोतरी हो सकती है। अजित अगरकर की सिलेक्शन कमेटी को इसको लागू करने के बारे में सुझाव देने का काम सौंपा गया है। बीसीसीआई का मानना है कि घरेलू क्रिकेटरों की फीस कम से कम दोगुनी होनी चाहिए। बोर्ड रणजी ट्रॉफी के 10 मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को 75 लाख रुपए से 1 करोड़ रुपए तक सालाना सैलरी के रूप में दे सकता है।

अजित अगरकर की सिलेक्शन कमेटी को इसको लागू करने के बारे में सुझाव देने का काम सौंपा गया

### अभी कितनी है घरेलू खिलाड़ियों की सैलरी?

फिलहाल घरेलू क्रिकेट में अनुभव के आधार पर सैलरी दी जाती है। बीसीसीआई 40 से ज्यादा रणजी खेल खेलने वाले खिलाड़ी को प्रति दिन 60,000 रुपए, 21 से 40 खेल खेलने वालों को 50,000 रुपए और 20 मैचों में खेलने वालों को 40,000 रुपए का भुगतान करता है। भुगतान के इस पैमाने पर, अगर एक सीनियर क्रिकेटर की टीम फाइनल में पहुंचती है तो उसे ▶▶ शेष पेज 4 पर



### रेड बॉल क्रिकेट को बढ़ावा देना चाहता है बीसीसीआई

बोर्ड रेड बॉल क्रिकेट को बढ़ावा देने पर काम कर रहा है। बोर्ड ने हाल ही में रेड बॉल क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए टेस्ट क्रिकेट में इंसेंटिव स्कीम शुरू की है। इसके तहत साल में 75% से ज्यादा टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों की मैच फीस 300% तक बढ़ जाएगी। वहीं, बोर्ड ने हाल ही में सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### हरियाणा के सिरसा में 3.2 तीव्रता का भूकंप

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सिरसा जिले और उसके आसपास के इलाकों में गुरुवार शाम को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.2 तीव्रता मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि भूकंप के यह झटके शाम 6.10 बजे महसूस किए गए और इसका केंद्र सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।




### तमन्ना भाटिया को महाराष्ट्र साइबर सेल ने किया तलब

**मुंबई।** एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को 2023 में हुए आईपीएल की अवैध स्ट्रीमिंग से जुड़े मामले में समन किया गया है। तमन्ना को महाराष्ट्र साइबर सेल ने पूछताछ के लिए 29 अप्रैल को पेश होने का आदेश दिया है। आईपीएल 2023 की फेयरप्ले ऐप पर अवैध स्ट्रीमिंग हुई थी, जिससे करोड़ों का नुकसान हुआ। तमन्ना ने कथित तौर पर इस ऐप को प्रमोट किया था।



### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए 2 की मौत

**मुरैना।** रामनगर, बड़ोखर स्थित बिजली घर के पास एक घर में गृहप्रवेश का कार्यक्रम चल रहा था। उसी समय हल्की आंधी आई तो सड़क पर लगा टैंट हवा में उड़ने लगा। उसे बचाने दो लोगों ने टैंट को पकड़ लिया। टैंट का एक पोल सड़क के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन के चपेट में आ गया। इसमें करंट उतरने से दो की मौत हो गई। साथ हो दो अन्य घायल हो गए।



### सेंसेक्स 486 अंक चढ़ा निफ्टी 22550 के पार

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को शुरुआती झटकों के बाजवूद दमदार क्लोजिंग हुई। लगातार पांचवें दिन घरेलू बेंचमार्क इंडेक्स हरे निशान पर बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 486.50 अंकों की बढ़त के साथ 74,339.44 के स्तर पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 167.95 अंक मजबूत होकर 22,570.35 पर बंद हुआ।



इंदौर-झाबुआ में सीएम डॉ. यादव ने कहा-कांग्रेस देश के गरीबों, पिछड़ों, दलितों की कमाई को हड़पना चाहती है

राहुल गांधी को विरासत टैक्स के मुद्दे पर देश से माफी मांगनी चाहिए

# मोदी की 'आंधी' में धराशायी हो जाएगा घमंडिया गठबंधन

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अब तक अपने लिए घर तक नहीं बनवाया, लेकिन उन्होंने देश के 4 करोड़ से अधिक गरीबों को उनका आशियाना बनवाकर दिया।*




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस पार्टी भारत में चुनाव लड़ती है, लेकिन बात अमेरिका के कानून की करती है। कांग्रेस अमेरिका की बात करती है, तो चुनाव भी अमेरिका में ही जाकर लड़े। कांग्रेस हमारे देश के गरीबी, दलितों, मध्यमवर्गीय परिवार सहित हम सबकी कमाई को हड़पना चाहती है।

हम सभी जानते हैं कि एक तरफ देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिन-रात अथक परिश्रम कर रहे हैं। दूसरी तरफ विपक्ष एक के बाद एक नादानियां करते जा रहा है। एक्स-रे कराकर संपत्ति के बांटने का षड़यंत्र चला रहे हैं। कांग्रेस बहुत ▶▶ शेष पेज 4 पर

मुख्यमंत्री यादव ने इंदौर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी एवं झाबुआ-रतलाम लोकसभा सीट से प्रत्याशी अनीता चौहान के साथ रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर उनका नामांकन दाखिल कराया।




## राहुल गांधी को कोई गंभीरता से भी नहीं लेता

मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि राहुल गांधी जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं वह लोकतंत्र को अपमानित करती है। उनकी इसी भाषा के कारण उनको कोई गंभीरता से भी नहीं लेता है। अगर वे विरासत के टैक्स की बात करते हैं तो पहले विरासत का टैक्स नेहरू परिवार पर लगना चाहिए था। नेहरू परिवार की विरासत इंदिरा गांधी के पास आई। इंदिरा गांधी की विरासत उनके बेटे ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हमें गर्व है कि हम भगवा संस्कृति के लोग हैं

यादव ने कहा कि अगर हमारे देश के अंदर भगवा लहरा रहा है, तो हमने किसका नुकसान कर दिया। हमें इस बात का गर्व है कि हम भगवा संस्कृति के लोग हैं, क्योंकि भगवा त्याग, वैराग्य, हमारी आस्था और सूर्य संस्कृति से जोड़ने वाला रंग है। किसी को भगवा से आपत्ति हो सकती हो, लेकिन कांग्रेस हमेशा से हिंदू-मुस्लिम की बात करती रही और उनके बीच में हमेशा से फूट डालती रही। ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

### कांग्रेस गरीबी हटाने का नारा देती रही लेकिन हटा नहीं पाई

*यादव ने कहा कि कांग्रेस ने देश की आजादी से लेकर वर्षों तक इस देश की सत्ता चलाई। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी से लेकर अब तक कांग्रेस सिर्फ गरीबी हटाने का नारा देती रही, लेकिन ये देश से गरीबी कभी नहीं हटा पाए। गरीबों को इन्होंने सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के लिए उपयोग किया। अब फिर से देश के लोगों को गरीबी हटाने का झांसा दे रहे हैं, लेकिन अब जनता को इनके झांसे में नहीं आना है।*

### इंदौर ने प्रदेश को सम्मान दिलाया, कांग्रेस ने किया अपमान

*यादव ने कहा कि प्रदेश के जिस शहर इंदौर ने मप्र को सम्मान दिलाया है उस इंदौर शहर को भी कांग्रेस ने नहीं छोड़ा। उसका भी अपमान करने का काम कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस ने स्वच्छता अवार्ड पर अंगुली उठाकर संपूर्ण इंदौर की जनता का अपमान किया है। इंदौर और पूरा प्रदेश इस बात से नाराज है और यह अपमान हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।*

जबलपुर में स्क्रैपिंग यार्ड में जबरदस्त धमाका



# धमाके से छत उड़ी, 3-4 मजदूरों के दबे होने आशंका, पांच किमी का क्षेत्र दहला

हादसे के बाद पुलिस के आला अधिकारियों सहित जिला प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची। कहा जा रहा है कि 10 लोग कार्यरत थे, जिसमें दो लोग नहीं मिल रहे। दो लोग गिरफ्तार किए गए।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जबलपुर अधारताल थाना क्षेत्र अंतर्गत खजरी खिरिया बायपास में हुए धमाके में लगभग 3-4 लोगों के मौत की आशंका है। लगभग 5 किलोमीटर इस धमाके की आवाज सुनी गई तथा इसके झटके महसूस किए गए।

दरअसल, खजरी खिरिया बायपास के पास मोहम्मद शमीम कबाड़ी का रजा मेटल के नाम से फैक्ट्री संचालित हो रही थी, इस फैक्ट्री में ही व्हीकल स्क्रैपिंग यार्ड बना हुआ है। वैसे तो यार्ड में व्हीकल स्क्रैपिंग होना थी परंतु उसकी आड़ में आयुध निर्माणियों का स्क्रेप भी भारी संख्या में रखा हुआ था। कहा जा रहा है कि इसी स्क्रैप को खोलने में इतना बड़ा धमाका हुआ है जिसमें वहां पर कार्यरत मजदूरों को अपनी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री ने जताया दुख दिए जांच के आदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर लिखा कि जबलपुर के खजूरी खिरिया गांव के पास एक फैक्ट्री में हुई ब्लास्ट की घटना अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। घटना की सूचना मिलते ही मैंने कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों से बात कर विस्तार से जानकारी ली है। घटना स्थल पर स्थानीय बीडीएस की टीम के साथ ही आर्मी और खमरिया ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के सुरक्षा अधिकारियों के सहयोग से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था की गई है। मैंने इस घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

छिंदवाड़ा के अफसर को बनाया निशाना

## सीबीआई के नाम पर 1.30 लाख की ठगी, बेटे को पकड़ने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा से ठगी का अलग ही मामला सामने आया है। सर्वशिक्षा अभियान से जुड़े जिले के सबसे बड़े अधिकारी ने फर्जी सीबीआई के फोन पर सवा लाख रुपए डाल दिए और कोई इंक्वारी भी नहीं की।

बाद में जब ठगी का अहसास हुआ तो इसकी शिकायत साइबर सेल से की गई है। मामला छिंदवाड़ा डीपीसी इरपाची से जुड़ा हुआ है। जिला परियोजना समन्वयक



इरपची का बेटा इंदौर में रहता है। तीन-चार दिन पहले डीपीसी के पास एक फोन आया और कहा गया कि मैं सीबीआई से बोल रहा हूं आपके बेटे को पकड़ा है और आप रुपए भेजिए। इसके बाद डीपीसी ने 80 हजार रुपए ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीजेआई चंद्रचूड़ ने की घोषणा

## वकीलों को अब वॉटसएप पर मिलेगी मुकदमों की जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट वॉटसएप संदेशों के माध्यम से अधिवक्ताओं को वाद सूची और मामलों को दाखिल करने और सूचीबद्ध करने से संबंधित जानकारी साझा करना शुरू करेगा। प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने याचिकाओं से उत्पन्न एक जटिल कानूनी सवाल पर सुनवाई शुरू




करने से पहले न्यायमूर्ति चंड्रचूड़ ने यह घोषणा की। सीजेआई ने कहा कि अब अधिवक्ताओं को मुकदमा दाखिल करने के बारे में ऑटोमेटेड संदेश प्राप्त होंगे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि वाद सूची के प्रकाशित होने के बाद बार सदस्यों को उनके ▶▶ शेष पेज 4 पर

रेस्क्यू कर 45 लोगों की जान बचाई गई

## पटना स्टेशन के पास के होटल में सिलेंडर फटने से आग, 6 की मौत

*बिल्डिंग में फंसे कुछ लोगों को जब निकाला गया था तो वो उस वक्त बेहोश हो गए थे*

एजेंसी ▶▶ पटना

पटना में गुरुवार को हुए भीषण अग्निकांड में छह लोगों की मौत हो गई वहीं 7 लोग अभी भी गंभीर रूप से जख्मी हैं जिनका इलाज पटना के अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है। मृतकों में तीन महिला और तीन पुरुष शामिल हैं।

पटना स्टेशन के करीब पाल होटल सह रेस्टोरेंट में आग लगने की वजह सिलेंडर फटना बताया जा रहा है। पुलिस के ▶▶ शेष पेज 4 पर




### फटा सिलेंडर पहले से ही लीक था

होटल स्टाफ के एक व्यक्ति ने कहा कि होटल में गैस सिलेंडर में आग लगी। चाउमीन व दूसरे फास्ट फूड बनाने के लिए नया सिलेंडर बदलने के लिए लाया गया था। यह पहले से ही लीक था। तब ही पहले से जल रही आग उसमें भी लग गई। इसके बाद स्टाफ ने आग बुझाने के लिए अपने स्तर पर कोशिश ▶▶ शेष पेज 4 पर

इछावर व बुरहानपुर में उठाया 'गलत कदम'

## परीक्षा को ही जिंदगी का असली इम्तिहान समझकर दो बच्चों ने मौत को लगाया गले

परिणाम आने के बाद अब तक तीन बच्चों ने खुदकुशी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इछावर/बुरहानपुर

क्या ये परीक्षाएं और उनके परिणाम ही जिंदगी के असल इम्तिहान हैं? क्या यहां फेल तो जिंदगी में भी फेल? ऐसा मानने वाले दो और बच्चों ने गलत कदम उठा लिया और जिंदगी से मुंह मोड़ लिया। पहली घटना इछावर से तो दूसरी बुरहानपुर से। इछावर के वार्ड नंबर 12 में ▶▶ शेष पेज 4 पर





### गणित में सप्लीमेंट्री तो छात्र ने लगाई फांसी

बुरहानपुर की निजी स्कूल के 12वीं के 18 वर्षीय छात्र रितेश को मैथेमेटिक्स विषय में सप्लीमेंट्री आई। बुधवार रात उसने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह जिला अस्पताल में उसका पोस्टमार्टम हुआ। रितेश के परिजन बात करने की स्थिति में नहीं थे। उनके रिश्तेदार ने बताया कि सप्लाईमेंटी आने से वह दुखी था।

अरुणाचल प्रदेश में बारिश और लैंडस्लाइड से भारी तबाही, दिबांग वैली जिले में भारी नुकसान

राज्य सरकार ने हाईवे को नुकसान होने के बाद एक एडवाइजरी जारी की है और लोगों से तीन दिन तक यहां से न गुजरने की सलाह दी है

नेशनल हाईवेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड की टीम पहुंची ताकि हाईवे जल्द से जल्द दोबारा शुरू हो सके

## चीनी सीमा को जोड़ने वाला हाईवे ही बह गया 3 दिन में कनेक्टिविटी बहाल करने की कोशिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश में भूस्खलन हुआ है। तूफान और बारिश की वजह से से राज्य का दिबांग वैली जिला पूरी तरह से अलग-थलग पड़ गया है। इसमें नेशनल हाइवे 33 का हिस्सा बह गया है।

यह जिला शेष भारत को इस हाईवे के माध्यम से जोड़ता था। ऐसे में अब चीन सीमा से सटे जिले को लेकर चिंता बढ़ रही है। दिबांग घाटी चीन से सटा हुआ इलाका है और रणनीतिक रूप से भी काफी महत्व रखता है। अथॉरिटीज का कहना है कि हाईवे के टूट जाने की वजह से ▶▶ शेष पेज 4 पर



### सीएम खांडू ने पीएमओ को भी किया टैग

राज्य सरकार ने हाईवे को नुकसान होने के बाद एक एडवाइजरी जारी की है और लोगों से तीन दिन तक यहां से न गुजरने की सलाह दी है। अथॉरिटीज का कहना है कि हाईवे को सही करने में कुछ दिन का समय लग सकता है। वहीं, राज्य के सीएम पेमा खांडू ने एक्स पर एक वीडियो शेयर कर लिखा कि हुनली और अनिनी के बीच हाईवे को हुए नुकसान की ▶▶ शेष पेज 4 पर

# पहल: राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, भोज विवि के साथ करेगा शिक्षा का प्रसार

## विवि में प्रभात तिवारी निदेशक, राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड और भोज मुक्त विवि के बीच हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में गुरुवार को राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड और मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के बीच विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए सामंजस्य स्थापित करने का निर्णय लिया है। दोनों ही संस्थाओं ने तय किया है कि बहुत जल्द दोनों के बीच एमओयू किया जाएगा। जिसके बाद मध्य प्रदेश भोज मुक्त विवि एवं राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से पूरे प्रदेश के विद्यार्थियों को छोटे बड़े प्रकार के डिप्लोमा और डिग्री उपलब्ध कराकर विद्यार्थियों को भविष्य सुनिश्चित करने में सहायक होंगे। बैठक के मुख्य अतिथि प्रभात तिवारी, निदेशक, राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड अपने बोर्ड के सदस्यों के साथ विवि में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मध्य प्रदेश भोज मुक्त विवि के कुलपति प्रो. संजय तिवारी ने की। प्रभात तिवारी, निदेशक, राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड ने भोज विवि के उपस्थित अधिकारियों, प्राध्यापकों को डिजिटल प्रेजेंटेशन दिया। इसमें उनके द्वारा चलाई जा रही ओपन स्कूलों से जुड़ी योजनाओं से अवगत कराया।



### यह तीन योजनाएं हैं महत्वपूर्ण

प्रभात तिवारी ने बताया कि मध्य प्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड वर्तमान में तीन योजनाएं चल रहा है। जिसमें पहली योजना है- रुक जाना नहीं, इस योजना के तहत बोर्ड विद्यार्थियों को 10वीं एवं 12वीं कक्षा को आसानी से उत्तीण करने में मदद करता है। दूसरी योजना है- आ लौट चलें जिसमें वे विद्यार्थी शामिल किए जाते हैं जो विद्यालय छोड़ चुके होते हैं, उनको 10वीं एवं 12वीं की शिक्षा उपलब्ध कराता है। तीसरी योजना है- सबके लिए शिक्षा, बोर्ड द्वारा संचालित की जा रही इस योजना में हर वर्ग को शिक्षा से जोडने की नीतियां शामिल हैं। तिवारी ने बताया कि बोर्ड की अपनी एक सूचना तकनीकी से सुसज्जित बस वर्ल्ड ऑन व्हील भी है। जो पूरे मध्य प्रदेश में विद्यार्थियों को शिक्षा के संबंध में अवगत कराती है। इसी प्रकार बोर्ड द्वारा आईटीआई के समकक्ष एग्जाम का भी संचालन किया जा रहा है।

### बोर्ड ने 53 स्कूल गोद लिए

तिवारी ने बताया कि ओपन स्कूल बोर्ड ने पूरे मध्य प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग के 53 स्कूल गोद लिए हैं। इन विद्यालयों में शिक्षकों को वेतन शासन प्रदान करता है, किन्तु अधोसंरचना के लिए मध्य प्रदेश राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड पूरी मदद करता है।

### विद्यार्थियों के लिए डिप्लोमा कार्यक्रम शुरू होंगे

भोज विवि में हुई बैठक में विवि की निर्देशिका प्रो. अनीता कौशल द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से विवि की गतिविधियों से अवगत कराया गया। साथ ही मध्य प्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के डायरेक्टर प्रभात तिवारी के साथ में स्किल डेवलपमेंट के प्रोग्राम के संबंध में चर्चा की गई। बैठक के अंत में यह सुनिश्चित किया गया कि मध्य प्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड एवं मध्य प्रदेश भोज मुक्त विवि एक साथ मिलकर विद्यार्थियों के लिए डिप्लोमा कार्यक्रम शुरू करेंगे। दोनों संस्थाएं एक दूसरे को मदद करेंगी। बैठक में आभार प्रदर्शन प्रो रतन सूर्यवंशी ने माना।

## खबर संक्षेप



### मलेरिया से बचना है तो सफाई का रखें ख्याल

**भोपाल।** मलेरिया दिवस के अवसर पर एम्स द्वारा साई बाबा नगर स्थित सेंट जोसफ को-एड स्कूल और सेवन हिल्स पब्लिक स्कूल के छात्रों के लिए पेंटिंग और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एम्स डायरेक्टर ने छात्रों को बताया कि यदि आस-पास साफ सफाई रखेंगे, गंदगी को नहीं पनपने देंगे तो मलेरिया के मच्छर भी नहीं पैदा होंगे और जब मच्छर ही नहीं होंगे तो मलेरिया कैसे पनपेगा। इसलिए हमें अपने आस-पास साफ सफाई रखना चाहिए। यदि किसी को बुखार हो जाता है तो उसकी तुरंत जांच कराएं और इलाज में बिल्कुल भी लापरवाही ना बरते। कार्यक्रम का आयोजन जिला मलेरिया कार्यालय के सहयोग से किया गया। इन कार्यक्रमों में बच्चों की विशेष भागीदारी रही। एम्स के ट्रेनीज और नर्सिंग छात्रों द्वारा पोस्टर और फ्लैश कार्ड के दृश्यों से स्वास्थ्य शिक्षा सत्र आयोजित किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। मलेरिया दिवस का विषय है अधिक न्याय संगत दुनिया के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई तेज करना।

### गैस एजेंसी के कर्मचारी की ट्रेन से कटकर मौत

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर ब्रिज के पास रेलवे ट्रेक पर गुरुवार सुबह गैस एजेंसी के एजेंट की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। अनुमान लगाया जा रहा है कि उन्होंने ट्रेन से कटकर आत्महत्या की है। देर रात वह थोड़ी देर में आने का कहकर घर से निकले थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि चंदन नगर भानपुर निवासी संतोष शर्मा पुत्र देवी प्रसाद शर्मा (48) गैस सिलेंडर की एजेंसी में एजेंट थे। बुधवार रात खाना खाने के बाद वह थोड़ी देर में आने का कहकर घर से निकले थे लेकिन उसके बाद वह लौटे नहीं। तीन-चार घंटे बाद चिंतित परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू कर दी थी। तलाश करने के दौरान भानपुर ब्रिज के पास रेलवे ट्रैक पर उनका क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। परिजनों ने ही पुलिस को घटना की सूचना दी। एएसआई प्रीतम सिंह ने बताया कि मृतक का सिर व एक आंख पूरी तरह से पिचक गई थी।

### 20 से अधिक ट्रेनें हुईं प्रभावित, यात्री स्टेशन पर होते रहे परेशान

# डॉ. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस के पेंटो से ओएचई लाइन टूटी, 5 से 15 घंटे तक देरी से चलीं ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रयागराज से डॉ. आंबेडकर नगर जा रही प्रयागराज- डॉ. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस का रात करीब 1:50 बजे झांसी मंडल के धौर्रा और जाखलोन रेलवे स्टेशन के बीच देर रात एक इंजन के पेंटो में फंसकर ओएचई वायर टूट गया। इस वजह से बीना-भोपाल की बीच आने वाली ट्रेनें को आउटर पर रोक दिया गया। इसके चलते भोपाल आने वाली ट्रेनें 5 से लेकर 15 घंटे तक की देरी से पहुंची। ओएचई टूटने से बीना, झांसी की ओर आने जाने वाली 20 से अधिक ट्रेनें प्रभावित हुई। ट्रेनों के लेट होने से कई यात्रियों की भोपाल व अन्य स्टेशनों से कनेक्टिंग ट्रेन छूट गई। भोपाल स्टेशन पर हजारों यात्री ट्रेन के इंतजार में परेशान होते रहे।

जानकारी अनुसार बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात तीन बजे के आसपास खजुराहो-आंबेडकर नगर एक्सप्रेस के निकलने के दौरान पेंटो से ओएचई (ओवर हेड एक्सटेंशन) लाइन का तार टूटने से अप-डाउन की करीब डेढ़ दर्जन से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित हुईं। इस घटना में दो दर्जन से अधिक ट्रेनें करीब पांच से 15 घंटे तक की लेट भोपाल पहुंची। सुबह आने वाली ट्रेनें दोपहर व शाम के समय भोपाल आई। सुबह करीब नौ बजे रेल यातायात सुचारू रूप से शुरू हो सका। इसके बाद 14116-प्रयागराज - डॉ. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस (पीटी) करीब साढ़े तीन घंटे की देरी से रवाना हो सकी।



### यह गाड़ियां चल रही देरी से

12626 केरल एक्सप्रेस 7:10 घंटे लेट
12156 हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति 5.00 घंटे
22130 तुलसी एक्सप्रेस 9:00 घंटे
12628 कर्नाटक एक्सप्रेस 6: 20 घंटे
12920 मालवा एक्सप्रेस 10 :40 घंटे
12184, हजरत निजामुद्दीन-सिकंदराबाद 5.58 घंटे
12807 समता एक्सप्रेस 3:25 घंटे
12716 सचखंड एक्सप्रेस, 15:30
11078 झेलम एक्सप्रेस 13:00
18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 4:15 घंटे

### ट्रेनों के लेट होने से भूख-प्यास से यात्री परेशान रहे

इस घटना के चलते बड़ी संख्या में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दरअसल, इन दिनों समर सीजन के साथ शादी-विवाह के चलते बड़ी संख्या में लोगों ट्रेनों में सफर कर रहे है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बच्चों और बुजुर्ग यात्रियों को करनी पड़ी। भूख-प्यास और भीड़ के बीच बच्चे रोते-बिलखते नजर आए। केरल एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री दीपेश जाट ने बताया कि ट्रेनों को किसी छोटे स्टेशन पर रोकने की वजह से वहां खाने-पीने का सामना नहीं मिल सका। इसके चलते भूख-प्यास से परेशान होना पड़ा।

### पुणे से दानापुर के मध्य 24 जून तक चलेगी स्पेशल ट्रेन

**भोपाल।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मकाल में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्धेश्य से 01105/01106 पुणे-दानापुर-पुणे के मध्य स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह गाड़ी भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि 01105 पुणे-दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 24 जून तक प्रत्येक सोमवार को पुणे स्टेशन से 19.55 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन मंगलवार को 12.05 बजे इटारसी पहुंचकर, मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन बुधवार को 04.30 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार 01106 दानापुर-पुणे एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को दानापुर स्टेशन से 6.30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन गुरुवार को 01.40 बजे इटारसी पहुंचकर, मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए 17.35 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगाँव, मनमाड़, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

### एलटीटी-बनारस के मध्य चलेगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

भोपाल। रेलवे द्वारा ग्रीष्मकाल में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से 01053/01054 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के मध्य साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि 01053 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से 12.15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 00.20 बजे इटारसी पहुंचकर, 00.30 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए 16.05 बजे बनारस स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार 01054 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल 27 जून तक प्रत्येक गुरुवार को बनारस स्टेशन से 20.30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 10.10 बजे इटारसी पहुंचकर, मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए 23.55 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर रुकेगी।

### मक्का में 1200 हज यात्रियों में से 200 को मिलेगी रुबात

**भोपाल।** इस बार भी भोपाल रियासत भोपाल, सीहोर और रायसेन जिले के हज यात्रियों को मदीना में रुबात (फ्री ठहरने की जगह) नहीं मिल पाएगी। हालांकि मक्का में रुबात के लिए मोती मस्जिद स्थित शाही औकाफ के दफ्तर में शनिवार को रुबात का कुरआ निकाला जाएगा। इस दौरान भोपाल, रायसेन और सीहोर जिले से हज पर जाने वाले करीब 1200 हज यात्रियों में से महज 200 लोगों का नाम लॉटरी से निकाला जाएगा।

नवाब शासन काल में सऊदी अरब में तैयार कराई गईं रुबात इस बार भी भोपाल रियासत के हज यात्रियों को राहत नहीं दे पाएगी। पिछले पांच सालों से जारी अव्यवस्था के मुताबिक इस साल भी सिर्फ मक्का रुबात ही मिल पाएगी। जबकि मदीना की रुबात में भोपाल रियासत के हज यात्रियों को जगह मिलना मुश्किल है।

#### मदीना की रुबात को लेकर फैसला नहीं

शाही औकाफ ने इस दौरान इस बात को स्पष्ट नहीं किया है कि हज यात्रियों को मदीना में रुबात में ठहरने की सुविधा मिल पाएगी या नहीं। दरअसल करीब पांच साल पहले तक मौजूद व्यवस्था के तहत प्रदेश के इन तीन जिलों से हज पर जाने वाले सभी हज यात्रियों को मदीना में ठहरने के मुफ्त इंतजाम हुआ करते थे, लेकिन सउदी सरकार और इन रुबात के इंतजाम देखने वाले शाही औकाफ के बीच जारी विवाद के चलते यह व्यवस्था बंद हो गई है।

#### अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस पर किया आयोजन

### मैनिट में अद्भुत ओडिसी नृत्य प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

**भोपाल।** राजधानी स्थित मैनिट के स्पीक मेके हेरिटेज क्लब तथा स्पीक मेके भोपाल चैप्टर के तत्वाधान में कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने प्रसिद्ध ओडिसी नृत्य का आयोजन किया गया। कलाकार वाईएसएनए पुरस्कार प्राप्त विनोद केविन बचन ने इस ओडिसी नृत्य तथा नाट्य विधा की प्रस्तुतियां दीं। अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाए जाने की कड़ी में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपनी अद्भुत नृत्य कला तथा हाव-भाव से बचन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने सभी को ओडिसी नृत्य विधा के विषय में जानकारी दी। उन्होंने सरस्वती स्तुति, पल्लवी नृत्य एवं अन्य ओडिसी नृत्य प्रस्तुतियां दीं। जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने ओडिसी नृत्य उसके उद्भव तथा नाट्य शास्त्र के विषय में भी बताया। इस अवसर पर मेनिट के वरिष्ठ प्राध्यापकों, स्पीक मेके पदाधिकारियों सहित अनेक छात्र एवं छात्राओं ने अद्भुत कला को सराहा।



# कटेंट अच्छा हो तो वायरल होता है, इससे रोजगार भी मिल जाता: शालिनी

## अभाविप की कार्यशाला में सोशल मीडिया के तंत्रों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

आज मध्यभारत प्रांत में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सोशल मीडिया की कार्यशाला का आयोजन भोपाल में किया गया। इस कार्यशाला में अभाविप के राष्ट्रीय सोशल मीडिया संयोजक आशीष शर्मा, राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा और मध्य भारत के प्रांत मंत्री संदीप वैष्णव उपस्थित रहे। कार्यशाला में सोशल मीडिया का सही इस्तेमाल करने की दिशा के साथ साथ एबीवीपी की भूमिका पर चर्चा हुई।

रेडियो से लेकर टेलीग्राफ और सोशल मीडिया प्लेटफार्म तक के सफर का भी वर्णन किया गया। मुंबई से आए अभाविप के राष्ट्रीय संयोजक आशीष शर्मा ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने पहले ही सोशल मीडिया के महत्व को समझ लिया है। सोशल मीडिया से देश विदेश में चल रहे विमर्श को खड़े कर सकते हैं। अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया ने दुनिया को छोटा कर दिया है। कंटेंट अच्छा हो तो वायरल होता है। कंटेंट के माध्यम से सोशल मीडिया के प्लेट फार्म पर लोगों को रोजगार भी मिला है। कार्यक्रम में सबसे पहले दीप प्रज्ज्वलित करना और उस फोटो को सोशल मीडिया पर डालना परिषद अर्थात कार्यक्रम दिखाना नही हैं यह संदेश भी है कि एक दीप से अनेक दीप जलें।



### कोविड में की सोशल मीडिया से सहायता

अभाविप के प्रांत मंत्री संदीप वैष्णव ने बताया कि विद्यार्थी परिषद सोशल मीडिया की भूमिका वर्तमान में बहुत महत्वपूर्ण है। परिषद ने प्रत्येक क्षेत्र में कार्य कर पृथक-पृथक आयाम कार्य गतिविधि बनाए हैं। हमने सोशल मीडिया के माध्यम से कोविड में भी अनेक सहायता की है। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक, ट्विटर, और वाट्सएप का सदुपयोग कैसे किया जाना चाहिए, और सोशल मीडिया पर चल रही विरोधी विचारधाराओं को कैसे खत्म किया जाए, इस पर चर्चा हुई। इस मौके पर पूरे प्रांत से सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

### कोर्टयार्ड बाय मैरियट में आज से 5 दिन तक बनेगी राजसी रसोई

# राजस्थानी जायकों का आनंद लेंगे भोपाली, आज से फूड फेस्टिवल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

कोर्टयार्ड बाय मैरियट में अब आप राजस्थानी जायकों का आनंद ले सकते हैं। मौका है 26 अप्रैल से 5 मई तक शाम 7.30 से रात 11 बजे तक चलने वाला दस दिवसीय टेस्ट ऑफ राजस्थान फूड फेस्टीवल। इस दौरान राजस्थान के राजसी रसोइयों के चुनिंदा व्यंजन भोपाल वासियों को चखने को मिलेंगे।

जनरल मैनेजर राकेश उपाध्याय ने पत्रकार वार्ता में बताया कि हमें राजस्थान के आर्थेंटिक टेस्ट को भोपाल लाते हुए खुशी हो रही है।

### फूड फेस्टीवल में इन डिशेज का उठा सकते हैं लुत्फ



अमोल पाटिल, एक्जीकिटिव शेफ ने बताया कि इस फूड फेस्टीवल के लिए खासतौर पर राजस्थान से शेफ पूनम शर्मा एवं शेफ नरपत सिंह राजपुरोहित को आमंत्रित किया गया है। दोनों शेफ अपनी टीम के साथ मिलकर मेहमानों के लिए राजस्थान के परंपरागत वेज एवं नॉनवेज व्यंजनों तैयार करेंगे। इन व्यंजनों की लम्बी फेहरिस्त में जोधपुरी पनीर के सूले, बाजरा पुदीने की टिक्की, शेखावटी दाल पकौड़ी, सांगरी के कवाब, बीकानेरी तवा मच्छी तथा मथानिया मुर्ग टिक्का जैसे स्टार्टर्स होंगे। वहीं बाजरे की राब के स्वादिष्ट सूप का मजा भी मेहमान ले सकेंगे। मेन कोर्स में वेजीटेरियन्स के लिए पनीर राजवाड़ा, जोधपुरी पनीर, मारवाड़ी धनिया मंगोड़ी, चक्की की सब्जी, जयपुरी भिण्डी, लहसुनी पालक सांगरी, सब्ज पंचमेला, केर सांगरी, मलाई प्याज, मिक्स्ड वेजीटेबल खिचड़ी, गट्टे का पुलाव आदि शामिल रहेंगे। वहीं नॉनवेज प्रेमियों के लिए जोधपुरी मुर्ग, लाल मांस, बाजरे का सोयता सहित बहुत से व्यंजन सर्व किए जाएंगे।

राजस्थान के स्वादिष्ट व्यंजनों का एक लम्बा और समृद्ध इतिहास है जो आज फूड लवर्स को भी बहुत पसंद आता है। खट्टे, मीठे और चटपटे राजस्थानी व्यंजनों में राजस्थान की संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली की झलक मिलती है जिसे यहां के राजपूत, वैष्णव तथा मारवाड़ी समुदायों ने आगे बढ़ाने और कायम रखने का काम किया है। राजस्थान की सिग्नेचर डिशेज मानी जाने वाली दाल-बाटी-चूरमा तथा बीकानेरी भुजिया न केवल भारत बल्कि दुनियाभर में मशहूर हैं।

पाठक सूचना

पाठक पुरस्कार योजना



हरिभूमि के समाचार पत्र द्वारा अपने पाठकों के लिए पाठक पुरस्कार योजना चलाई गई थी। उसका पुरस्कार वितरण दिनांक 26.04.2024 को प्रात: 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक किया जावेगा ऑफिस पता: हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं.50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल,(म.प्र.) मोबाईल नं.: 8349245533

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024



गृह मंत्री भोपाल प्रवास पर

## होटल ताज के आसपास बढ़ाई सुरक्षा व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित होटल ताज में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। शाम से ही होटल को करीब साढ़े तीन सौ पुलिसकर्मियों ने घेर रखा था। दरअसल, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भोपाल प्रवास पर हैं। गुरुवार रात वह होटल ताज में विश्राम करेंगे। शुक्रवार सुबह भाजपा कार्यालय में कुछ नेताओं से बैठक प्रस्तावित है। गृहमंत्री के भोपाल आगमन पर जहां एक तरफ थाना पुलिस अलर्ट हो गई है, वहीं कमला नगर थाना पुलिस के अलावा कुल साढ़े तीन सौ पुलिसकर्मियों की ड्यूटी सुरक्षा व्यवस्था में लगाई गई है। कमला नगर से गुजरने वाले वाहनों की चैकिंग भी बढ़ा दी गई है।

## जेईई मेंस रिजल्ट: शहर के ऋषि सोनगिरकर 642वीं रैंक के साथ सिटी टॉपर, रथर्व को मिली 676वीं रैंक

*सार्थक जैन को मिली 11000 रैंक, अब ज्यादा उम्मीदवार करेंगे जेईईई एडवांस के लिए तैयारी*

*इस बार सामान्य श्रेणी का कटऑफ परसेंटाइल 2023 की तुलना में 2.45 अंक ज्यादा रहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेंस सत्र 2 के लिए परिणाम जारी कर दिए हैं। यह परिणाम 24 अप्रैल की देर रात जारी किए गए हैं। इस परीक्षा में शहर के ऋषि सोनगिरकर ने टॉप किया है। वहीं, रथर्व 676वीं रैंक के साथ ही सार्थक जैन को 11000 रैंक हासिल हुई है। जेईई मेंस के बाद अब ज्यादा उम्मीदवार जेईई एडवांस की तैयारी करने की बात कह रहे हैं। जेईई एडवांस के बाद देश के आईआईटी संस्थानों में इंजीनियरिंग के लिए प्रवेश मिलेगा। दरअसल, वे उम्मीदवार जिन्होंने इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन के लिए जॉइंट एंट्रेंस टेस्ट मेंस सेशन-2 दिया था उनका परीक्षा परिणाम एनटीए ने जारी किया है।



ऋषि सोनगिरकर




सार्थक कुमार जैन



वरुण शर्मा



अंकन देवनाथ



भव्य पवार

**अब एडवांस के लिए तैयारी:** शहर के होशंगाबाद रोड निवासी सार्थक कुमार जैन को 99.31 परसेंटाइल के साथ जेईई मेंस में 11000 रैंक मिली है। उनका कहना है कि वे अब जेईई एडवांस के लिए तैयारी करेंगे।

**रोजाना करता था 8-10 घंटे स्टडी:** भोपाल के ऋषि सोनगिरकर ने 642 हासिल की है। यह शहर में टॉपर हैं। ऋषि ने बताया कि मैं रोजाना 8-10 घंटे पढ़ाई करता था। 10वीं के बाद ही इस दिशा में तैयारी शुरू कर दी थी।

### भोपाल के 6 उम्मीदवार लिस्ट में शामिल

जेईई मेंस में सफल उम्मीदवारों की लिस्ट में अभी तक भोपाल से कुल 6 उम्मीदवारों के शामिल होने की सूचना मिली है। इनमें 99.97 पर्सेंटाइल के साथ ऋषि सोनगिरकर 642 रैंक पर हैं। 99.96 पर्सेंटाइल के साथ रथर्व राठौर ने 676वीं रैंक हासिल की है। भव्य पवार ने 99.9 पर्सेंटाइल, शिरीष महेश्वरी ने 99.61, वरुण शर्मा ने 99.49, सार्थक कुमार जैन ने 99.31 और अंकन देबनाथ ने 99.2 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं।

### खेलकर खुद को करता था मोटीवेट

ऋषि ने बताया कि मैं खुद को मोटिवेट करने के लिए इनडोर और आउटडोर गेम खेलता था। इनमें चेस और बेडमिंटन विशेष रूप से शामिल रहे हैं। क्योंकि ऐसे में मोटिवेशन बहुत जरूरी होता है। ताकि मेंटली खुद को ठीक रख पाउं। आगे जो भी जेईई के उम्मीवार एग्जाम देंगे उन्हें यही कहूंगा कि 12वीं के बाद स्टूडेंट्स को मॉक टेस्ट पर ज्यादा फोकस कना चाहिए।

फेशन शो के लिए सोनागिरी स्थित कम्युनिटी हॉल के बाहर रिहर्सल किया गया

## तीन किलो सोने का हार पहनकर सुरैया ने की मतदान की अपील





किन्नर सुरैया नायर

भोपाल में 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में सभी मतदाताओं को वोट डालने के लिए जागरूक करने लगातार जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

### शनिवार को राग भोपाली में होगा किन्नर फैशन शो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल लोकसभा सीट के लिए सात मई को होने वाले मतदान को लेकर जागरुकता अभियान चल रहा है, जिसके तहत गुरुवार को किन्नर सुरैया नायर को स्वीप आइकॉन बनाया गया। इधर, शनिवार को बिट्टन मार्केट स्थित राग भोपाली में किन्नरों का फैशन शो रखा गया है, जिसको लेकर गुरुवार को सोनागिरी स्थित कम्युनिटी हॉल के बाहर किन्नरों ने फैशन शो के लिए रिहर्सल रखी।





### सुरैया को स्वीप आइकॉन बनाया

स्वीप के नोडल अधिकारी ऋतुराज सिंह ने बताया कि जिले में स्वीप गतिविधियों को लेकर कार्यक्रम किए जा रहे हैं, जिसके तहत किन्नर सुरैया को स्वीप आइकॉन बनाया गया है। शनिवार को राग भोपाली में किन्नरों का फैशन शो रखा गया है। जिसको लेकर गुरुवार को फैशन शो को लेकर रिहर्सल की गई। इस मौके पर सुरैया ने तीन किलो वजनी सोने का हार पहनकर मतदाताओं से मतदान की अपील की।

चुनाव कराने अधिकारी-कर्मचारियों को फाइनल ट्रेनिंग

## 10 हजार से ज्यादा कर्मचारियों ने सीखीं ईवीएम, मॉक पोल, वोटिंग, मतदान सामग्री लेने से लेकर जमा कराने तक की बारीकियां

**भोपाल।** लोकसभा सीट पर सात मई को होने वाले मतदान की जिम्मेदारी शहर के 10 हजार से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारियों पर रहेगी। जिन्हें गुरुवार से 6 दिन तक दूसरी ट्रेनिंग दी जा रही है। सात सेंटरों पर वे ईवीएम, मॉक पोल, वोटिंग, मतदान सामग्री लेने से लेकर जमा कराने तक की बारिकियां सीख रहे हैं। वहीं, गुरुवार को ही 372 कर्मचारियों को एक दिन ट्रेनिंग भी दी गई। यही कर्मचारी 85 प्लस बुजुर्गों से घर-घर जाकर वोट डलवाएंगे। गुरुवार को हबीबगंज स्थित बीएसएस कॉलेज में सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई। भोपाल के 2097 मतदान केंद्रों पर वोटिंग होगी। इसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। इसलिए उन्हें ट्रेनिंग दी जा रही है। दूसरी ट्रेनिंग 25 अप्रैल से शुरू हो गई, जो 30 अप्रैल तक चलेगी।

- सात सेंटरों में दस हजार कर्मचारियों को दी जा रही ट्रेनिंग



### यह ट्रेनिंग दी जा रही

- ईवीएम और वीवीपीएटी से मॉक पोल कैसे कराते हैं।
- कंट्रोल यूनिट पर प्रदर्शित परिणाम को वीवीपीएटी के मॉक पोल पर्चियों से मिलान करें।
- मॉकपोल के परिणाम को सीयू से हटाना, वीवीपेट ड्राप बॉक्स से मॉल पोल को पर्चियों से हटाना।
- वीवीपेट मॉक पोल पेपर पर्चियों के पुष्ठ भाग पर स्टांप लगाकर काले लिफाफे को गुलाबी पेपर मुद्रा से मुहरबंद करना।



### पी-2 और पी-3 की फाइनल ट्रेनिंग

सहायक नोडल अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 7 सेंटरों पर पीओ, पी-1, पी-2 और पी-3 लेवल के कर्मचारियों को ट्रेनिंग मिलेगी। इनमें से पी-2 और पी-3 कर्मचारियों की यह फाइनल ट्रेनिंग होगी।

1800 बुजुर्ग और दिव्यांग वोटर्स ने जताई इच्छा

## 85 प्लस के बुजुर्ग आज से करेंगे होम टू होम वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को मतदान होना है, लेकिन 85 प्लस और दिव्यांग मतदाता अपने घर बैठे 26 और 27 अप्रैल को वोटिंग कर सकेंगे। मतदान दल बैलेट बाक्स सहित अन्य चुनावी सामग्री लेकर इन मतदाताओं के घर पहुंचेंगे और उनसे वोटिंग कराएंगे। इस बार 1800 बुजुर्ग और दिव्यांगों ने घर से वोटिंग करने की इच्छा जताई है, हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव में 2311 बुजुर्ग और 199 दिव्यांगों ने पोस्टल बलट से वोटिंग की थी।

जिला निर्वाचन कार्यालय ने होम टू होम मतदान के लिए मतदान दलों का गठन कर दिया है। भोपाल की सातों विधानसभा क्षेत्रों में 85 प्लस और दिव्यांगों मतदाताओं की संख्या करीब 19,352 है, जिसमें से 1 हजार 800 मतदाताओं ने घर से वोटिंग करने की इच्छा जताई हैं। पहले चरण में 26 और 27 अप्रैल को मतदान कर्मी मतदाताओं के घर बैलेट बॉक्स अन्य चुनावी सामग्री लेकर पहुंचकर वोट डलवाएंगे।



### मतदान दल कर्मचारी किसी भी बूथ पर कर सकेंगे वोटिंग

चुनावी ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारी जिले में किसी भी मतदान केंद्र पर अपना वोट डाल सकेंगे। इसके अलावा ये कर्मचारी उस केंद्र पर अपना वोट डाल सकेंगे, जहां उनकी ड्यूटी रहेगी, लेकिन वह जिस विधानसभा क्षेत्र का मतदाता है, उस क्षेत्र में वह मतदान नहीं कर सकता। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक पांडेय का कहना है कि चुनाव में लगे कर्मचारियों को इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट (ईडीसी बैलेट) दिए जाएंगे। दूसरे चरण की ट्रेनिंग के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों को ईडीसी बैलेट सौंप दिए जाएंगे, जबकि विधानसभा के चुनाव में उन्हें पोस्टल बैलेट दिए गए थे।

### मतदान की गोपनीयता रहेगी बरकरार

जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि बुजुर्ग और दिव्यांगों को पोस्टल बैलेट से मतदान कराया जाएगा। घर जाकर वोटिंग कराने वाला दल इस बात का ध्यान रखेगा कि मतदान करने वाला बुजुर्ग या दिव्यांग पूरी गोपनीयता के साथ वोट डाले। पोस्टल बैलेट पर सील लगाने के बाद उसे मत पेटी में डालकर सुरक्षित रखा जाएगा।

## आरजीपीवी के पूर्व वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा को भेजा जेल

**विधिक संवाददाता, भोपाल।** 19.48 करोड़ रुपए निजी बैंक खातों में डालने के मामले में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के तत्कालीन वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा को जिला अदालत ने न्यायिक हिरासत में केंद्रीय जेल भेज दिया है।

प्रकरण दर्ज होते ही फरार हो गए ऋषिकेश वर्मा ने अपनी गिरफ्तारी के डर से 22 अप्रैल को विशेष न्यायाधीश आरपी मिश्रा की अदालत में उपस्थित होकर सरेंडर कर दिया था। अदालत ने उन्हें 25 अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर गांधी नगर पुलिस के सुपर्द किया था। पुलिस रिमांड की अवधि समाप्त होने पर गांधी नगर पुलिस ने आरोपी वर्मा को गुरुवार को जिला अदालत में पेश किया था। इससे पहले पुलिस ने वर्मा की पत्नी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

एजेंसी को समयावधि के बाद नहीं दी जाएगी किसी प्रकार की छूट

## बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने के कार्य में धीमी गति को देखकर भड़के निगम कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने का कार्य काफी धीमी गति से होने पर नगर निगम के कमिश्नर गुरुवार को उस एजेंसी पर भड़क गए जो कॉरिडोर हटाने का काम कर रही है। कमिश्नर हरेन्द्र नारायण आरआरएल तिराहे से मिसरोद के आगे तक निर्मित बीआरटीएस कॉरिडोर के हटाने के कार्य का जायजा लेने पहुंचे थे। उन्होंने कॉरिडोर हटाने के कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जो समय निर्धारित किया गया है, उस समय में पूरा कार्य हो जाना चाहिए। इसके बाद समय सीमा को लेकर किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी।



### सुरक्षा मानकों को पालन करने के निर्देश

कमिश्नर ने कार्य में सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। आरआरएल तिराहे से मिसरोद के आगे तक मुख्य मार्ग में सिगनल लगाने का कार्य भी शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त निधि सिंह व पवन सिंह, अधीक्षण यंत्री आरके सक्सेना, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि व अन्य अधिकारी मौजूद थे।



### बिना परमिशन के संचालित हो रहा मैरिज गार्डन सील

*भोपाल। बिना अनुमति के लंबे समय से संचालित हो रहे रिश्ता मैरिज गार्डन को निगम के अतिक्रमण अमले ने सील करदिया। अतिक्रमण प्रभारी नासिर खान वार्ड 79 में यह कार्रवाई की गई है।*

7 नंबर के सागर गैरे से लिए पनीर, मसालों के सैंपल

## जमजम रेस्टोरेंट से ब्रियान और हकीम होटल से लिए चिकन करी के सैंपल



**भोपाल।** शहर में नॉनवेज और वेज परोसने वाले रेस्टोरेंट में मिलावट की शिकायतों को देखते हुए गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम भारत टॉकीज स्थित जमजम रेस्टोरेंट पहुंची, जहां से चिकन ब्रियान, बिट्टन मार्केट स्थित हकीम होटल से चिकन करी और मोती मस्जिद स्थित हबीबी रेस्टोरेंट से चिकन टिक्का के सैंपल लिए गए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि गुरुवार को आठ रेस्टॉरेंट से सैंपल लिए गए हैं, जिसमें चिकन, ब्रियान, टिक्का, पनीर, मावा, दही और दूध के सैंपल लिए गए हैं। टीम ने सात नंबर स्थित सागर गैरे रेस्टोरेट, प्लेटिनम प्लॉजा स्थित शर्माजी विष्णु रेस्टोरेंट का भी निरीक्षण किया।

एलबीसी तकनीक से जांच करने वाला प्रदेश का पहला सरकारी अस्पताल बना एम्स

## 35 लाख की मशीन करेगी महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिलाओं में होने वाले कुल कैंसर के मामलों में 12 फीसदी केस सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी का कैंसर) के होते हैं। हर साल इसमें 102 फीसदी की बढ़ोतरी देखी जा रही है। इस जानलेवा बीमारी की जल्द पहचान से मरीज की जान बचाई जा सकती है।

इसके लिए एम्स में 35 लाख रुपए की लिक्विड बेस्ड साइटोलॉजी (एलबीसी) तकनीक बेस्ड मशीन लगाई गई है। प्रबंधन का दावा है इस सुविधा वाला एम्स प्रदेश का पहला सरकारी अस्पताल है। विशेषज्ञों के अनुसार यह विश्व की सबसे आधुनिक और सटीक जानकारी मुहैया कराने वाली मशीन है।



पैथोलॉजी व लैब मेडिसिन विभाग ने लिक्विड बेस्ड साइटोलॉजी टेस्ट की सुविधा शुरू की है। इस सुविधा के शुरू होने से मध्य भारत में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की जांच करने में काफी सहायता मिलेगी। शुरुआती दौर में इस बीमारी का पता लगने से इसके प्रभावों को कम किया जा सकता है।

**डॉ. अजय सिंह,** निदेशक, एम्स भोपाल

### एलबीसी कैसे काम करता है

एलबीसी एक सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग तकनीक है, जिसमें कोशिकाओं को तरल में घोलकर उनकी जांच की जाती है। यही कारण है कि यह पैप स्मीयर परीक्षण की तुलना में बेहतर है। इसमें छोटे से छोटा संक्रमण भी पकड़ में आ जाता है, जिससे महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर फैलने से पहले ही रोका जा सकता है। इस सुविधा से 25 से 65 आयु वर्ग की महिलाओं को विशेष लाभ मिलेगा।

### ज्यादातर जांच हो रही पैप स्मीयर मशीन से

शहर के ज्यादा तर अस्पतालों में सर्वाइकल कैंसर की जांच के लिए पैप स्मीयर मशीन का उपयोग किया जा रहा है। इसके जरिए सर्वाइकल कैंसर और पूर्व-कैंसर घावों का पता लगाया जाता है। यह तकनीक ह्यूमन पैलीपोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण को शुरुआती चरण में नहीं पकड़ पाती है। यही संक्रमण सर्वाइकल कैंसर के लिए जिम्मेदार है। ऐसे में कई बार महिलाओं में बीमारी फैलने पर उसका उपचार संभव नहीं होती है। यह तकनीक इसलिए ज्यादा उपयोग की जा रही है क्योंकि यह सस्ता और सरल परीक्षण है।



## जैकेट का शेष

### कांग्रेस ने तो जवानों...

ज्यादा योगदान करे, सबसे ज्यादा मेहनत करे, सबसे ज्यादा समर्पण करे, उसे सबसे पीछे रखो। यही वजह है कि कांग्रेस ने सालों तक सेना के जवानों की 'वन रैंक वन पेंशन' जैसी मांग पूरी नहीं होने दी। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार बनते ही 'वन रैंक वन पेंशन' को लागू किया गया। हमने सीमा पर खड़े जवानों की सुविधा की भी चिंता की। कांग्रेस सरकार ने जवानों के जो हाथ बांध रखे थे, हमने उन्हें भी खुली छूट दे दी। हमने कहा कि अगर एक गोली आती है तो 10 गोली चलनी चाहिए। अगर एक गोला फेंकते हैं तो 10 तोपें चल जानी चाहिए।

**मुसलमानों को ओबीसी बना दिया:** पीएम ने कहा कि अगर वो मुसलमान हैं तो उन्होंने रातों-रात एक कागज पर हस्ताक्षर करके उन सभी को ओबीसी घोषित कर दिया। पढ़ाई और सरकारी नौकरी में पहले ओबीसी लोगों को आरक्षण मिलता था। कांग्रेस ने उस ओबीसी समाज में इतने सारे नए लोग डाल दिए कि आरक्षण उनसे छीन लिया। मुसलमानों को गैर-कानूनी तरीके से ओबीसी बना दिया था।

**कांग्रेस विकास विरोधी बड़ी समस्या:** पीएम ने कहा कि मप्र के लोग जानते हैं कि जिस समस्या से एक बार पीछा छूट जाए तो फिर उससे दूर ही रहना चाहिए। कांग्रेस पार्टी ऐसी ही विकास विरोधी एक बहुत बड़ी समस्या है। चंबल के लोग कांग्रेस का वो दौर कैसे भूल सकते हैं। कांग्रेस ने चंबल की पहचान खराब कानून-व्यवस्था और ऐसे क्षेत्र के तौर पर बना दी थी।

**कांग्रेस नामदार और भाजपा कामदार :** मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे को आए दिन मोदी का अपमान करने में मजा आता है और उनकी भाषा पर आपत्ति भी जताई जा रही है। लेकिन इनकी भाषा पर दुखी होने वाले लोग इन पर आपत्ति न जताएं क्योंकि कांग्रेस नामदार है और भाजपा कामदार है और नामदार तो कामदार को सदियों से ऐसे ही ठोकर मारते आए हैं। कांग्रेस के शहजादे अत्यधिक निराश हैं इसलिए देश की प्रबुद्ध जनता को इन नामदारों पर अपना समय व्यर्थ नहीं करना चाहिए क्योंकि हम कामदार सहन भी करेंगे और मां भारती की सेवा भी करेंगे।

### मप्र का विकास ...

के लोग और ज्यादा अनुभव कर रहे हैं, जिन्होंने कांग्रेस का वह काला दौर देखा है।

### मोदी करते हैं सेना...

पास जाकर दीवाली मनाकर उनका सम्मान बढ़ाते हैं और उन्हें संबल देते हैं। शर्मा ने कहा कि देश में आतंकवाद को समाप्त करने का काम और पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक करने का काम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुआ है। आज देश से आतंकवाद का खात्मा हुआ है। आतंकवादी अब भारत में प्रवेश करने से डरते हैं, लेकिन राहुल गांधी सेना के शौर्य पर सवाल उठाकर सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगते हैं और दिग्विजय सिंह सेना का अपमान करते हैं।

### शाह की आज...

प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने उनका स्वागत किया। इसके बाद अमित शाह होटल ताज के पहुंचे। यहां रात्रि विश्राम के बाद शाह शुक्रवार सुबह 10.50 बजे भोपाल से हेलिकॉप्टर से गुना लोकसभा क्षेत्र के पिपरई (जिला अशोकनगर) पहुंचेंगे। यहां वे जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया प्रत्याशी हैं। शाह दोपहर 1.30 बजे राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। राजगढ़ से रोडमल भाजपा प्रत्याशी हैं। मप्र में तीसरे चरण में जिन 8 सीटों पर मतदान होना है। उनमें गुना, राजगढ़ के अलावा भिंड, मुरैना, ग्वालियर, सागर, विदिशा और भोपाल में वोटिंग होगी।

### मप्र की 'छह सीटों'...

क्षेत्र में कोई भीप्रमुख विपक्षी दल का नेता भाजपा के सामने नहीं है। लगातार सात बार से सांसद वीरेंद्र सिंह और चार बार से सतना लोकसभा सीट जीतने वाले गणेश सिंह मैदान में हैं। वहीं , कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा भी लोकसभा के चुनावी समर में उतरे हैं। खजुराहो से वीडी शर्मा भी मैदान में हैं। यह भाजपा को वाकओवर जैसी स्थिति है। 26 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक वोटिंग होनी है। गुरुवार को मतदान दल मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो चुका है। इन 6 सीटों में कुल एक करोड़ 11 लाख 62 हजार 460 मतदाता हैं। 80 उम्मीदवारों का भाग्य लिखा जाएगा। 80 में 75 पुरुष उम्मीदवार, 4 महिला उम्मीदवार और एक थर्ड जेंडर उम्मीदवार हैं।

### इन सीटों...

पर दांव लगाया है। पिछड़ा वर्ग के दोनों प्रमुख उम्मीदवारों के बीच बसपा ने ब्राह्मण उम्मीदवार पर भरोसा जताया है, ऐसे में नारायण त्रिपाठी के आ जाने से मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है।

**रीवा:** यहां मिश्रा और मिश्रा का मुकाबला है। यहां भाजपा के जनार्दन मिश्रा को दूसरी बार टिकट दिया गया है, जबकि भाजपा की विधायक रहीं नीलम अभय मिश्रा को कांग्रेस ने लोकसभा के मैदान में उतारा है।

**नर्मदापुरम :** लंबे समय तक भाजपा में रहने वाले संजय शर्मा को कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बनाया है। जबकि किसान नेता दर्शन सिंह पर भाजपा ने दांव लगाया है।

**खजुराहो:** खजुराहो सीट पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को फिर से मौका मिला है। जबकि, यह सीट इंडी गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी को दी गई थी लेकिन सपा उम्मीदवार मीरा यादव का पर्चा रद्द होने से वीडी शर्मा को लगभग वाकओवर मिल गया है।

## पेज 1 का शेष

### अभी कितनी है ...

25 लाख रुपए तक की कमाई होती है, जबकि टीम के अन्य खिलाड़ी 17 लाख से 22 लाख रुपए के बीच कमाते हैं।

### रेड बॉल क्रिकेट...

में शामिल खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए भी कहा था। ऐसे में डोमेस्टिक क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए बोर्ड नई योजनाएं ला रहा है।

### मोदी की 'आंधी'...

हल्के स्तर पर चली गई है। राहुल गांधी ने जिस ढंग से बोला है, मैं उसकी निंदा करता हूं और उन्हें देश के सामने माफी मांगना चाहिए। देश में प्रधानमंत्री मोदी की आंधी है और इस आंधी में घमंडिया गठबंधन पूरी तरह धराशायी हो जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को इंदौर-झाबुआ में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी एवं झाबुआ-रतलाम लोकसभा सीट से प्रत्याशी अनीता चौहान के साथ रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर उनका नामांकन दाखिल कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अब तक अपने लिए घर तक नहीं बनवाया, लेकिन उन्होंने देश के 4 करोड़ से अधिक गरीबों को उनका आशियाना बनवाकर दिया। झाबुआ में आयोजित जनसभा के दौरान कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें भाजपा का दुपट्टा पहनाकर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई।

### राहुल गांधी को कोई...

राजीव गांधी के पास आई और बेटे के बाद बहू ने परदे के पीछे से सत्ता चलाई और अब पोते आ गए, जो अपनी दुनिया में रहकर, पता नहीं किस दुनिया की बात करते हैं।

### धमाके से छत उड़ी...

जान से हाथ धोना पड़ा। धमाके की जानकारी मिलने के पश्चात पुलिस के आला अधिकारियों सहित जिला प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंच गई । इसके साथ ही बम डिस्पोजल स्क्वाड, फायर बिग्रड, डॉग स्क्वाड, एवं एसएफएल की टीम ने भी अपनी जांच शुरू कर दी है। जबलपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक अनिल सिंह कुशवाह ने बताया कि हमारा पहला काम ये जानना है कि इतने बड़े धमाके की वजह क्या है और वहां पर कितनी मौत हुई हैं, हालांकि जो बात सामने आई है उसमें ये कहा जा रहा है कि 10 लोग कार्यरत थे, जिसमें दो लोग नहीं मिल रहे हैं, उन्होंने कहा शमीम कबाड़ी कहां है ये कहा नहीं जा सकता परंतु जो भी उचित कार्यवाही होगी उसे किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कहा कि पहले मलबे को हटाया जा रहा है। उसमें कितने लोग दबे हैं उन्हें बाहर निकाला जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि फिलहाल जो खबर आ रही है उसमें 3 से 4 लोगों की मौत हुई है, और कितने लोग थे, उनके पास क्या लाइसेंस थे इन सब जानने का प्रयास किया जाएगी। हादसे की पुनरावृति न हो इसके लिए टीम का गठन किया जाएगा एवं जो भी दोषी होगा उस पर कार्यवाही की जाएगी।

**आसपास के घरों को नुकसान:** बता दें कि धमाका इतना भयंकर था कि लोग घरों को छोड़कर सड़कों पर आ गए। घरों की खिड़की व दरवाजे के कांच भी टूटकर बिखर गए। स्थानीय लोग घटना से डरे हुए हैं। पुलिस द्वारा यार्ड से ही दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जल्द ही इस मामले में जांच कर और खुलासा होने की बात की जा रही है।

### सीबीआई के नाम ...

और एक अन्य व्यक्ति के पास से 50 हजार रुपए फोन करने वाले को भेज दिए। बाद में पता चला कि यह सीबीआई नहीं बल्कि साइबर फ्रॉड है। इस बात का पता चलने के बाद डीपीसी ने मामले की शिकायत साइबर सेल से की है।

### वकीलों को अब...

मोबाइल फोन पर सूची प्राप्त होगी। वाद सूची का मतलब एक तय तिथि पर अदालत द्वारा मुकदमे पर होनी वाली सुनवाई। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह एक क्रांतिकारी कदम है। प्रधान न्यायाधीश ने शीर्ष अदालत का आधिकारिक वॉटसएप नंबर भी साझा किया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि इससे हमारी कामकाजी आदतों में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा और कागजात बचाने में काफी मदद मिलेगी। चंद्रचूड़ के नेतृत्व में शीर्ष अदालत न्यायपालिका के कामकाज को डिजिटल बनाने के लिए कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के लिए सात हजार करोड़ रुपए की मंजूरी दी है।

### पटना स्टेशन...

मुताबिक दो लोगों की मौत घटनास्थल पर हुई वहीं चार लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। होटल में लगी आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की टीम को खासी मशक्कत करनी पड़ी। आग काफी भयावह इसलिए भी थी क्योंकि तेज हवा चल रही थी। आसपास के इलाके में आग न फैले इसके लिए ऐहतियात के तौर पर बिजली काट दी गई थी। होटल में लगी आग के बाद 45 लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। वहीं 38 लोगों का इलाज हो रहा है। इस घटना में कई लोग बिल्डिंग में फंसे थे, जिनको हाइड्रोलिक क्रेन और दमकल की गाड़ी से नीचे उतारा गया। बिल्डिंग में फंसे कुछ लोगों को जब निकाला गया था तो वो उस वक्त बेहोश हो गए थे। कई लोग आग में फंसे थे जिनको बमुश्किल बचाया गया।

### फटा सिलेंडर ...

की गई लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। फिर आग की जानकारी फायर ब्रिगेड की टीम को दी गई। पहले दो यूनिट लेकर दमकल की टीम पहुंची थी। आग भीषण होने की वजह से आसपास के फायर स्टेशन से संपर्क किया गया। कंकड़बाग, लोदीपुर फायर स्टेशन से गाड़ियां मंगवाई गईं। कुल 51 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका।

### परीक्षा को ही जिंदगी...

रहने वाली एक छात्रा पूजा राठौर (14) ने अपने हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में फेल होने के चलते जहर खा लिया और अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वह गोल्डन ब्राइट स्कूल की छात्रा थी। पूजा ने रात 2 बजे सल्फास की गोलियां खाई जिससे वह तड़पने लगी, जिसे उसकी मां ने देखा फिर परिजनों को जगाया। परिजन छात्रा को शासकीय अस्पताल लेकर गए जहां से उसे सीहोर रेफर किया गया, इलाज के दौरान सुबह मौत हो गई।

### चीनी सीमा को जोड़ने...

काफी नुकसान हुआ है और इससे आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई है। फिलहाल, नेशनल हाईवेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने टीम को भेजा है ताकि हाईवे जल्द से जल्द दोबारा शुरू हो सके। अधिकारियों ने मौके पर सभी जरूरी चीजें भेजी गई हैं। मौके पर खाने के सामान समेत तमाम चीजों की आपूर्ति हो रही है और किसी भी चीज को कोई कमी नहीं है। चीन से लगते बॉर्डर तक पहुंचने के लिए सेना इसी रास्ते का इस्तेमाल करती है।

### सीएम खांडू ने ...

वजह से यात्रियों को होने वाली असुविधा के बारे में जानकर परेशान हूं। जल्द से जल्द कनेक्टिविटी बहाल करने के निर्देश जारी किए गए हैं। सीएम ने प्राकृतिक आपदा पर नजर बनाए रखने के लिए पीएमओ को भी टैग किया है।

**11वीं रेड बुल कप आईसीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता**

# खिताबी मुकाबले में जागरण लेक सिटी ने बीएसएसएस को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



खेल संस्कार ग्रुप द्वारा आयोजित रेड बुल कप आईसीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गुरुवार को जागरण लेक सिटी एवं बीएसएसएस कॉलेज के बीच खेला गया। इस फाइनल मुकाबले में जागरण लेक सिटी में टॉस जीत का पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में तीन विकेट को नुकसान पर 306 रन बनाए, जिसमें प्रियांशु प्राण ने 14 चौके और 16 छक्कों की मदद से 82 गेंद में 177, मोहित शुक्ला ने 7 चौके और 4 छक्कों की मदद से 54 गेंद में 68 एवं कुणाल राय ने 14 गेंद में नाबाद 45 रनों का योगदान दिया।

बीएसएसएस कॉलेज की ओर से अक्षत मीणा ने 5 ओवर में 71 रन देख सर्वाधिक दो विकेट झटके। इसके अलावा वंश पटेल ने 5 ओवर में 58 में देकर एक सफलता अर्जित की। जवाबी बल्लेबाजी करने उतरी बीएसएसएस कॉलेज की पूरी टीम 23.5 ओवर में 10 विकेट पर 136 रन ही बना सकी, जिसमें फैसल खान ने 30 गेंद में 31 एवं हर्षवर्धन ने 29 गेंद में 25 रनों का योगदान दिया।

जागरण लेक सिटी के राहुल दुखांडे ने 5 ओवर में 22 रन लेकर तीन, अक्षय शुक्ला ने 5 ओवर में 39 रन देकर 3, साहिल सिंह ने पांच ओवर में 27 रन देकर दो एवं अभि ने 3.5 ओवर में 17 रन देकर दो सफलता अर्जित की। इस प्रकार जागरण लेक सिटी ने यह मुकाबला 170 रन के विशाल अंतर से जीतकर खिताब पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के लाइफटाइम सदस्य अरुणेश्वर सरन सिंह देव, रेड रोज ग्रुप के अध्यक्ष सुमित पांडे, मध्य प्रदेश रणजी ट्रॉफी टीम के सिलेक्ट बृजेश तोमर एवं बीसीसीआई मैच रेफरी सोहेल अंसारी, पार्षद प्रियंका अनिल मिश्रा, अंकित शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर खेल संस्कार ग्रुप के सचिव सागर रायकवार, सहसचिव सूरज बगजाई, प्रिंस अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजाराम उपस्थित रहे।

**गुरु कप इंटर स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता**

# आर्मी स्कूल, डीपीएस कोलार, सेंट थॉमस, बिल्लाबांग सेमीफाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




बरकत उल्ला विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद शारीरिक शिक्षा विभाग के खेल मैदान पर भारत भूषण त्रिपाठी गुरु कप फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में 4 मैच खेले गए। पहला मैच आर्मी पब्लिक स्कूल विरुद्ध ओरिएंटल स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें 5-0 से मैच को जीतकर आर्मी पब्लिक स्कूल ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच जयेश आर्मी पब्लिक स्कूल भोपाल रहे।

दूसरा मैच डीपीएस कोलार विरुद्ध मदर टेरेसा स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें डीपीएस कोलार ने 3-0 से मदर टेरेसा से मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच मदर टेरेसा स्कूल के मानिक को मिला। तीसरा क्वार्टर फाइनल सेंट थॉमस विरुद्ध लोरन पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। इस मैच में सेंट थॉमस ने 1 - 0 से मैच को जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंतिम क्वार्टर फाइनल मैच बिल्लाबोंग स्कूल बनाम सेज स्कूल अयोध्या नगर के बीच खेला गया, जिसमें बिल्लाबांग स्कूल ने सेज को 5- 0 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच बिलॉन्ग स्कूल के जूनियर राहत रहे। आज के मैच में मुख्य अतिथि बीडीए ओएसडी मुकेश द्विवेदी तथा मेजर ध्यानचंद शारीरिक शिक्षा विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. आलोक मिश्रा ने खिलाड़ियों पुरस्कृत किया।

# स्व. केशर देवी स्मृति टी-20 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 30 से

**भोपाल।** स्व. केशर देवी की स्मृति में पुलिस लाइन नेहरू नगर में 30 अप्रैल से रात्रिकालीन टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट के आयोजक योगराज सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता आईसीसी के नियमों के अनुसार खेली जाएगी। सभी मैच 20-20 ओवरों के खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में भोपाल और प्रदेश के अलावा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जेपी यादव और ईश्वर पांडे समेत कई राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। पहला मैच शाम 5 बजे से शुरू होगा, जबकि दूसरा मैच 8.30 बजे से खेला जाएगा। टूर्नामेंट का संचालन प्रशांत सेंगर एवं विकास कुमार करेंगे। सभी टीमों को 1 घंटा 20 मिनट में अपनी पारी के ओवर समाप्त करने होंगे, अन्यथा उनके ओवर कम कर दिए जाएंगे। वहीं प्रतियोगिता की लाइव स्ट्रीमिंग यूट्यूब पर होगी। सिंह ने बताया कि टी-20 नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में शहर की 28 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिसमें 420 खिलाड़ी अपनी-अपनी प्रतिभा को निखारेंगे। वहीं 12 विभागीय और 16 कॉर्पोरेट की टीमें खेलेंगी। योगराज ने बताया कि कार्पोरेट ग्रुप की टीमों के लिए इनामी राशि विजेता को 50,000 रुपए और उपविजेता टीम को 25,000 रुपए रखी गई है। वहीं विभागीय टीमों के विजेता को 50,000 रुपए और उपविजेता को 25,000 रुपए की राशि से नवाजा जाएगा। टूर्नामेंट का शुभारंभ विशेष पुलिस महा निदेशक म.प्र. पुलिस आईपीएस शेलेश सिंह एवं बंसल हॉस्पिटल के डॉ. गुरसागर सिंह सहोटा करेगें। यह टूर्नामेंट डीसीपी जोन-3 आईपीएस रियाज इकबाल, पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भोपाल आईपीएस नागेन्द्र सिंह एवं रक्षित निरीक्षक जय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में प्रारम्भ किया जा रहा है।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

आवश्यकता
कोमोरी ऑफसेट ऑपरेटर - कोमोरी लिथ्रोन -426,प्रिंटिंग मशीन हेतु कर्मचारियों की अति शीघ्र आवश्यकता है। ऑपरेटर, फिडर मैन, कटिंग मैन, हेल्पर संपर्क - 7566100099- हिन्दुजा ऑफसेट, रायपुर(छत्तीसगढ़)
R- 14/04 to 13/05/24

सिक्योरिटी कंपनी को भारी मात्रा में अनुभवी गार्ड, लेडी गार्ड एवं सुपरवाइजर की आवश्यकता है । आकर्षक वेतन दी जावेगी । तुरंत संपर्क करे । 9630490364, 9993771317
B- 04/04 to 03/05/24

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2022 से लागू

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R-28/03 to 12/05/24 not on 17/4

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

कृत्रिम अंग (पैर)
कैलिपर, एवं शारिरिक सहायक उपकरण बनायें जाते है।

संपर्क करें- मो.9826350154,6266402502
अजंता रिहैबिलिटेशन सेंटर 5/4 संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर न्यू मार्केट के पास भोपाल (म.प्र.)

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक** धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।


**धनु** वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

## शब्द पहेली - 5493



**बाएँ से दाए-**
1.सफल,उत्तीर्ण-4
5.ओस,रजनीजल-4
7.फरार होना,चंपत होना, पलायन करना-5
9.महीना,मास-2
10.साल का बारहवां भाग-2
13.पुचकारना-4
15.विष्णु,चक्रधारी-4
17.निरुत्तर होना-5
18.अपनत्व-5
20.असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23.निकृष्ट,अल्पतर-4
26.अंधकार-2
27.बुरा आदत-2
29.रसायन संबंधी-5
31.ब्राम्हण,सम्राट-4
32.गजानन,गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2.मां,आई,मदर-2
3.बारिश का गिरना-4
4.निर्माता,रचयिता-5
5.लज्जाना -4
6.मुलायम-2
8.उम्मीद-2
9.हार,जयमाल-2
11.हरे रंग का-2
12.वचन,प्रतिज्ञा-2
14.हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16.जनेऊ,उपनयन संस्कार-5
19.विलेन,नायक का विलोम-5
20.बादल-2
21.बुरी आदत-2
22.यम,मृत्यु का देवता-4
23.पानी के बहने की आवाज-2,2
24.वोट,अभिमत-2
28.इस जगह-2
30.कारावास,बंधन-2

**शब्द पहेली -5492 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | ■ | म | ■ | प | र | दा | न | शी |
| पू | ■ | क | ल | श | ■ | छ | बी | ल | ■ | त |
| त | ल | ■ | ■ | व | ■ | ता | ■ | ■ | सा | ल |
| ■ | ल | ■ | धा | रा | प्र | वा | ह | ■ | व | ■ |
| म | क | ब | रा | ■ | था | ■ | म | हा | न | ता |
| ■ | ■ | ■ | वा | दा | ■ | मा | स | ■ | ■ | ■ |
| ह | म | रा | ही | ■ | पा | ■ | फ | र | मा | न |
| ■ | यू | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | य | ■ |
| ख | र | ■ | ■ | थी | ■ | र | ■ | ■ | का | न |
| प | ■ | ब | र | खा | ■ | ना | र | द | ■ | य |
| त | र | स | खा | ना | ■ | मा | ■ | म | न | न |

## सूडोकु नवताल - 5504

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5503 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## खबर संक्षेप

### एयरटेल का किफायती रोमिंग पैक पेश

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने विदेश यात्रा करने वाले ग्राहकों के लिए किफ़ायती अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पैक पेश किए हैं। नए पैक में 184 देशों तक पहुंच शामिल है और इनका टैरिफ 133 रुपए प्रतिदिन से शुरू होता है, जो इन्हें विदेशों में मिलने वाले लोकल सिम की तुलना में भी काफ़ी किफ़ायती विकल्प प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, इन पैक्स के साथ बेहतर डेटा बेनिफिट्स, उड़ान के दौरान इन-फ्लाइट कनेक्टिविटी और 24x7 कॉन्टैक्ट सेंटर सपोर्ट उपलब्ध होता है।

### अपोलो ग्रुप ने लांच किया जीनोमिक्स इंस्टीट्यूट

**अहमदाबाद।** अपोलो ग्रुप ने अहमदाबाद में गुजरात की पहली सुविधा के शुभारंभ के साथ अपोलो जीनोमिक्स इंस्टीट्यूट के विस्तार की घोषणा की है। अपोलो ग्रुप ने जीनोमिक्स में अपने निवेश को दोगुना किया है। इससे पहले अपोलो जीनोमिक्स इंस्टीट्यूट को पहले मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और कोलकाता में लांच किया गया था। हालाँकि, वर्तमान समय में, आनुवंशिक विकारों की संख्या में वृद्धि को नजरअंदाज कर दिया गया है। जीनोमिक्स के साथ, इन बीमारियों को प्रकट होने से पहले ही पहचाना जा सकता है।

### डीसीबी बैंक का लाभ 156 करोड़ रु. पहुंचा

**मुंबई।** डीसीबी बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने अपनी बैठक में 31 मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही और पूरे साल के लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के लिए बैंक का कर पश्चात लाभ पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 9 फीसदी की वृद्धि के साथ 156 करोड़ रुपए रहा। वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में कर पश्चात लाभ 142 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2024 के लिए बैंक का कर पश्चात लाभ पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 15 फीसदी की वृद्धि के साथ 536 करोड़ रुपए था।

टॉप-5 में एलन के 3 स्टूडेंट्स को स्थान

# जेईई-मेन में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के नीलकृष्ण ऑल इंडिया टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई-मेन 2024 के परिणाम में एक बार फिर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। देर रात तक देखे गए परिणामों में एलन स्टूडेंट ने आल इंडिया टॉप किया है, इसके साथ ही टॉप-5 में एलन के 3 स्टूडेंट्स ने स्थान प्राप्त किया। एलन के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि एलन के दो वर्ष से क्लासरूम स्टूडेंट नीलकृष्ण ने आल इंडिया टॉप किया है।

वहीं रैंक-2 पर भी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट दक्षेस संजय मिश्रा व रैंक-4 पर भी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट आदित्य कुमार रहे हैं। जेईई के रिजल्ट्स में एलन ने सफलता के क्रम को बरकरार रखते हुए बेहतर परिणाम दिए हैं। 100 पर्सेंटाइल ने 56 स्टूडेंट्स शामिल हुए हैं। शुरुआती परिणामों में टॉप-5 स्टूडेंट्स शामिल हैं। परीक्षा में 14 लाख 76 हजार 557 ने रजिस्ट्रेशन करवाया, इसमें से 14 लाख 15 हजार 110 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। यह संख्या जेईई-मेन के इतिहास में अब तक सबसे अधिक है। दोनों सेशन में कुल 10 लाख 67 हजार 959 कॉमन विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। एलन से बड़ी संख्या में टॉप स्टूडेंट्स ने जेईई-एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया है।



### जब तक डाउट क्लीयर नहीं हो जाए, पूछते रहो : नीलकृष्ण

एलन के रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट नीलकृष्ण ने जेईई-मेन में आल इंडिया रैंक-01 प्राप्त की है। किसान परिवार के बेटे नील ने इससे पहले जेईई-मेन जनवरी में 100 पर्सेंटाइल स्कोर एवं परफेक्ट स्कोर 300 में से 300 अंक हासिल किए हैं। नील ने बताया कि पिता किसान हैं और परिवार खेती पर निर्भर है। परिवार के सामने आर्थिक चुनौतियां भी रही हैं। एलन में एडमिशन लिया तो 75 प्रतिशत स्कॉलरशिप मिली, इसी कारण मैं जेईई की तैयारी में आगे बढ़ सका। एक स्टूडेंट को ज्यादा से ज्यादा जानने की इच्छा रखनी चाहिए और जब तक सवाल का हल समझ नहीं आ जाता तब तक पूछते रहना चाहिए। पूछने में शर्म नहीं करनी चाहिए। रोजाना 10 से 12 घंटे सेल्फ स्टडी करना चाहिए। अब जेईई एडवांस पर पूरा फोकस है। आईआईटी मुंबई की सीएस ब्रांच से बीटेक करना चाहता हूं।



### एनसीईआरटी सिलेबस पर फोकस किया: दक्षेश मिश्रा

दक्षेश ने बताया कि मैं रोजाना 10 से 12 घंटे सेल्फ स्टडी करता हूं। दक्षेश ने अपना स्टडी प्लान शेयर करते हुए बताया कि मैं पूरी तरह एनसीईआरटी सिलेबस पर फोकस करता हूं। मैथ्स व फिजिक्स के सवालों की प्रैक्टिस करता हूं क्योंकि इससे कॉन्फिडेंस लेवल मजबूत होता है। लास्ट टाइम में रिवीजन सबसे महत्वपूर्ण है। फिलहाल जेईई एडवांस्ड पर पूरा फोकस है। आईआईटी मुंबई की सीएस ब्रांच से बीटेक करने का सपना है।



### एस्ट्रो फिजिक्स के क्षेत्र में जाना चाहता हूं: आदित्य

आदित्य ने जेईई मेन में परफेक्ट स्कोर 300 में से 300 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 4 हासिल की है। आदित्य ने बताया कि मैं रोजाना 8 से 9 घंटे सेल्फ स्टडी करता हूं। एलन में समय-समय पर जो टेस्ट होते थे, उनको लेकर काफी सीरियस रहता था, क्योंकि टेस्ट से ही आप खुद का एनालिसिस कर पाते हो। फिलहाल जेईई एडवांस पर फोकस है। मैं आईआईटी मुम्बई की सीएस ब्रांच से बीटेक करने के बाद एस्ट्रोफिजिक्स के क्षेत्र में जाना चाहता हूं।

### जेईई-मेन में आकाश एजुकेशनल भोपाल के ऋषि सोगिरकर बने सिटी टॉपर

**भोपाल।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने भोपाल से अपने स्टूडेंट ऋषि की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट



एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 99.97 पर्सेंटाइल हासिल किया है। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में सिटी टॉपर ऋषि सोगिरकर ने 99.97 पर्सेंटाइल (फिजिक्स में 100 पर्सेंटाइल) व एआईआर 642 हासिल की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया है। उनकी उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षक और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के समर्थन का बड़ा हाथ है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर, डॉ. एचआरराव ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए जोर दिया।

# ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक को मिला सालभर में 10 हजार इलेक्ट्रिक बसों का ऑर्डर

◆ ओलेक्ट्रा का राजस्व 5.8 फीसदी की वृद्धि के साथ 1154.14 करोड़ रुपए पहुंचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदराबाद/भोपाल

इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति करने वाली कंपनी ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड ने अपने वार्षिक वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी को वित्त वर्ष 2023-24 में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए कुल 8,232 ऑर्डर मिले।

इस साल की चौथी तिमाही में कंपनी ने देश में 10,000 इलेक्ट्रिक बसों का ऑर्डर हासिल करने का मील का पत्थर पार कर लिया है। कंपनी अब तक 1,746 इलेक्ट्रिक वाहनों की आपूर्ति कर चुकी है। इसमे चौथी तिमाही में 131 इलेक्ट्रिक वाहन शामिल थे। अब तक कुल बस की मांग 10,969 है।

### 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के प्रदर्शन के मुख्य अंश

वित्त वर्ष 23-24 के लिए राजस्व 5.8 फीसदी की वृद्धि के साथ 1154.14 करोड़ रुपए हो गया। पूरे वर्ष के लिए कंपनी का एबिटा 185.51 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 20.5 फीसदी की मजबूत वृद्धि दर्शाता है। पीएटी 76.83 करोड़ रुपए है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के 65.59 करोड़ रुपए की तुलना में 17.1फीसदी अधिक है। ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक केवी प्रदीप ने कहाकि हम अपनी निर्माण क्षमता और प्रौद्योगिकी क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। कंपनी ने 24 फरवरी से नई सीतारामपुर फैक्ट्री में आंशिक उत्पादन शुरू कर दिया है और इन बसों की पहली खेप की डिलीवरी हो चुकी है।

पिछले साल बदली वैट में रिटर्न की व्यवस्था

# चार दिन शेष, पोर्टल पर वार्षिक रिटर्न फॉर्म नहीं

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

वैट के वार्षिक रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख 30 अप्रैल है। मियाद बीतने में 4 दिन शेष हैं, लेकिन वाणिज्यिक कर विभाग ने पोर्टल पर वार्षिक रिटर्न के फार्म भी जारी नहीं किए हैं। बीते साल तक वैट के रिटर्न त्रैमासिक दाखिल होते थे।

■ विभाग ने दिया एक आंतरिक पत्र जारी कर व्यवस्था बनाने के निर्देश

बीते साल मई में अधिसूचना जारी कर इसे वार्षिक रिटर्न में तब्दील कर दिया था। हालांकि करीब साल भर में भी वाणिज्यिक कर विभाग के जिम्मेदारों को इतना समय नहीं मिला की नया रिटर्न फार्म तैयार कर पोर्टल पर अपलोड कर दें। अब जब कर सलाहकारों ने विभाग का ध्यान खींचा तो एक आंतरिक पत्र विभाग में जारी कर सिर्फ व्यवस्था बनाने का निर्देश दे दिया गया है।



### डीलरों से दोबारा पूरी डिटेल के साथ रिटर्न भरवाना उचित नहीं

हमारे संगठन द्वारा पेट्रोल एवं डीजल को कर चुके मॉल में रखने की मांग पिछले वर्ष राज्य शासन से की गई थी, परंतु उन्होंने वह मांग नहीं मानी। केवल तिमाही रिटर्न को वार्षिक रिटर्न के रूप में वर्ष में एक बार प्रस्तुत करने की सुविधा दे दी। पेट्रोल एवं डीजल पर प्रथम बिंदु पर ही कर कंपनियों द्वारा वसूल लिया जाता है इसलिए डीलरों से दोबारा पूरी डिटेल के साथ रिटर्न भरवाना का कोई उपयोग नहीं है।

मृदुल आर्य, अध्यक्ष टैक्स ला बार एसोसिएशन भोपाल

### पुराने रिटर्न फॉर्म को ही वार्षिक रिटर्न के रूप में दाखिल कर सकेंगे

वाणिज्यक कर मुख्यालय ने सभी वृत्त प्रभारियों को निर्देश दिया कि वैट की वार्षिक विवरणी दाखिल करवाने के लिए व्यापारियों को ऑनलाइन फ्लैग कर दें। यानी रिटर्न फार्म तो पुरानी ही रहेगा। वृत्त प्रभारी अपने अधीन आने वाले व्यापारियों को ऑनलाइन फ्लैग कर देंगे। इससे वे पुराने रिटर्न फॉर्म को ही वार्षिक रिटर्न के रूप में दाखिल कर सकेंगे।

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी समूह में 'कौन बनेगा वोटर नंबर वन' क्विज का आयोजन



**भोपाल।** एलएनसीटी समूह रायसेन रोड , भोपाल में कोन बनेगा वोटर नंबर वन क्विज का सफल एवं प्रभावी आयोजन रविकांत ठाकुर, स्वीप संयोजक, क्विज - संयोजक, कार्यालय भोपाल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में लगभग 355 विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। एलएनसीटी समूह के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे सर ने सभी से मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान में भाग लेने हेतु आह्वान किया। डॉ. अशोक कुमार राय, डॉयरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन, डॉ. अमितबोध उपाध्याय - कौन बनेगा वाटर नंबर वन कार्यक्रम के एलएनसीटी समूह के संयोजक, डॉ. पारूल मेहता, डॉयरेक्टर फार्मेसी ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. अशोक राय ने समूह द्वारा मतदान जागरूकता हेतु उठाए गए कदमों से सभी को अवगत कराया। रविकांत ठाकुर कौन बनेगा वाटर नंबर वन कार्यक्रम संयोजक ने सफल एवं प्रभावी संचालन मोहन मालवीय के साथ किया। कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंटस को मतदान हेतु जागरूक किया। जिला स्तर क्विज हेतु टॉप 10 स्टूडेंट्स का चयन किया गया, इसके आलावा मेंटर और दर्शक दीर्घा के लिए भी क्विज आयोजित हुई और कार्यक्रम के अच्छे फोटो क्लिक करने वाले विद्यार्थियों का लकी ड्रॉ के लिए चयन हुआ। टॉप टेन क्विज हेतु स्टूडेंट्स का चयन लकी ड्रॉ के माध्यम से कॉलेज लेवल विनर्स में से किया गया।

### दीपक एडवरटाइजिंग उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा पुनः सूचीबद्ध

**भोपाल।** आउट ऑफ बॉक्स क्रिएटिविटी और बेस्ट सर्विसेज की अपनी विशेषता के कारण आज मध्य भारत में लोकप्रिय दीपक एडवरटाइजिंग को पुनः उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा सूचीबद्ध किया गया है। दीपक एडवरटाइजिंग के एमडी दीपक जेठा ने कहा कि एजेंसी के इनोवेटिव एप्रोच के साथ टीम वर्क से ही यह उपलब्धि अर्जित हुई है। दीपक एडवरटाइजिंग द्वारा तैयार होने वाले विज्ञापनों का यूनिक प्रेजेंटेशन क्लाइंट्स और पब्लिक को हमेशा आकर्षित करता है। उल्लेखनीय है कि एडवरटाइजिंग एजेंसी के रूप में शुरू हुआ दीपक एडवरटाइजिंग का सफर आज 360 डिग्री कम्युनिकेशन सॉल्यूशन प्रोवाइडर के नए आयाम पर पहुंच चुका है। दीपक एडवरटाइजिंग आज देश के 4 राज्यों के छह शहरों इंदौर, गुड़गांव (दिल्ली), जयपुर, भोपाल, नागपुर और जबलपुर में अपनी सेवाएं दे रही है। अपनी रचनात्मक कार्य कुशलता से दीपक एडवरटाइजिंग ने 16 बार एजेंसी ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड, सम्मिट इंटरनेशनल गोल्ड अवॉर्ड, प्लेटिनम एजेंसी ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड जैसे 181 से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड अर्जित किए हैं।

### ब्लू स्टार ने रूम एयर कंडीशनर के प्रीमियम मॉडलों की नई रेंज लांच की

**भोपाल।** गर्मी के मौसम को देखते हुए ब्लू स्टार लिमिटेड ने रूम एयर कंडीशनर की नई व्यापक रेंज को बाजार में उतारा है। इसमें 'श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ किफायती' रेंज और 'फ्लैगशिप प्रीमियम' रेंज शामिल है। कुल मिलाकर, कंपनी ने हर उपभोक्ता वर्ग की जरूरतों को पूरा करने के लिए एयर कंडीशनर के 100 से अधिक मॉडल लांच किए हैं, जिनमें इन्वर्टर, फिक्स्ड स्पीड और विंडो एसी शामिल हैं। कंपनी के हरिदास सी, एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसीडेंट और वाइस प्रेसीडेंट मार्केटिंग गिरीश हिंगोरानी ने बताया कि बाजार में ऐसे




संकेत हैं कि मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं के पास खर्च करने योग्य पर्याप्त रकम है। ऐसे उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या के कारण रूम एसी के बाजार में महत्वपूर्ण मांग देखी जा रही है। इसी क्रम में कंपनी इन्वर्टर स्प्लिट एसी सेगमेंट में तीन श्रेणियां लांच की हैं। इनमें 2-स्टार, 3-स्टार और 5-स्टार वेरिएंट में फ्लैगशिप, प्रीमियम और किफायती रेंज शामिल हैं। ये एसी 29,990 रुपए से शुरू होने वाली आकर्षक कीमतों पर 0.8 टीआर से 2.2 टीआर तक विभिन्न कूलिंग क्षमताओं में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि ब्लू स्टार ने बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपनी मैन्यूफेक्चरिंग, आरएंड डी और इनोवेशन क्षमताओं का लाभ उठाते हुए नए, विशिष्ट और सर्वोत्तम श्रेणी के एसी लॉन्च करने के लिए कई प्रोडक्ट लॉन्च किए हैं।

### आयकर में टैक्स लॉ बार एसोसिएशन की कैपिटल गेन विषय पर हुई परिचर्चा



**भोपाल ।** टैक्स लॉ बार एसोसिएशन द्वारा अपने सदस्यों के लिए आयकर में कैपिटल गैन विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसे वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट अंशुल अग्रवाल ने संबोधित किया। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को बताया की आयकर में ग्रामीण कृषि भूमि के विक्रय पर कैपिटल गैन टैक्स की देनदारी नहीं आती है, क्योंकि आयकर कानून के अंतर्गत ग्रामीण कृषि भूमि एक पूंजीगत वस्तु नहीं है, परंतु आयकर कानून के अंतर्गत भूमि ग्रामीण कृषि भूमि की श्रेणी में आती है इसके लिए व्यक्ति को तहसीलदार से प्रमाण पत्र लेकर रखना चाहिए। साथ ही उन्होंने कैपिटल गैन के विषय में विभिन्न न्यायालयीन आदेशों के द्वारा यह बताया की किस-किस ट्रांजैक्शन पर कैपिटल गैन टैक्स से बचा जा सकता है। उन्होंने आयकर की नई टैक्स रिजीम एवं पुरानी टैक्स रिजीम के फायदे और नुकसान के विषय में भी जानकारी दी, उन्होंने बताया कि वर्ष 2023- 24 के लिए नई टैक्स रिजीम पहली प्राथमिकता है अगर व्यक्ति पुरानी टैक्स रिजीम में जाना चाहता है तो उसके लिए उसको एक फॉर्म भरकर उसका चयन करना पड़ेगा। इस कार्यक्रम में उपस्थित कर सलाहकारों ने 7 तारीख को होने वाले मतदान में मतदान अवश्य करने एवं अपने मित्रों और परिचितों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। इस अवसर पर टैक्स ला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मृदुल आर्य उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल व बच्चन आचार्य सचिव मनोज पारख कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल वरिष्ठ सदस्य संजय श्रीवास्तव भूपेश खुरपिया गोविंद वसंता आदि उपस्थित थे।

### आईआईएसईआर 2024-25 के लिए खुला प्रवेश, आवेदन की अंतिम तिथि 13 मई




**भोपाल।** भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) ने बीएस-एमएस (दोहरी डिग्री) और चार वर्षीय बीएस डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। आईआईएसईआर बेरहामपुर, आईआईएसईआर भोपाल, आईआईएसईआर कोलकाता, आईआईएसईआर मोहाली, आईआईएसईआर पुणे, आईआईएसईआर तिरुवनंतपुरम और आईआईएसईआर तिरूपति सहित आईआईएसईआर में प्रवेश चाहने वाले संभावित उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आईआईएसईआर एप्टीट्यूडटेस्ट (आईएटी 2024) के लिए पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है । ऑनलाइन आवेदन विंडो 13 मई 2024 तक खुली रहेगी और प्रवेश परीक्षा 9 जून 2024 (रविवार) को आयोजित होने वाली है। भारतीय नागरिकता वाले आवेदक, भारतीय मूल के व्यक्ति (पीआईओ), भारत के विदेशी नागरिक (ओसीआई), और विदेशी नागरिक आईएटी 2024 के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

### नवरचना यूनिवर्सिटी में ग्रेजुएशन कोर्स की शुरूआत

**भोपाल।** नवरचना यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ एनवायर्नमेंटल डिजाइन एंड आर्किटेक्चर ने प्रोडक्ट डिजाइन और विजुअल कम्युनिकेशन ने अपने इनोवेटिव बीडिज़ाइन प्रोग्राम को लांच किया है। आगामी शैक्षणिक वर्ष से शुरू होने वाले इस अत्याधुनिक कार्यक्रम का उद्देश्य डिजाइनरों की एक नई पीढ़ी तैयार करना है जो रचनात्मकता, नवीनता और बाउन्ड्री पुशिंग डिजाइन कन्सेप्ट्स को सहजता से जोड़ सकें। प्रोडक्ट डिजाइन और विजुअल कम्युनिकेशन में बीडिज़ाइन कार्यक्रम छात्रों को दो विशिष्ट लेकिन परस्पर संबंधित स्पेशियलाइजेशन करने का अवसर प्रदान करता है । नवरचना विश्वविद्यालय प्रोवोस्ट तथा पर्यावरण डिजाइन और आर्किटेक्चर स्कूल के डीन प्रोफेसर प्रत्यूष शंकर ने कहाकि प्रोडक्ट डिजाइन और विजुअल कोम्युनिकेशन के क्रोसरोड पर अनंत संभावनाएं निहित हैं। हमारा कोर्स एक उपजाऊ जमीन प्रदान करता है जहां छात्र विविध दृष्टिकोणों के साथ जुड़ सकते हैं, विभिन्न विषयों में सहयोग कर सकते हैं और इनोवेशन की सीमाओं को आगे बढ़ा सकते हैं। आर्ट के प्रोफेसर निलाओय नंदी विजुअल कम्युनिकेशंस में अपनी विशेषज्ञता और अनुभव का लाभ देंगें।

### प्रभाकर सोनी को सुयश, 10वीं में 86.4 परसेंट अंक हासिल किए



**भोपाल।** एमपी बोर्ड के कक्षा 10वीं के घोषित हुए रिजल्ट में राजधानी के भेल क्षेत्र के न्यूशिवनगर, आनंदनगर में निवासरत और महात्मा गांधी शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में अध्ययनरत छात्र प्रभाकर सोनी ने सुयश प्राप्त किया है। प्रभाकर सोनी ने कक्षा में 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। क्लास में टाप रेंक छात्रों में शामिल प्रभाकर सोनी को विद्यालय के अध्यापक और अध्यापिकाओं ने बधाई दी है। प्रभाकर सोनी ने 86.4 फीसदी अंक प्राप्त कर न सिर्फ स्कूल का नाम रोशन किया है बल्कि अपने माता-पिता का नाम भी रोशन किया है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने की कुणाल रॉय के साथ साझेदारी

**मुंबई।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने बैंकिंग धोखाधड़ी जागरूकता अभियान पहचान कौन 3.0 को रिलीज किए जाने की घोषणा की। इससे पहले के दो संस्करणों की शानदार सफलता तो आगे बढ़ाते हुए, इस नए अभियान का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से होने वाले डीपफेक स्कैम जैसी आधुनिक युग की धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, क्योंकि इससे अत्यधिक सतर्कता बरतने वाले ग्राहक भी इस तरह की धोखाधड़ी का शिकार बन सकते हैं।

बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक लाल सिंह ने कहा कि आजकल लोगों को ठगने के उद्देश्य से की जाने वाली ऑनलाइन धोखाधड़ी बड़ी सामान्य बात हो गई है और यह खतरा लगातार बना हुआ है। इसके अलावा, नई तकनीक के आने के बाद से पैसों की ठगी करने वाले लोगों के काम करने के तरीकों में भी बदलाव आया है। इसलिए, सबसे जरूरी बात है कि हम सभी बहुत ज्यादा सावधानी बरतें और संभावित धोखाधड़ी/स्कैम की पहचान करना सीखें। बैंक ऑफ़ बड़ौदा का पहचान कौन अभियान ग्राहकों के लिए स्वयं सतर्क रहने की आवश्यकता पर जोर देता है, ताकि वे साइबर अपराधियों की वजह से संभावित खतरों से अपनी मेहनत की कमाई की सुरक्षा कर सकें।

### आईसीआईसीआई बैंक की आईमोबाइल एप पर दिक्कत

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक की मोबाइल एप्लीकेशन आईमोबाइल पे पर तकनीकी दिक्कत की खबरें सामने आई हैं। कुछ यूजर्स ने दावा किया है कि वो इस प्लेटफॉर्म पर दूसरों के क्रेडिट कार्ड की सेंसेटिव इनफॉरमेशन आदि देख सकते हैं। इस परेशानी के सामने आते ही आईसीआईसीआई बैंक हरकत में आ गया और इस समय आईमोबाइल यूजर्स अपने क्रेडिट कार्ड डिटेल्स भी ऐप पर नहीं देख पा रहे हैं। संभवतः बैंक ने सिक्योरिटी कदम उठाते हुए सभी के कार्ड डिटेल्स विजिबिलिटी को रोका है।


## पश्चिम मध्य रेल

**म.रे.प्र./कार्य/भोपाल ■ खुली ई-निविदा सूचना ■ दि. 25.04.2024**

**वरिष्ठ मण्डल अभियंता/सम./पश्चिम मध्य रेल, भोपाल,** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15.30 बजे तक ई–टेन्डर आमंत्रित करते है। संपुर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिए कोई मॅन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरुरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानुन 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाएं प्रस्तुत करें। **NIT No.:** 24-25-N-01-09, Date 19.04.2024. **Name of work including Location:** बीना रेल्वे स्टेशन वॉटर फिल्टरेशन प्लान्ट स्थित फिल्टर बेडस में फिल्टर मिडीया सप्लाई, रिमुवल तथा रिफिलींग का कार्य। **Published cost of tender:** ₹ 9,10,777/-. **Earnest Money:** ₹ 18,200/-. **Completion Period:** 2 माह। **Last date for submitting tender:** 10.05.2024. **NIT No.:** 24-25-N-02-10, Date 19.04.2024. **Name of work including Location:** सहायक मंडल अभियंता/गुना के सेक्शन में रुठियाई, गुना, शहाडोरागाव, अशोकनगर, पिपराईगाव, गुनेरु बामोरी, मुंगावली तथा अन्य लोकेशन्स पर स्थित स्टाफ क्वार्टर्स के दरवाजे, खिडकिया, फेन्सिंग गेट आदि के मरम्मत का कार्य। **Published cost of tender:** ₹ 30,42,086/-. **Earnest Money:** ₹ 60,900/-. **Completion Period:** 4 माह। **Last date for submitting tender:** 13.05.2024. **NIT No.:** 24-25-HQ-05-11, Date 23.04.2024. **Name of work including Location:** सहायक मंडल अभियंता/कार्य/भोपाल के अधीन रानी कमलापति में टाइप V आवास तथा नर्मदा ऑफीसर्स रेस्ट हाउस सुविधाओं में सुधार। **Published cost of tender:** ₹ 2,79,95,007/-. **Earnest Money:** ₹ 2,90,000/-. **Completion Period:** 12 माह। **Last date for submitting tender:** 17.05.2024. **NIT No.:** 24-25-HQ-06-12, Date 23.04.2024. **Name of work including Location:** हबीबगंज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय कैंपस में 2 युनिट तथा आरबी कॉलोनी में एक युनिट 20 केएलडी वेस्ट/सीवेज सोलर एनेबल ट्रीटमेंट प्लान्ट का प्रदाय, परिनिर्माण, टेस्टींग तथा कमिशानिंग। **Published cost of tender:** ₹ 64,54,800/-. **Earnest Money:** ₹ 1,29,100/-. **Completion Period:** 6 माह। **Last date for submitting tender:** 15.05.2024. **NIT No.:** 24-25-N-03-13, Date 24.04.2024. **Name of work including Location:** सहायक मंडल अभियंता/गुना के सेक्शन में रुठियाई, गुना, शहाडोरागाव, अशोकनगर, पिपराईगाव, गुनेरु बामोरी, मुंगावली तथा अन्य विविध लोकेशन पर स्थित आवासों के रुफ लिकेज, प्लास्टरींग तथा फ्लोअरिंग के भारी मरम्मत का कार्य। **Published cost of tender:** ₹ 70,90,057/-. **Earnest Money:** ₹ 1,41,800/-. **Completion Period:** 8 माह। **Last date for submitting tender:** 17.05.2024. **NIT No.:** 24-25-S-02-14, Date 24.04.2024. **Name of work including Location:** एमपीपीजीसीएल द्वारा बीड स्टेशन पर स्थित निजी जमिन पर सेवित प्लान्ट पर नये जीसीटी (पीएसएसएस जीसीटी - फेज - II) के सम्बन्ध में सिविल कार्यों का प्रावधान (डिपॉजीट बेसीस)। **Published cost of tender:** ₹ 6,54,34,002/-. **Earnest Money:** ₹ 4,77,200/-. **Completion Period:** 12 माह। **Last date for submitting tender:** 17.05.2024.

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर



इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

**इंडियन बैंक**
**कोलुआकलां शाखा : भोपाल**

**अनुच्छेद - IV { नियम-8 (1) } कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)**

यथतः इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी की हैसियत से सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 की धारा 13 (12) के नियम 3 के साथ प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग करते हुए खातों के सम्मुख अंकित दिनांक को देनदारों तथा जमानतदारों और संपत्ति मालिक को मांग सूचना पत्र जारी किया गया था। जिसमें उन्हें नोटिस में अंकित राशि एवं उस पर ब्याज की राशि को नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने हेतु निर्देशित किया गया है।

उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता ऋण चुकाने में असफल रहे है, अतः उधारकर्ताओं, जमानतदारों एवं बंधककर्ताओं एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया है।

उधारकर्ताओं, जमानतदारों एवं बंधककर्ताओं को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए इंडियन **इंडियन बैंक, (ई-इलाहाबाद बैंक) कोलुआकलां शाखा, भोपाल** के अधीन होगा। ऋणियों एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में सरफेसी अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | ऋणी /जमानतदार /बंधककर्ता का नाम | चल / अचल संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| 15/02/2024<br>20/04/2024<br>₹ 36.83 लाख + दिनांक 15.02.2024 से देय ब्याज एवं अन्य खर्च | ऋणी: **मेसर्स मंडल ऑटो पार्ट्स** (प्रोपराइटर– श्री कार्तिक मंडल), श्री कार्तिक मंडल पुत्र दासू मंडल (प्रोपराइटर– मेसर्स मंडल ऑटो पार्ट्स), ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता: श्रीमती पूनम मंडल पत्नि श्री कार्तिक मंडल एवं श्री विनोद ठक्कर पुत्र शंकर लाल | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित प्लॉट नंबर 12–ए सेक्टर, दुकान नंबर जी–6, भोपाल, म.प्र., क्षेत्रफल– 255 वर्गफिट संपत्ति मालिक– श्री कार्तिक मंडल पुत्र दासू मंडल चर्तुसीमाएं– पूर्वः प्लॉट नंबर 20, पश्चिमः सड़क, उत्तरः प्लॉट नंबर 11, दक्षिणः प्लॉट नंबर 16 |

स्थान : भोपाल, दिनांक : 20/04/2024
प्राधिकृत अधिकारी, (इंडियन बैंक)



इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

**इंडियन बैंक**
**राजगढ़ शाखा, राजगढ़**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 3(1) के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)**

**इंडियन बैंक, राजगढ़ शाखा** के माध्यम से प्राप्त किये गये ऋण जो कि एन.पी.ए. हो चुका है व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नवर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) दिनांक को पंजीकृत डाक एवं स्पीड पोस्ट पावती सहित आपको भेजी गई थी, मांग सूचना में हमने आशय को स्पष्ट कर दिया था, कि आपके द्वारा सूचना में दर्शाई राशि 60 दिनों के अन्दर जमा नहीं कराई गई तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक में बंधक संपत्ति जो कि निम्नलिखित ऋणियों/जमानतदारों के नाम है, उसका आधिपत्य ले लिया जायेगा। बकाया राशि का उल्लेख निम्नानुसार हैः-

| ऋणी /जमानतदार/ का नाम | नोटिस के अनुसार देय राशि मांग नोटिस दिनांक | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| ऋणीः 1. **श्री राकेश श्रीवास्तव** पुत्र शंभू दयाल **श्रीवास्तव,** 62k, नवीन कॉलोनी राजगढ़, Po+Ps+ जिला राजगढ़ म.प्र. पिन 465661<br>जमानतदार- 2. **श्री सुनील सिंह जाट पुत्र मोहनलाल,** जाट मोहल्ला, पुरा राजगढ़ Po+Ps+ जिला राजगढ़ म.प्र. पिन 465661<br>**3. नरेंद्र कौर पुत्री परमजीत सिंह,** वार्ड क्रमांक 11 सुभाष चौक नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़ मप्र पिन 465669 | ₹ 11,99,547/- +दिनांक 13/04/2024 से देय ब्याज एवं खर्चे<br>12/04/2024<br>एनपीए दिनांक 30.03.2024 | फ्री होल्ड सर्वे नंबर 2/1,2/2,2/3/1, 2/3/2, 40/1/1,40/1/2,40/1/ 3/1,40/1/3 /2, 40/2, प्लॉट नं. 16, सोना कुंज सोसाइटी एस्टेट कॉलोनी, ग्राम–बारी गदिया, पी.एच. क्रमांक–44, तहसील नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़, म.प्र. क्षेत्रफल–1685.76 वर्गफुट चर्तुसीमाएंः पूर्व–प्लॉट नंबर 15, पश्चिम– 7.50 मीटर कॉलोनी रोड, उत्तर– प्लॉट नंबर 17, दक्षिण– 7.50 मीटर कॉलोनी रोड |

अतः आप सभी को सुझाव दिया जाता है कि (1) उक्त मांग सूचना पत्र/लिफाफा जो कि आपको डाक प्राधिकरण द्वारा भेजा गया था, उसकी पावती प्राप्त नहीं हुई/जो बिना तामील वापिस प्राप्त हो गई है। आप नोटिस की कॉपी बैंक से प्राप्त कर लें ताकि आपको सूचना की संपूर्ण जानकारी प्राप्त हो जाये एवं (2) मांग सूचना में दर्शाई गई बकाया राशि ब्याज एवं खर्च आदि सहित मांग सूचना की दिनांक के 60 दिनों के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही से बच सकें।

**स्थान- राजगढ़**
**दिनांक- 26/04/2024**
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियन बैंक

## चिंतन

# चुनाव आचार संहिता का पालन करें प्रत्याशी

जैसे-जैसे आम चुनाव आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे नेताओं के बोल बिगड़ने लगे हैं। पहले चरण के प्रचार के दौरान नेता एक दूसरे दल पर प्रहार कर रहे थे, दूसरे चरण आते आते नेता नफरती बोल बोलने लगे हैं। आज जब देश में 13 राज्यों के 88 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान हो रहा है, केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने नरेंद्र मोदी व राहुल गांधी को अपने भाषणों में नफरती व विभाजनकारी शब्दों के इस्तेमाल के लिए नोटिस भेजा है। चुनाव आयोग के मुताबिक, मोदी ने राजस्थान में व राहुल ने केरल में असंयमित भाषा का इस्तेमाल किया है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने यह नोटिस आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर लोक प्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 77 के तहत जारी किया है। चुनाव आयोग को मिली शिकायत में कहा गया है कि 'ये नेता धर्म, जाति, समुदाय और भाषा के आधार पर लोगों को बांटने और नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं।' भाजपा व कांग्रेस के अध्यक्षों से 29 अप्रैल तक जवाब मांगा है। यूं तो अतीत में आम चुनाव के दौरान नेताओं ने अनेक बार अपने विरोधी दलों व नेताओं के खिलाफ अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया है, और उन पर चुनाव आयोग ने एक्शन भी लिया है। लेकिन चिंता की बात यह है कि चुनावों के दौरान नेता संयमित नहीं रहते हैं। आयोग के एक्शन का कोई फर्क नहीं पड़ता है। संसाधन बांटने की बात भी अतिश्योक्ति है और एक झटके में गरीबी खत्म होने की बात भी। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि करी 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। गरीबी उन्मूलन एक सतत प्रक्रिया है, इसे एक झटके में खत्म नहीं की जा सकती। प्रधानमंत्री रहते हुए अपने कार्यकाल के दौरान कांग्रेस नेता डॉ. मनमोहन सिंह ने ही कहा था कि उनकी सरकार के पास कोई जादू की छड़ी नहीं है। ऐसे में राहुल की ओर से एक झटके में गरीबी खत्म करने की बात कहना तार्किक नहीं है। अगर ऐसा है तो कांग्रेस का शासन करीब पांच दशक तक रहा है, फिर देश से गरीबी खत्म क्यों नहीं हुई? निर्वाचन आयोग का कहना है कि 'अपने प्रत्याशियों के कामों के लिए राजनीतिक दलों को ही पहली जिम्मेदारी उठानी चाहिए, ऊंचे पद पर बैठे लोगों के चुनावी भाषणों का असर ज्यादा गंभीर होता है।' ऐसे में स्टार प्रचारकों में शामिल बड़े नेताओं को अपने भाषणों के दौरान नापतौल कर बोलना चाहिए। देश में लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए कुछ नियम तय किए गए हैं। इन्हें 1951 में बनाए गए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में परिभाषित किया गया है। इनमें एक हिस्सा चुनावी आचार संहिता का है। चुनाव के समय हर प्रत्याशी को इसका पालन करना होता है। किसी भी जगह आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत मिलने पर चुनाव आयोग एक्शन लेता है। चुनावों में किसी भी प्रकार के भ्रष्ट आचरण, आपराधिक गतिविधि, विवादित व अमर्यादित भाषण देने वालों के खिलाफ ठोस एक्शन होना ही चाहिए। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत 1975 में इंदिरा गांधी पर, 2006 में सोनिया गांधी पर, 2014 में जयललिता पर, 2017 में नरोत्तम मिश्रा पर कड़ा एक्शन लिया गया था। नेताओं को चाहिए कि वे आचार संहिता का पालन करें और लोक प्रतिनिधत्व कानून का सम्मान करें।

# मताधिकार का बढ़चढ़ कर करें प्रयोग



आम चुनाव
प्रो. नीलम महाजन सिंह

> चुनाव प्रजातंत्र का सर्वश्रेष्ठ उत्सव है। चुनाव; मुद्दों, व्यक्ति व नीतियों को लेकर लड़े जाते हैं। पूर्व की तरह इस बार भी चुनाव में अनेक मुद्दे हावी हैं, लोकसभा चुनाव लड़ रहे दलों ने अपनी नीतियों को घोषणा पत्र के रूप में नागरिकों के सामने रखा है। चेहरा के तौर पर राजग का चेहरा एक बार फिर नरेंद्र मोदी हैं, तो कांग्रेस का चेहरा राहुल गांधी हैं। यदि कहें तो यह चुनाव भाजपा बनाम कांग्रेस है तो मोदी बनाम राहुल हैं। यह चुनाव गारंटी बनाम न्याय है तो बहुमत बनाम गठबंधन है। लेकिन इस चुनाव में कम मतदान चिंता का विषय है। चुनाव अंत्योदय का प्रतीक हैं, जिसमें जाति, धर्म, सामाजिक असमानता आदि से ऊपर उठ कर, हर जन को अपनी इच्छानुसार वोट डालना चाहिए।

पहले चरण का चुनाव 19 मई को हो चुका है, दूसरे चरण का चुनाव आज 26 मई को है। पहले चरण में आनुपातिक रूप से अपेक्षाकृत कम मतदान चिंता का विषय जरूर है, लेकिन दूसरे चरण में बढ़चढ़कर मतदान की उम्मीद है। चुनाव भारत के राजनीतिक प्रजातंत्र का सर्वश्रेष्ठ उत्सव है। चुनाव; मुद्दों, व्यक्ति व नीतियों को लेकर लड़े जाते हैं। पूर्व की तरह इस बार भी चुनाव में अनेक मुद्दे हावी हैं, लोकसभा चुनाव लड़ रहे दलों ने अपनी नीतियों को घोषणा पत्र के रूप में नागरिकों के सामने रखा है। चेहरा के तौर पर राजग का चेहरा एक बार फिर नरेंद्र मोदी हैं, तो कांग्रेस का चेहरा राहुल गांधी हैं। यदि कहें तो यह चुनाव भाजपा बनाम कांग्रेस है तो मोदी बनाम राहुल हैं। यह चुनाव गारंटी बनाम न्याय है तो बहुमत बनाम गठबंधन है। लेकिन इस चुनाव में कम मतदान चिंता का विषय है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान हो गया, अब 88 सीटों पर आज है। दूसरे चरण में 13 राज्यों में चुनाव हो रहे हैं। उम्मीद है चुनाव पहले की तरह इस चरण में भी कमोबेश शांतिपूर्ण होंगे। निर्वाचन आयोग ने पूरी तैयारी की है और शतप्रतिशत मतदान की अपील की है। यह प्रजातंत्र के लिए महत्वपूर्ण संकेत है कि राजनैतिक दलों की कड़ी नोकझोंक के बावजूद, भारतीय जनमानस ने अपने वोट के अधिकार का प्रयोग किया है। आरोप-प्रत्यारोप तो चुनावों में लगाए ही जाते हैं! मुख्य रूप से चुनाव मुद्दों से हटकर, व्यक्ति विशेष पर आधारित हो रहे हैं। कांग्रेस, भाजपा, व अन्य दलों में आया-राम व गया-राम का सिलसिला चलता रहा। फ़िर वोटिंग मशीन की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिन्ह लगाए गए हैं। पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 'बंपर वोटिंग' हुई। चुनावी अखाड़े में लड़ाई, मुख्य रूप से एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन की है। पहले फेज़ में नरेंद्र मोदी सरकार के 8 मंत्रियों की किस्मत दांव पर लगी है। चुनाव आयोग की डेटशीट के अनुसार, चुनाव 7 चरणों में होंगे जिसके नतीजे 4 जून, 2024 को आएंगे। पहले चरण में पश्चिम बंगाल समेत कुछ स्थानों पर हिंसा की कुछ छुट-पुट घटनाएं सामने आईं। वहीं छत्तीसगढ़ में एक ग्रेनेड लांचर के गोले में दुर्घटनावश विस्फोट होने से, सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। पहले चरण के चुनाव के बाद जो फीडबैक मिला है, उससे साफ है कि देश की जनता पूरी गंभीरता व दृढ़ता के साथ प्रजातांत्रिक प्रणाली में विश्वास रखती है। कांग्रेस के 'नफ़रत या प्यार की दुकान', नारे समान रूप से प्रभावी होते नजर नहीं आए।

पहले चरण में मणिपुर के कुछ जिलों से कुछ घटनाओं की सूचना को छोड़कर मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा। ईवीएम को कुछ नुकसान पहुंचाने, कुछ आपराधिक धमकी देने या किसी द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करने की कुछ रिपोर्टें भी मिली हैं। पश्चिम बंगाल में मतदाताओं में खूब जोश दिखा। उत्तर प्रदेश में आठों लोकसभा सीटों पर पहले चरण के लिए मतदान हुआ। असम में 60.70%, बिहार में 39.73%, छत्तीसगढ़ में 58.14%, मध्य प्रदेश में 53.40% मतदान हुआ है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री



और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम पहले चरण की चारों सीट जीत रहे हैं। लोग बढ़चढ़ कर वोट डाल रहे हैं। मौजूदा सरकार से लोग गुस्से में हैं। बिहार इस बार चौंकाने वाले परिणाम देगा। दावों की सच्चाई का पता चुनाव परिणाम आने के बाद लगेगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त सीएसई, राजीव कुमार ने युवाओं से मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा, 'आप आनंद महसूस करेंगे, ये मेरी गारंटी है'। पहले चरण के लिए मतदान केंद्रों पर मॉक पोल की कार्रवाई की गई। अब दूसरे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। पहले चरण के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज पहले चरण का मतदान हो रहा है। ये लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का बहुत बड़ा दिन है। मेरा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि संविधान से मिले इस अधिकार का उपयोग ज़रूर करें। विशेषकर मैं अपने युवाओं से आग्रह करूंगा, जो पहली बार वोट डालने जा रहे हैं, कि वे ऐसा मौका जाने न दें, वो अवश्य वोट करें। एमएनएम प्रमुख, कमल हासन ने चेन्नई में अपना वोट डाला। नितिन गडकरी ने कहा, हमें मतदान करना चाहिए, यह हमारा मौलिक अधिकार भी है और कर्तव्य भी है। मैं 101% आश्वस्त हूं कि मैं अच्छे अंतर से चुनाव जीतूगां। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने भी वोट डाला। उत्तराखंड में एक नवविवाहित जोड़े ने आम चुनाव के लिए पौढ़ी गढ़वाल के एक मतदान केंद्र पर मतदान किया। उधम सिंह नगर में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मतदान किया। पुडुचेरी के लोकतंत्र में हर वोट कीमती और हर आवाज का महत्त्वपूर्ण है। इन सभी सीटों के मतदाताओं से मेरा आग्रह है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और वोटिंग का नया रिकॉर्ड बनाएं। पहली बार वोट देने जा रहे अपने युवा साथियों से मेरी यह विशेष अपील है कि वे भारी संख्या में मतदान करें। लोकतंत्र में हर वोट कीमती है और हर आवाज का महत्त्व है। आरएसएस प्रमुख डा. मोहन भागवत ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सीईसी राजीव कुमार ने कहा कि यह देखकर बहुत उत्साह है कि युवा मतदाताओं ने वोट डालकर लोकतान्त्रिक प्रणाली में हिस्सा लिया। युवाओं के बीच बहुत सारी जागरूकता गतिविधियां की हैं ताकि अगर किसी भी तरह की उदासीनता हो, तो वे निराश न हों। इस बार हमारे युवा मतदाता न केवल अकेले आने वाले हैं, बल्कि उनसे अपील कई गई है कि वे देश के राजदूत बनें, हमारे प्रभावशाली व्यक्ति बनें- जितना संभव हो उतने दोस्तों, परिवार के सदस्यों को मतदान केंद्र पर लाएं और उस उत्सव का आनंद लें। अपनी सरकार चुनने की ज़िम्मेदारी महसूस करें। हर नागरिक को चाहिए कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पहले चरण में वर्ष 2019 के पहले चरण के अनुपात में इस बार करीब चार फीसदी कम मतदान हुआ है, इसलिए चुनाव आयोग की कोशिश है कि दूसरे चरण और आगे के चरणों में मतदान प्रतिशत बढ़े। पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार, जम्मू और कश्मीर, लक्षद्वीप, पुदुचेरी राज्य के 102 सीटों पर चुनाव हुए हैं। इस बार भी 13 राज्यों में होंगे, जिसमें मत प्रतिशत बढ़ना चाहिए। युवाओं को आगे आना चाहिए। सारांशाार्थ यह कहना उचित होगा कि, चुनाव अंत्योदय का प्रतीक हैं, जिसमें जाति, धर्म, सामाजिक असमानता आदि से ऊपर उठ कर, हर जन को अपनी इच्छानुसार वोट डाल कर अपने जन प्रतिनिधियों को चुनने का अधिकार प्राप्त है। यही भारत के संविधान का मुख्य सार है। इसलिए नागरिकों को अपने चुनने के अधिकार का उपयोग करना चाहिए।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## राजनीति
उमेश चतुर्वेदी



# नक्सलवाद बन सकेगा मुद्दा

चुनावी माहौल में स्थानीय वोटरों के दिल को छूने और उनकी जिंदगी को बदलने वाले मुद्दों को उछालने में राजनीतिक दलों की कोई सानी नहीं है। नक्सली असर वाले छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में गृहमंत्री अमित शाह ने सिर्फ नक्सलियों की चुनौती नहीं दी, बल्कि चुनावी मुद्दा भी बनाने की कोशिश की। चुनावी सभा में अमित शाह ने नक्सलियों से कहा कि या तो समर्पण कर दो या फिर गोली खाने को तैयार रहो। अमित शाह का यह बयान सिर्फ नक्सलियों की चुनौती नहीं, बल्कि नक्सल प्रभावित इलाके के वोटरों को भाजपा के खिलाफ गोलबंद करने की कोशिश है। आमतौर पर सत्ताधारी दल के बयानों की काट विपक्षी दल खोज लेते हैं, लेकिन नक्सलवाद ऐसा मुद्दा है, जिस पर विपक्ष सत्ताधारी दल के बयान का आसानी से विरोध नहीं कर पाते।


केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सात राज्यों के पैंतीस जिले ऐसे हैं, जहां नक्सलियों का असर है। इन जिलों की करीब पचास लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन्हें नक्सल प्रभावित माना जाता है। इनमें से बिहार की चार सीटों के साथ ही मध्य प्रदेश के बालाघाट, छत्तीसढ़ के बस्तर और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पहले दौर में ही यानी 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है। लेकिन अब भी झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में कई ऐसी लोकसभा सीटें हैं, जहां वोटिंग होनी है। छत्तीसगढ़ के कांकेर में अमित शाह का नक्सलियों से जुड़ा बयान एक तरह से इन इलाकों के वोटरों को लुभाने की कोशिश है। चूंकि पहले दौर के मतदान के ठीक पहले 16 अप्रैल को 29 नक्सली मारे गए थे। पहले दौर के मतदान के ठीक दो दिन बाद यानी 18 अप्रैल को भी छत्तीसगढ़ में दो नक्सली मारे गए। इन वजहों से केंद्र सरकार के पास इस मुद्दे पर कहने को बहुत कुछ है। हालांकि सोलह अप्रैल को हुए नक्सली मुठभेड़ के बाद छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दबे स्वर में मुठभेड़ पर सवाल उठाए थे। जिसका राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विरोध किया। राज्य में इस बयान को सुरक्षा बलों का मनोबल गिराने वाला बताया जाने लगा। मामला जब तूल पकड़ा तो कांग्रेस को बघेल के बयान पर सफाई देनी पड़ी। शायद यही वजह है कि भाजपा नक्सलवाद के सफाए के अपने संकल्प के मुद्दे को नक्सल प्रभावित इलाकों में चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है। उसे लगता है कि इस मुद्दे पर कांग्रेस या उसके विरोधी दल आक्रामक जवाब नहीं दे पाएंगे।

नक्सली असर वाले झारखंड और ओडिशा में 13 मई से 2 जून के बीच चार चरणों में चुनाव होने हैं। इसी तरह आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में तेरह मई को ही वोटिंग होनी है। झारखंड में जहां 14 लोकसभा सीटें हैं, वहीं ओडिशा में 21 लोकसभा की सीटें आती हैं। आंध्र प्रदेश में जहां 25 लोकसभा सीटें हैं, वहीं तेलंगाना में 17 सीटें हैं। झारखंड, ओडिशा और तेलंगाना में जहां भाजपा अपने दम पर चुनावी मैदान में है, वहीं आंध्र प्रदेश में वह तेलुगू देशम पार्टी और जनसेना पार्टी के साथ चुनाव लड़ रही है। इस बार भाजपा को ओडिशा और तेलंगाना से ज्यादा उम्मीदें हैं। वहीं इंडिया गठबंधन के दल भाजपा को झारखंड और आंध्र में ही चुनौती दे रहे हैं। जबकि ओडिशा में उसका मुकाबला बीजद से है तो आंध्र प्रदेश में उसके सामने वाईएसआर कांग्रेस और कांग्रेस से अलग-अलग चुनौती है। चूंकि नक्सल प्रभावित राज्यों के 77 सीटों पर मतदान बाकी है, इसलिए भाजपा नक्सलवाद को मुद्दा बना रही है। नक्सल प्रभावित राज्यों के चुनावी अभियान में नक्सलवाद के सफाए को वह बार-बार तूल दे रही है। झारखंड में भी जब प्रचार अभियान तेज होगा तो भाजपा इस मुद्दे को तूल देगी। वह बताने की कोशिश करेगी कि कांग्रेस की अगुआई में चले शासन वाले दशक 2004-14 की तुलना में मोदी के शासन वाले 2014-23 के दशक में वामपंथी उग्रवाद से जुड़ी हिंसा में कमी आई है। इस दौरान नक्सली हिंसा में होने वाली मौतों की संख्या में 69 फीसद की कमी आई है। जो 6,035 से घटकर 1,868 हो गई है।

जहां तक झारखंड की बात है तो यहां के मौजूदा गठबंधन की ओर से अपने प्रचार अभियान में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाने पर जोर दे रहा है। रांची में हुई रैली में भी नक्सलवाद पर नियंत्रण को लेकर कोई बात नहीं हुई। यह सच है कि नक्सलवाद से मुकाबले में केंद्र सरकार की नीतियों और कार्रवाई की बड़ी भूमिका होती है, लेकिन राज्य सरकार और राज्य के बलों के बिना स्थानीय मुकाबले संभव नहीं है। यह सच है कि नक्सली हिंसा पर प्रभावित इलाकों में काफी काबू पाया जा चुका है। 2023 में नक्सल प्रभावित राज्यों की सुरक्षा हालत की समीक्षा के बाद एक हाई पावर कमेटी बनाई गई थी। इसके बाद गृहमंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बलों को नक्सलवाद के सफाए का आदेश दिया था। माना जा रहा है कि केंद्रीय नीतियां जमीनी स्तर पर प्रभावी हुई हैं। फलस्वरूप नक्सली हिंसा में कमी आई है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## निंदा का परित्याग



संकलित
**दर्शन**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

## एक लकड़ी का कटोरा



संकलित
**प्रेरणा**

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहु-बेटे के यहाँ शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृद्ध होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहाँ तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखा, तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूँ, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आँखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आए और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

## सटाका




## आज की पाती

### पुस्तकों का बढ़ता महत्त्व

23 अप्रैल को विश्व पुस्तक दिवस बहुत से देशों में मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 23 अप्रैल 1995 को यूनेस्को में हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य विश्वभर के मुख्य लेखकों को सम्मान देना और जो लेखक दुनिया को अलविदा कह गए हैं, उन्हें श्रद्धांजलि देना भी है। इस दिवस को मनाने का एक उद्देश्य लोगों की पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ाना और साक्षरता दर बढ़ाना भी है। इस दिवस के आयोजन में मुख्य तौर पर विभिन्न प्रकाशक, शिक्षक, लेखक और पुस्तकों से किसी न किसी रूप से जुड़े लोग शामिल होते हैं। आज इंटरनेट का जमाना है, लेकिन आज भी पुस्तकों का बहुत महत्व है। खासतौर पर धर्म, संस्कृति और अन्य प्राचीन इतिहास की जानकारी जितनी हमें पुस्तकों से मिल सकती है, उतनी शायद इंटरनेट पर न प्राप्त हो पाए।

*– सचिन शर्मा, धमतरी*

## ट्रेंड

### प्रभावित करने वाला विचार



कांग्रेस के घोषणा पत्र में सरकारी बोर्ड में धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण का संकेत दिया गया है, जो अगर लागू होता है तो इसमें सशस्त्र बलों को भी शामिल किया जा सकता है। यह देश की एकता-अखंडता को प्रभावित करने वाला विचार है। यह सही नहीं होगा।

**-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री**

### सोना गिरवी रखा



रिजर्व बैंक के आंकड़े कहते हैं कि 31 मार्च 2024 तक देश के परिवारों ने अपना सोना गिरवी रखकर बैंकों से कुल 1 लाख करोड़ का कर्ज लिया है। ये आंकड़ा केवल बैंकों का है। साहूकारों से लिया कर्ज अलग है। चार में से एक परिवार कर्जदार है।

**-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता**

### सही नहीं



चुने गए मंत्री के लिए चली फाइल एलजी के पास जाने के बाद ऐसी चोरी क्यों हुई? ऐसा लग रहा है कि मेयर का चुनाव कराने के लिए कोई साजिश रच रहा है या फिर बीजेपी का मेयर बनाया जा रहा है। यह लोकतंत्र के लिए सही नहीं है।

**-सौरभ भारद्वाज, आप नेता**

### जश्न मनाएं



एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसे इस जादू को जीवन में लाने का सौभाग्य मिला है, मैं पुरानी यादों की यात्रा में आपके साथ शामिल होने के लिए रोमांचित हूं। आइये मिलकर बॉलीवुड के शाश्वत युग का जश्न मनाएं।

**-शाहरुख खान, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# वर्ष 2023 में 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने को हुए मजबूर



वर्ष 2023 में 59 देशों के करीब 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने को मजबूर हुए और युद्धग्रस्त गाजा में सबसे ज्यादा लोगों ने अकाल की गंभीर स्थिति का सामना किया। संयुक्त राष्ट्र (संरा) ने बुधवार को 'ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' में इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 2.4 करोड़ से अधिक लोगों को खाद्य सामग्री की भारी कमी से जूझना पड़ा, जिसकी वजह विशेषतौर पर गाजा पट्टी और सूडान में खाद्य सुरक्षा के बिगड़े हालात थे। खाद्य संकट वाले देशों की संख्या में भी वृद्धि हुई, जिनकी निगरानी की जा रही है। संरा के खाद्य एवं कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भूख का एक पैमाना तय किया है, जिसमें पांच देशों के 705,000 लोग पांचवे चरण में हैं, जिसे उच्च स्तर माना जाता है। उन्होंने बताया कि 2016 में वैश्विक रिपोर्ट जारी करने की शुरुआत से यह संख्या अब तक सबसे ज्यादा है और 2016 में दर्ज संख्या के मुकाबले इसमें चार गुना वृद्धि हो चुकी है। अर्थशास्त्री ने बताया कि गंभीर अकाल का सामना कर रहे लोगों में से 80 फीसदी लोग यानि 577,000 सिर्फ गाजा में हैं। वहीं दक्षिणी सूडान, बुर्किना फासो, सोमालिया और माली में हजारों लोग भूख से तड़प रहे हैं।

## ऑफ बीट

# अधिकांश मधुमक्खियां डंक मारने के बाद नहीं मरतीं



हम में से अधिकांश लोगों को कभी न कभी मधुमक्खी ने काटा होगा और हम जानते हैं कि यह कोई मजेदार अनुभव नहीं है। लेकिन शायद हमें यह सोचकर अफसोस या प्रतिशोध की भावना भी महसूस हुई होगी कि हमें डंक मारने वाली मधुमक्खी मर जाएगी। लेकिन दरअसल 99.96% मधुमक्खी प्रजातियों में ऐसा नहीं होता है। दुनिया में मधुमक्खी की लगभग 21,000 प्रजातियों में से केवल आठ प्रजातियाँ डंक मारने के बाद मर जाती हैं। एक अन्य उपसमूह बिल्कुल भी डंक नहीं मार सकता है, और अधिकांश मधुमक्खियाँ जितनी बार चाहें उतनी बार डंक मार सकती हैं। लेकिन बात यहीं खत्म नहीं होती है। मधुमक्खियों की पेचीदगियों और उनके डंक मारने की क्षमता को समझने के लिए, हमें डंक के आकार, मधुमक्खी के जननांगों और रवैये के बारे में बात करनी होगी। हमारी प्यारी और घातक मधुमक्खियाँ बहुत मुमकिन है कि आपको यूरोपीय मधुमक्खी (एपिस मेलिफ़ेरा) द्वारा काटे जाने की याद हो। यूरोप और अफ्रीका की मूल निवासी ये मधुमक्खियाँ आज दुनिया में लगभग हर जगह पाई जाती हैं। ये दुनिया भर में आठ शहद मधुमक्खी प्रजातियों में से एक हैं, जिसमें एपिस मधुमक्खियां कुल मधुमक्खी प्रजातियों का केवल 0.04% का प्रतिनिधित्व करती हैं।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# ज्वेलर्स और उसके बेटे से बोलेरो सवार तीन युवकों ने झूमाझटकी कर चेन-अंगूठी छीनी

पुलिस की प्रारंभिक जांच में लूटपाट की घटना की नहीं हुई पुष्टि, जांच के बाद होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र में ज्वेलर्स और उसके बेटे से बोलेरो सवार तीन युवकों ने झूमाझटकी कर दी। बेटे का आरोप है कि झूमाझटकी के दौरान उसके गले से सोने की चेन और हाथ की अंगूठी भी छीनी गई है। हालांकि प्रारंभिक जांच में लूटपाट की घटना की पुष्टि नहीं हुई। पुलिस का कहना है कि शराब ठेकेदार को लोगों ने पिता-पुत्र को थैला चेक कराने का कहा था, जिसको लेकर उनके बीच बहस हो गई। घटना की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रामीण इलाके में ऑर्डर पर सोने-चांदी के बनाते हैं जेवर



जानकारी के अनुसार बनवारीलाल साहू (42) काछी मोहल्ला थाना कोतवाली जिला विदिशा के रहने वाले हैं और ग्रामीण इलाके में ऑर्डर पर सोने-चांदी के जेवरात बनाने और बेचते हैं। बनवारी लाल ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 22 अप्रैल को वह अपने बेटे रितिक साहू (22) के साथ बाइक से अर्जुनखेड़ी जा रहे थे। दोपहर करीब 12 से एक बजे के बीच वह गांव आने से पहले नदी की पुलिया पर पहुंचे, तभी बोलेरो सवार तीन लोगों ने उनकी बाइक रोक ली। जीप से उतरे पीछे बैठे युवक ने बेटे रितिक से बदसलूकी करते हुए थैला दिखाने की बात करने लगे। रितिक ने जब थैला दिखाने से इंकार किया तो वह झूमाझटकी करने लगे। पिता-पुत्र ने जब शोर मचाया तो आसपास खेतों में काम करने वाले लोग दौड़कर पहुंचे, जिसके बाद तीनों लोग जीप में बैठकर भाग निकले। बाद में रितिक ने देखा तो उसके गले में पहनी सोने की चैन और अंगुली में पहनी अंगूठी नहीं थी। तीनों के भागते समय रितिक ने उनका वीडियो बना लिया था।

## फरियादी का आरोप, पुलिस नहीं कर रही एफआईआर

बनवारीलाल का आरोप है कि पुलिस ने शिकायत आवेदन लिया है, लेकिन एफआईआर नहीं दर्ज की है। थाना प्रभारी नरेंद्र कुलस्ते ने लूटपाट की घटना से इंकार किया है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि शराब ठेकेदार के लोग अवैध शराब का परिवहन करने वालों पर नजर रखते थे। घटना वाले तीन इन्हीं लोगों ने बाइक सवार पिता-पुत्र को रोककर थैला चेक करवाने की बात कही थी, जिसका उन्होंने विराध किया। इसको लेकर उनके बीच बहस हुई थी। बाद में तीनों लोग जीप में सवार होकर वहां से निकल गए।

# शादी के तीसरे दिन ही युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

मृतक पांच महीने पूर्व ही जमानत पर हुआ था रिहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव लंगरपुर में गुरुवार सुबह बबूल के पेड़ पर एक युवक की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की तीन दिन पहले ही मंगलवार को शादी हुई थी। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



पुलिस के अनुसार जितेंद्र कुशवाह पिता बंशीलाल कुशवाह (28) गांव लंगरपुर में रहता था। जितेंद्र खेती किसानी करता था। परिवार में माता-पिता के अलावा एक बड़ा भाई राकेश कुशवाह है। जितेंद्र की शादी तीन दिन पहले ही हुई थी। बुधवार को उसकी बारात गांव लौटी थी। परिजन ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 6 बजे के आसपास उसकी लाश घर से तीन सौ मीटर की दूरी पर बबूल के पेड़ पर लटकी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद लाश पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## रिश्तेदार थे मौजूद

पुलिस ने बताया कि शादी वाला घर होने के कारण अधिकतर रिश्तेदार अभी घर में ही थे। पुलिस ने रिश्तेदारों और परिजन से पूछताछ करने का प्रयास किया, लेकिन सभी का कहना था कि जितेंद्र किसी तरह से परेशान नजर नहीं आया और किसी से कोई परेशानी का जिक्र नहीं किया। जितेंद्र की मौत के बाद उसकी नव विवाहिता पत्नी दुखी है और वह कुछ बता नहीं सकी। उसने यह जरूर बताया कि सुबह सुबह जितेंद्र घर से निकला था।

## खबर संक्षेप



### महिला मंडल की सदस्यों ने बांटी कोल्ड ड्रिंक

**औबेदुल्लागंज।** जिला महिला मंडल ने विधायक सुरेंद्र पटवा, अध्यक्ष विद्या अग्रवाल, संरक्षक प्रभा विजय, कमला जैन, रश्मि दीक्षित, महामंत्री अनुराधा विजय के मार्गदर्शन में हनुमान जन्मोत्सव पर कोल्ड ड्रिंक वितरण किया गया। इस अवसर पर अनीता, ज्योति, ममता, मानसी, हीरा, रेणु, नीतू, बबीता, श्याम सोनी, विमला, विजय सहित अन्य महिलाओं ने श्रद्धाभाव से भगवान श्री राम और हनुमान जी की पूजा कर आरती की। इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र पटवा ने महिला मंडल की सदस्यों का उत्साह बढ़ाया।

### महिला मंडल ने पीएम मोदी पर बरसाए फूल



**तामोट।** भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो कार्यक्रम में तामोट की महिला मंडल की सदस्य नए जिला अध्यक्ष सुलेखा चौहान, प्रीति विश्वकर्मा, राजो बाई, गीता बाई, कलावती, गोमाबाई और मथुरा बाई ने पीएम मोदी पर फूल बरसाया। रोड शो में विधायक सुरेंद्र पटवा ने सभी महिला मंडल का उत्साह वर्धन किया।

### नागर समाज का विवाह सम्मेलन आज

**औबेदुल्लागंज।** श्री धाकड नागर समाज का 37 वा आदर्श विवाह सम्मेलन शुक्रवार हो होगा। सुबह 10 बजे भूमि पूजन होगा। श्री गणेश माता पूजन दोपहर 11:00 बजे, मंडप पूजन दोपहर 12 बजे, लगन पानी ग्रहण एवं वरमाला दोपहर 1 बजे भांवर परिक्रमा एवं शाम 4 बजे विदाई होगी। वैवाहिक कार्यक्रम पंडित राजेंद्र शास्त्री के द्वारा होगा। अध्यक्ष सुभाष नागर समाज अध्यक्ष मोहन पटेल पारखेड़ी परेश नागर राजमल नागर डॉ. भूपेंद्र नागर ने बताया कि विवाह सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा, विधायक देवपालपुर मनोज पटेल, मनमोहन सिंह नागर आदि के आने की संभावना है।

### अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित लक्ष्मी का शोध

**भोपाल।** राजधानी निवासी बिट्स पिलानी में रिसर्च स्कॉलर लक्ष्मी दिव्या छिब्बर ने 28वीं एडवांस इंफॉर्मेशन नेटवर्किंग एंड एप्लीकेशन 2024 की इंटरनेशनल कांफ्रेंस जापान में 17 अप्रैल को अपना शोधपत्र को प्रस्तुत किया जो की अंतरराष्ट्रीय जर्नल में भी प्रकाशित हुआ है। कांफ्रेंस में अनेक देशों के स्कॉलर ने भी अपने-अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। गौरतलब है कि राजधानी के वरिष्ठ अधिवक्ता जीके छिब्बर एवं सुनीता छिब्बर की पुत्री लक्ष्मी ने कॉर्मल कॉन्वेंट एवं एलएनसीटी भोपाल से शिक्षा ग्रहण की है तथा बिट्स पिलानी से एम टेक किया है। परिजनों और मित्रों ने इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

# शादी से लौटते समय बैरसिया रोड पर गांव रतुआ में हुआ हादसा

# स्कूटर सवार दोस्तों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दो की मौत, तीसरा घायल

*तीनों एक ही स्कूटर से रतुआ स्थित सिंह साहब के क्रेशर के पास सुबह करीब पौने छह बजे के आसपास पहुंचे थे तभी हुआ हादसा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित सिंह साहब का क्रशर गांव रतुआ में अज्ञात वाहन ने स्कूटर सवार तीन दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे के समय तीनों दोस्त विदिशा के महानीम चौराहा से शादी में शामिल होकर लौट रहे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों के शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिए है। घायल अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है।



पुलिस के अनुसार शेर सिंह मीणा पिता रघुवीर सिंह मीणा (26) गांव मूड़लाचंद, बैरसिया में रहता था। वह अपने साथी शिवराज धाकड़ पिता भूरा धाकड़ (30) गांव जमुनिया, शमशाबाद, जिला विदिशा सहित शैलेंद्र धाकड़ निवासी जमुनिया, शमशाबाद जिला विदिशा के साथ शादी में शामिल होने महानीम चौराहा विदिशा गया था। तीनों दोस्तों ने बुधवार रात वहां शादी अटेंड की और अपनी स्कूटर से भोपाल शिव नगर, छोला जाने के लिए निकल गए। दरअसल, तीनों शिव नगर छोला में किराए के मकान में रहते थे और कपड़े सिलाई का काम करते थे। तीनों एक ही स्कूटर से रतुआ स्थित सिंह साहब के क्रेशर के पास पहुंचे थे कि उनकी स्कूटर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सुबह करीब पौने छह बजे के आसपास हुए हादसे के बाद तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने शेर सिंह समेत शिवराज धाकड़ को मृत घोषित कर दिया।

## शैलेंद्र बयान देने की स्थिति में नहीं

अस्पताल की सूचना पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया पहुंची थी, लेकिन शैलेंद्र धाकड़ बयान देने की स्थिति में नहीं था। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था। वहां एक बड़ा सा गड्ढा सड़क पर नजर आया। यह भी अनुमान है कि स्कूटर गड्ढे से अनियंत्रित होकर उछलने से तीनों युवक घायल हुए थे।

## बाइक देने से मना करने पर दो युवकों को चाकू से गोदा, गंभीर चोटें आईं

- ऐशबाग स्थित फूटी बावड़ी के पास बदमाशों ने की वारदात
- घायल युवकों को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित फूटी बावड़ी में चार बदमाशों ने दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। घायलों को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विवाद की वजह आरोपियों द्वारा बाइक मांगने की बात सामने आई है। दरअसल, आरोपियों ने घायलों के दोस्त से घूमने के लिए बाइक मांगी थी, लेकिन दोस्त ने बाइक देने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर आरोपियों ने युवकों का रास्ता रोका और मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रवि कुशवाह पिता गोकुल कुशवाहा (18) दुर्गा मंदिर के पास, मस्जिद कॉलोनी स्टेशन बजरिया में रहता है और औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्टरी में सफाई का काम करता है। ऐशबाग में रहने वाला फिरोज खान और सूजल उसके दोस्त हैं। तीनों दोस्त अक्सर सूजल की बाइक पर बैठकर घूमते-फिरते रहते हैं। अमन और निखिल अक्सर सूजल की बाइक लेते थे और घूमते थे। पिछले दिनों अमन और निखिल ने सूजल से उसकी बाइक मांगी तो उसने इंकार कर दिया। बाइक देने से मना करने पर अमन और निखिल भड़क गए।

### अमृत तुल्य चाय की दुकान में घेरा

बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे सूजल अपने दोस्त रवि कुशवाह को लेकर फूटी बावड़ी, अस्सी फीट रोड ऐशबाग स्थित अमृत तुल्य चाय की दुकान पर लेकर पहुंचा। उनका तीसरा दोस्त फिरोज भी वहां पहुंच गया। तीनों दोस्त दुकान पर चाय पी रहे थे, तभी अमन और निखिल अपने दोस्तों जल्ला वायरस और अरबाज नाडा को लेकर दुकान पर पहुंचे। तीनों दोस्त दुकान के अंदर थे, तभी चारों ने उन्हें घेर लिया। जल्ला और अरबाज शटर के पास खड़े हो गए, जबकि अमन और निखिल ने फिरोज तथा रवि के साथ गाली-गलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया। दोनों ने बाहर भागने का प्रयास किया, लेकिन शटर के पास खड़े बदमाशों ने उन्हें भागने नहीं दिया। फिरोज और रवि ने चाकू के वार को हाथों से रोकने का प्रयास किया, जिससे दोनों के हाथ, कलाई, भुजा, गर्दन और शरीर में अन्य जगह गंभीर चोट आई है।

# खेत की मेड़ को लेकर हुआ विवाद, दो पक्षों में खूनी संघर्ष

▶▶ पुलिस ने काउंटर प्रकरण दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित गांव बागोनिया में खेत की मेड़ तोड़ने के विवाद पर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट का काउंटर प्रकरण दर्ज किया है। झगड़े में घायल हुई एक महिला की हालत गंभीर बताई गई है। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस के अनुसार राजकुमार मीना (24) ग्राम बगोनिया परवलिया में रहता था और किसानी करता है। उसका एक खेत ग्राम जोगी बड़ली में है। उसके खेत से लगी हुई जमीन सुरेश कुशवाहा (40) की है। सुरेश ग्राम तारा सेवनिया परवलिया में रहते हैं। बुधवार सुबह राजकुमार ट्रैक्टर लेकर अपने खेत पर प्लाऊ करने पहुंचा था, तभी दोनों खेतों के बीच मौजूद मेड़ तोड़ने की बात को लेकर सुरेश के साथ उसका विवाद हो गया। झगड़ा बढ़ने पर दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे के साथ जमकर मारपीट कर दी।

इस दौरान सिर पर डंडा लगने से राजकुमार की मां शशिकला को गंभीर चोट आई है। उन्हें इलाज के लिए रायल मार्केट स्थित एक निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने राजकुमार की रिपोर्ट पर सुरेश कुशवाहा, गंगाराम और संतोष के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है, जबकि सुरेश कुशवाहा की रिपोर्ट पर राजू, उसकी मां और राधेश्याम के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

# भंडारे में पूरी मांगने पर हुआ विवाद दसवीं के छात्र को डंडे से पीटा

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र में भंडारे में पूरी मांगने को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद युवक ने एक किशोर की पिटाई कर दी। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाला सुमित केवट (16) दसवीं कक्षा में पढ़ता है। मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे वह मुराद वाली माता मंदिर के पास भंडारा खाने गया था। यहां भंडारा बांट रहे राहुल साहू से पूरी मांगने की बात को लेकर उसका विवाद हो गया। कुछ देर बाद सुमित भंडारा खाकर बाहर निकला तो राहुल ने गाली-गलौज करते हुए उसके सिर पर डंडा मार दिया। सुमित के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। बाद में सुमित ने थाने जाकर राहुल के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज करवाया।



# प्रतापभानु ने कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी

**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार प्रताप भानु शर्मा ने पूरे ब्लॉक में सबको अलग-अलग जवाबदारी दी, जिसमें वरिष्ठों को साथ रखकर सभी से पोलिंग बूथ पर जुटने को कहा। सभी कार्यकर्ताओं ने कहा हमें जो भी जवाबदारी मिलेगी हम उसे अवश्य ही पूर्ण करेंगे। इसमें वरिष्ठ नेता सुरजीत सिंह बिल्ले, औबेदुल्लागंज ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हरजीत सिंह मंगू, विनोद इरपाचे, मंडल अध्यक्ष अमर पेठारी, कैलाश रोमानिया, विजय यादव, परवेज खान, वरिष्ठ नेता संजय सिंह चौहान, अनिल पटेल, धर्मेंद्र चौधरी, आगा खान, सभी मंडल अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष, वरिष्ठ कार्यकर्ता, जिला अध्यक्ष यूथ कांग्रेस परेश नागर, राजाराम यादव, कमलेश बाबू, संजय लोधी, विक्रांत राय, पंकज नागरानी, खेत सिंह चौहान, तुलसी जाटव, मुकेश तिवारी, विजय यादव सहित अन्य कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# हाई स्कूल में चन्द्रप्रभा सोनारे को मिला जिले में प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



चन्द्रप्रभा सोनारे



पलक दुबे

औद्योगिक नगर के सीएलआर्य स्कूल के छात्रा चन्द्रप्रभा सोनारे हाई स्कूल परिक्षा परिणाम में रायसेन जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं हायर सेंकंडरी परिक्षा परिणाम में विवेक जागृति स्कूल की छात्रा पलक दुबे ने नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। चंद्रप्रभा सोनारे को 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। दीपनगर में रहने वाली चन्द्रप्रभा ने बताया कि घर में एक ही मोबाइल है।

ऐसे में मैंने स्कूल की पढ़ाई और रेफरल बुक से ही तैयारी की। साधारण परिवार में पली चंद्रप्रभा दो बहनों में बड़ी हैं। कक्षा पांचवीं से वह सीएल आर्य स्कूल में ही पढ़ाई कर रही हैं। चंद्रप्रभा ने बताया कि मैंने अपनी पढ़ाई घर में ही की, कभी ट्यूशन नहीं गई। उन्होंने अपनी सफलता का सारा श्रेय माता-पिता, बुआ और शिक्षकों को देती हैं। चंद्रप्रभा ने आईईएस बनना अपना लक्ष्य बताया।

## मंडीदीप के टॉप टेन छात्र-छात्रा

**हायर सेकंडरी:** पलक दुबे 92 प्रतिशत, प्रिंस सक्सेना 91 प्रतिशत, शिवानी मिश्रा 90.8 प्रतिशत, राजन वर्मा 90.2 प्रतिशत, प्रतिभा चौहान 89.8 प्रतिशत, हिमानी पटनाकर 89.4 प्रतिशत, अम्बिका राय 89 प्रतिशत, विधि सक्सेना 88.6 प्रतिशत।

**हाई स्कूल:** चन्द्रप्रभा सोनारे 96.2 प्रतिशत, यश धामड़े 95 प्रतिशत, अमित पटेल, हिमांशी कराप्पा, गहना श्रीवास्तव 94.2 प्रतिशत, सोनू राठौर 93.8 प्रतिशत, प्रिया त्रिपाठी, विशाल लौवंशी 93.2 प्रतिशत, अकरीन ओझा व सल्फा खान 91 प्रतिशत, राधिका कुर्मी 90.4 प्रतिशत, नैन्सी साहू 90.2 प्रतिशत, दीनदयाल दुबे व इशिका अजमेरा 90 प्रतिशत, पलक शर्मा व शिवम प्रसाद 89.8 प्रतिशत।



## मोदी के रोड शो में भोजपुर क्षेत्र के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए

**औबेदुल्लागंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा के नेतृत्व में हजारों भोजपुर क्षेत्र के कार्यकर्ता शामिल हुए। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, अंकित अग्रवाल, बागिस अग्रवाल, पवन जोशी, कोमल चौहान, राजेंद्र गुड्डू साहू, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओपी मीणा, मनोज चौरसिया, जीतू नंदवंशी, भूपेंद्र नंदवंशी, पुरुषोत्तम शर्मा, सोनू चौकसे, सुजीत चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## नगर निगम की रेस्क्यू टीम और पुलिस की समझाइश के बाद नीचे उतरा



# नगर निगम अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने सब्जी का ठेला हटाया, नाराज युवक टॉवर पर चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ते द्वारा सड़क किनारे लगा सब्जी का ठेला हटाने से नाराज युवक पॉलिटेक्निक चौराहा स्थित टॉवर पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची नगर निगम की रेस्क्यू टीम और पुलिस ने उसे मदद करने की समझाइश दी, जिसके बाद वह सकुशल नीचे उतर आया। युवक को टॉवर पर चढ़ा देख राहगीर रुक गए, जिससे चलते चौराहे के चारों तरफ जाम लग गया। इस दौरान एक एंबुलेंस भी जाम में काफी देर तक फंसी रही। पुलिस ने वाहनों को निकलवा कर यातायात सुचारू करवाया।

- युवक को टॉवर पर चढ़ा देख राहगीर रुक गए, जिससे चौराहे के चारों तरफ जाम लग गया, जिसमें एक एंबुलेंस भी फसी रही, पुलिस ने वाहनों को निकलवा कर यातायात सुचारू करवाया।
- युवक रेतघाट के पास सड़क किनारे सब्जी का ठेला लेकर खड़ा था, तभी नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने उसका ठेला जब्त कर लिया था।

### काफी मिन्नतों के बाद भी नहीं लौटाया ठेला

जानकारी के अनुसार बैरसिया इलाके में रहने वाला कमल यादव यहां किलोल पार्क के पास रहता है और सब्जी का ठेला लगाता है। गुरुवार को वह रेतघाट के पास सड़क किनारे सब्जी का ठेला लेकर खड़ा हुआ था, तभी नगर निगम के अतिक्रमण विरोध अमले ने उसका ठेला जब्त कर लिया। नगर निगम का कहना था कि वह सड़क पर अतिक्रमण कर रहा है, जिसके कारण यातायात में बाधा पैदा हो रही है। काफी मिन्नतें करने के बाद भी जब निगम ने कमल का ठेला नहीं लौटाया तो वह नाराज हो गया। रेतघाट के बाद वह सीधे पॉलिटेक्निक चौराहा पहुंचा और करीब 80 फीट ऊंचे मोबाइल टॉवर पर जाकर चढ़ गया। सूचना मिलते ही श्यामलाहिल थाने की पुलिस, नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची। इस बीच कमल की पत्नी और बच्चे भी पहुंच गए। परिजनों की मदद से कमल को समझाइश दी गई, जिसके बाद वह सकुशल नीचे उतर आया। कमल का कहना था नगर निगम वाले अतिक्रमण के नाम पर उसे आए दिन परेशान करते हैं।

# बाइक रैली निकाल कर मतदान के लिए चलाया जागरुकता अभियान




**औबेदुल्लागंज।** लोकसभा चुनाव में मतदाता प्रतिशत बढ़ाने के लिए नगर परिषद के स्वीप प्लान के अंतरगत निरंतर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में गुरुवार को वार्ड 2, 4, 15 मैन मार्केट हाटबाजार, महावीर कॉलोनी में सामुहिक रूप से एकत्रित होकर बाइक रैली, बैनर-पोस्टर द्वारा सभी मतदाताओं को 7 मई को अधिक से अधिक मतदान किए जाने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान बीएलओ राजकुमार शर्मा, सुभाष सराठे, संजय बाजपेई, दीपेश बैरागी, बृजकिशोर यादव, कैलाश मालवीय, सन्नी अग्रवाल, प्रमोद कुमार पांडेय, सुरेश मालवीय, मुकेश वर्मा, सुशील चतुर्वेदी, कीर्ति राम, कन्हैया धुर्वे, विनोद यादव, प्रमोद तिवारी एवं अन्य वार्डवासी अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

### आगरा में पीएम मोदी ने कांग्रेस को जमकर 'फटकारा'

# जब तक मोदी जिंदा है... कांग्रेस ओबीसी कोटा, विरासत संपत्ति और महिलाओं का हक नहीं छीन सकती, धर्म आधारित आरक्षण असंभव




पीएम ने अपने भाषण की शुरुआत में कहा कि आज मैं आपसे विकसित भारत के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। इसीलिए, देश एकजुट होकर कह रहा है- फिर एक बार मोदी सरकार। पीएम ने इंडी गठबंधन के उस आरोप का करारा जवाब दिया जिसमें संविधान खत्म करने का आरोप लगा। कांग्रेस ने बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान करती रही। कांग्रेस सामाजिक न्याय की तो धज्जियां उड़ा देती है। इंडी गठबंधन घोर तुष्टीकरण में जुटा है। कांग्रेस का मेनिफेस्टो सिर्फ वोट बैंक के लिए है।

एजेंसी ▶▶ आगरा

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की 8 सीट पर मतदान होना हैं। इस बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। पीएम ने इंडी गठबंधन के उस आरोप का करारा जवाब दिया जिसमें संविधान खत्म करने का आरोप लगा। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान बनाने वाले बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान करती रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है, जो आए दिन बाबा साहेब का अपमान करती है, संविधान का अपमान करती है और सामाजिक न्याय की तो धज्जियां उड़ा देती है। कांग्रेस ने कभी कर्नाटक में, कभी आंध्र प्रदेश में, कभी अपने घोषणा पत्र में बार-बार धर्म के आधार पर आरक्षण की वकालत की। लेकिन, इंडी गठबंधन घोर तुष्टिकरण में जुटा है।जो मेनिफेस्टो जारी किया है, उस पर 100 फीसदी मुस्लिम लीग की छाप है। कांग्रेस का पूरा मेनिफेस्टो सिर्फ वोटबैंक को मजबूत करने के लिए समर्पित है। जबकि, हमारा मेनिफेस्टो देश को मजबूत करने के लिए समर्पित है।

### दो लड़कों की दोस्ती तुष्टिकरण की राजनीति

पीएम कहा कि उत्तर प्रदेश में जो 2 लड़कों में दोस्ती है, इसका आधार भी ये तुष्टिकरण की राजनीति ही है। दोनों मिलकर भाषण में तो ओबीसीओबीसी करते हैं और पिछले दरवाजे से ओबीसी का हक छीनकर अपने वोटबैंक को मजबूत करने के लिए देना चाहते हैं। अब कांग्रेस ने ठान लिया है कि वो धर्म के आधार पर रिजर्वेशन लाकर रहेगी। कांग्रेस ने तरीका निकाला है कि 27 फीसदी का ओबीसी कोटा है, उसमें से कुछ चोरी कर लिया जाए, छीन लिया जाए और धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया जाए।

## इंडी गठबंधन तुष्टीकरण, सामाजिक भेदभाव करने के साथ सनातन को गाली दे रहा




### संतुष्टिकरण की ओर आगे बढ़ रहा देश

पीएम ने कहा कि देश तुष्टिकरण को समाप्त करके, संतुष्टिकरण की ओर आगे बढ़ रहा है। हमारा रास्ता संतुष्टिकरण का है। सबका साथ, सबका विकास का मंत्र भी उसी का महामार्ग है। हमारा सेक्युलरिज्म भी वही है कि जो भी योजना जिसके लिए बने, बिना धर्म, जाति, भेदभाव के उसका लाभ सबको मिलना चाहिए। सच्चा सामाजिक न्याय भी यही है जब आप बिना भेदभाव सबका हक पूरा करें।

### इंडी-गठबंधन के लिए अपना वोट बैंक ही खास

हमारा 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड हो या संकल्प पत्र, हमारा जोर सैचुरेशन पर है। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबको मिले, पूरा लाभ मिले, बिना बिचौलियों के मिले, बिना रिश्वत हकदार को मिले।

### इन्हें भारत की बढ़ती ताकत पसंद नहीं

भारत की बढ़ती हुई शक्ति कुछ ताकतों को पसंद नहीं आ रही है। यहां डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है, उसमें देश की सेना के लिए, आत्मनिर्भर बनने के लिए, दुनिया में निर्यात के लिए घातक अस्त्र-शस्त्र बनेंगे। जो हथियारों के दलाल हैं, जो पुरानी सरकारों में घुस देकर अपना काम करा लेने में एक्सपर्ट हो गए थे और पुरानी सरकारों में बैठे हुए लोगों को भी ये मलाई खाने को मिलती थी, अब नहीं मिल रही है।

### पीएम-राहुल के भाषणों पर ईसी की कार्रवाई
#### नोटिस देकर 29 तक मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** आचार संहिता के उल्लंघन के आरोपों पर चुनाव आयोग ने पीएम मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भाषणों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक दोनों पार्टियों से जवाब मांगा है। दोनों पार्टियों ने एक दूसरे के नेताओं के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी।

### अखिलेश यादव ने कन्नौज से भरा नामांकन



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गुरुवार को कन्नौज सीट से नामांकन दाखिल किया। उन्होंने 4सेट में अपना पत्र दायर किया है।इस दौरान उनके साथ प्रो. रामगोपाल यादव, सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे और पार्टी के प्रदेश सचिव आकाश शाक्य प्रस्तावक के रूप में मौजूद थे।

### शरद पवार ने जारी किया घोषणा पत्र
#### नौकरी और महिला आरक्षण का किया वादा




**मुंबई।** लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- शरद चंद्र पवार ने घोषणापत्र जारी कर दिया। महिला सुरक्षा के लिए काम करने का वादा किया गया है। एलपीजी सिलेंडर की कीमत कम करने का भी वादा किया गया है।घोषणापत्र का नाम एससीपीथ पत्र रखा है। घोषणापत्र में जाति जनगणना के लिए समर्थन जताते हुए किसानों के कल्याण के लिए एक अलग आयोग के गठन, प्रशिक्षुता का अधिकार, नौकरियों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का वादा किया गया।

### यूट्यूबर मनीष कश्यप भाजपा में शामिल




बिहार के चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप भाजपा में शामिल हो गए है। उन्होंने दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की है। कश्यप ने कहा कि मेरी विचारधारा भाजपा से मिलती है। भाजपा नेता मनोज तिवारी ने मेरी मां को फोन कर मुझे शामिल होने के लिए कहा। मैं अपनी मां की बात नहीं टाल सकता।

### तेलंगाना में गृहमंत्री शाह का ऐलान
#### एससी-एसटी, ओबीसी को ही मिलेगा आरक्षण

**सिद्दीपेट।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तेलंगाना के सिद्दीपेट में एक जनसभा में कहा कि अगर हम सत्ता में आए तो भाजपा तेलंगाना में मुसलमानों के लिए आरक्षण खत्म कर देगी और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को इसका लाभ देगी। भाजपा ने फैसला किया है कि वे तेलंगाना में कांग्रेस और टीआरएस द्वारा मुसलमानों के लिए किए गए आरक्षण को खत्म करेगी। यह आरक्षण एससी, एसटी और ओबीसी को दिया जाएगा। अमित शाह ने कांग्रेस पर तेलंगाना को 'दिल्ली का एटीएम' बनाने का आरोप लगाया।



### लखीमपुर खीरी में राजनाथ की कांग्रेस को खरी-खरी
#### अब भारत बोलता है और पूरी दुनिया कान खोल सुनती है



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखीमपुर खीरी में भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का कद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। अब भारत कुछ बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है। कांग्रेस की सरकार में आए दिन किसी न किसी राज्य में आतंकी वारदातें होती थीं। भारत सरकार ने आतंकवाद का सफाया किया है उसकी सराहना आज दुनियाभर में हो रही है।

**कांग्रेस गरीबी नहीं मिटा पाई**

सिंह ने कहा कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने कहा कि हमें जिताओ हम गरीबी मिटा देंगे, लेकिन हिंदुस्तान की गरीबी बढ़ती चली गई। मोदी सरकार में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया।

### खरगे का पीएम को पत्र
#### मिलकर घोषणा पत्र समझा दूंगा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है और उनसे मुलाकात का वक्त मांगा है। उनका कहना है कि वे पीएम से मिलकर घोषणा पत्र उन्हें समझाना चाहते हैं ताकि वह उसे लेकर कोई ऐसा बयान न दें, जो गलत हो। पीएम कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर गलत बयान दे रहे हैं और सांप्रदायिक विभाजन की कोशिश की जा रही है। खरगे ने कांग्रेस पर संसाधनों के पुनर्वितरण और 'विरासत कर' संबंधी आरोप लगाए जाने के बाद यह पत्र लिखा है।खरगे ने कहा आपके भाषणों से मैं बिल्कुल भी हैरान नहीं हूं।

---

## खबर संक्षेप

### स्त्रीधन को खर्च करने का महिला को पूर्ण हक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने स्त्रीधन पर उनके अधिकार को लेकर गुरुवार को बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने साफ कहा कि महिला का स्त्रीधन उसकी पूर्ण संपत्ति है। उसे अपनी मर्जी से खर्च करने का पूरा अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- पत्नी के स्त्रीधन पर पति का कंट्रोल नहीं हो सकता। पति मुसीबत के समय स्त्रीधन का इस्तेमाल तो कर सकता है, लेकिन उसे लौटाना नैतिक दायित्व है।

### संदेशखाली केस में 5 को बनाया आरोपी



**कोलकाता।** सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में 5 प्रभावशाली लोगों के खिलाफ ज़मीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध पहला मामला दर्ज किया है। यह मामला भूमि हड़पने का है जहां पीड़ित परिवार की महिलाओं को प्रभावशाली लोगों से कथित रूप से यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा।आरोपियों और पीड़ितों की पहचान उजागर नहीं की है।

### सूर्यापेट में कार-ट्रक की टक्कर, 6 लोगों की मौत



**सूर्यापेट।** तेलंगाना के सूर्यापेट में गुरुवार को भीषण सड़क दुर्घटना में एक बच्ची सहित 6 लोगों की मौत हो हई। एक कार की ट्रक से टक्कर हो गई। यह दुर्घटना हैदराबाद से लगभग 180 किमी दूर स्थित इस जिले के कोडाडा शहर के पास हुई। ये मृतक कार में सवार थे। गुरुवार तड़के हादसा के वक्त कार में 10 लोग सवार थे। 4 यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं।

### दूसरे चरण के लिए वोटिंग, आज प्रत्याशियों का 'लक होगा लॉक'

# 'राम' समेत बिरला, हेमामालिनी, चंद्रशेखर राहुल और कुमारस्वामी की प्रतिष्ठा दांव पर


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दूसरे चरण के लिए 13 राज्यों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव का प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया। इस चरण में केरल में 20, कर्नाटक में 14, राजस्थान में 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में 8-8, मध्य प्रदेश में 6, असम और बिहार में 5-5, बंगाल और छत्तीसगढ़ में 3-3 और मणिपुर, त्रिपुरा, जम्मू-कश्मीर में एक-एक सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में मध्य प्रदेश की 7 सीटों पर चुनाव होना था, लेकिन बैतूल सीट पर प्रत्याशी के निधन के बाद चुनाव टल गया। अब वहां अगले चरण में चुनाव होगा। इस चरण में केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर तिरुअनंतपुरम, भाजपा के तेजस्वी सूर्या कर्नाटक, हेमा मालिनी और भगवान राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल उत्तर प्रदेश से, कांग्रेस नेता राहुल गांधी वायनाड और शशि थरूर तिरुअनंतपुरम, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के भाग्य का फैसला होगा।

**खास बातें**

- 13 राज्यों की 88 सीटों पर होगा मतदान
- सबसे ज्यादा केरल की 20 सीटें शामिल
- राजस्थान की 13 सीटों पर भी होगी वोटिंग


अरुण गोविल


हेमा मालिनी


ओम बिरला


राहुल गांधी

**ये रहा सीटों का गणित**

**मध्य प्रदेश की 6 सीटें भी शामिल**

दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। इसमें केरल की सभी 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की 8-8, मध्य प्रदेश की 6, बिहार और असम की 5-5, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की 3 सीटों के लिए वोटिंग होनी है। साथ ही मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू कश्मीर की एक-एक सीट हैं।

### 102 सीटों पर मतदान हो चुका संपन्न

7 चरण में हो रहे चुनाव के पहले चरण में पिछले शुक्रवार को 21 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर लगभग 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ था। चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को राजस्थान के बांसवाड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस के घोषणापत्र की आलोचना की थी। इससे देश का चुनावी माहौल अब काफी गर्म हो गया है।

**घुसपैठ के साथ ही ओबीसी आरक्षण का मुद्दा रहा हावी**

उन्होंने आरोप लगाया है कि विपक्षी दल लोगों की मेहनत की कमाई और कीमती सामान घुसपैठियों और जिनके अधिक बच्चे हैं को देने की योजना बना रही है। ये बातें उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के भाषण का हवाला देते हुए कही थी। कांग्रेस ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में निराशा का सामना करने के बाद प्रधानमंत्री लोगों को वास्तविक मुद्दों से भटकाने के लिए झूठ का सहारा ले रहे हैं।

### ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा

# मुख्यमंत्री हैं तो क्या गिरफ्तार नहीं होंगे अरविंद केजरीवाल

- उनके आचरण से ही लग रहा कि वे शराब घोटाले के दोषी

**नई दिल्ली।** शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। कई बार जमानत याचिका खारिज होने के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दिया है।

ईडी ने बताया कि केजरीवाल ने जांच अधिकारी को अपने आचरण से दिखाया है कि वो मनी लॉन्ड्रिंग के दोषी हैं चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर जवाबी हलफनामे में कहा कि 9 समन के बावजूद पूछताछ से बच रहे थे।

### केजरीवाल की याचिका खारिज करने योग्य



केजरीवाल की याचिका को 'योग्यताहीन' और खारिज किए जाने योग्य बताते हुए ईडी ने कहा कि जिस कारण उन्हें गिरफ्तार किया गया है, उसके कारणों को विभिन्न अदालतों ने अध्ययन किया है। आप ने आरोप लगाया कि ईडी 'झूठ बोलने की मशीन'बन गई है। ईडी ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है और इसे खारिज किया जा सकता है। दूसरा तर्क यह दिया गया कि जांच एजेंसी के पास मौजूद सामग्री ने उसके लिए सारे सबूत जुटाने के लिए गिरफ्तार करने का रास्ता अपनाया है।

### हमारे लिए बड़ा नेता और आम आदमी एक बराबर



ईडी ने कहा कि गिरफ्तारी जांच का हिस्सा है और अपराध की जांच के लिए विशेष रूप से ये जांच एजेंसी के अधिकार क्षेत्र में है। हमारे लिए कोई बड़ा नेता हो या आम आदमी उसके खिलाफ सबूतों को देखा जाता है। ईडी ने कहा कि केजरीवाल सीएम हैं तो इसका मतलब ये नहीं कि उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सकता।

### ज्ञानवापी पर फैसला सुनाया था

# जज को इंटरनेशनल नंबर से मिली धमकियां, सुरक्षा की मांग

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

ज्ञानवापी मामले में फैसला सुनाने वाले जज रवि दिवाकर को बरेली में विदेशी कॉल से धमकियां मिल रही हैं। इस संबंध में जज रवि दिवाकर ने बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर अवगत कराया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 15 अप्रैल की शाम 8:42 बजे इंटरनेशनल नंबर से जज रवि दिवाकर के पर्सनल नंबर पर एक कॉल आई, जिसमें धमकी दी गई। हालांकि जज की ओर से इस कॉल के बाद किसी कॉल का जवाब नहीं दिया गया. इस बारे में जानकारी देते हुए न्यायाधीश रवि दिवाकर के स्टाफ ने बताया कि कुछ दिन पहले



अनजान फोन से धमकी मिली थी। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर घटना की जानकारी दी गई है. पहले भी जज रवि दिवाकर को धमकी मिलती रही हैं। ज्ञानवापी मामले में फैसला सुनाने के बाद रवि दिवाकर का तबादला बरेली हो गया था। इसके बाद शासन की ओर से न्यायाधीश रवि दिवाकर और इनके परिवार को सुरक्षा दी गई।

### 2024 का लोकसभा चुनाव कई मायनों में होगा खास

इसके आंकड़े उड़ा देंगे होश, दोगुना खर्च

# यह दुनिया का सबसे महंगा इलेक्शन होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव पिछले रिकॉर्ड तोड़ने और दुनिया का सबसे महंगा चुनावी आयोजन बनने की राह पर है। एनजीओ सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज (सीएमएस) ने यह दावा किया कि इन लोकसभा चुनाव में अनुमानित खर्च 1.35 लाख करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है।

यह राशि 2019 के चुनावों से दोगुने से भी अधिक है। तब आम चुनावों में करीब 60,000 करोड़ खर्च हुए थे। सीएमएस 35 वर्षों से चुनाव खर्च पर नजर रख रहा है। संस्थान के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने कहा कि इस व्यापक खर्च में राजनीतिक दलों और संगठनों, उम्मीदवारों, सरकार और चुनाव आयोग सहित चुनावों से संबंधित प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सभी खर्च शामिल हैं।

### 1.35 लाख करोड़ रुपए का अनुमान लगाया




पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने की रेस में हैं। राव ने कहा कि उन्होंने प्रारंभिक व्यय अनुमान को 1.2 लाख करोड़ से संशोधित कर 1.35 लाख करोड़ रुपए कर दिया है, जिसमें चुनावी बांड के खुलासे और सभी चुनाव-संबंधित खर्चों का हिसाब शामिल है। हालांकि, चुनावी बांड हिस्सेदारी के खुलासे के बाद हमने इस आंकड़े को संशोधित कर 1.35 लाख करोड़ कर दिया है।

**खर्च में रैलियां व परिवहन व्यय भी शामिल**

एडीआर ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए कोई संचयी व्यय अनुमान प्रदान करने से परहेज किया है। राव ने कहा कि चुनाव पूर्व गतिविधियां पार्टियों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार खर्च का अभिन्न अंग हैं, जिसमें राजनीतिक रैलियां, परिवहन, क्षेत्र और प्रभावशाली लोगों सहित कार्यकर्ताओं की नियुक्ति भी शामिल है।

### 60 प्रतिशत चुनाव फंड अज्ञात स्रोत से आए

बताया गया कि यह अनुमान मतदान की तारीखों की घोषणा से 3-4 महीने पहले हुए खर्च को कवर करता है। राव ने इस बात पर जोर दिया कि चुनावी बांड से परे विभिन्न माध्यमों से इस प्रक्रिया में पैसा आया। सोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की हालिया टिप्पणियों से भारत में राजनीतिक फंडिंग में "पारदर्शिता की महत्वपूर्ण कमी" का पता चला है। इसमें दावा किया गया है कि 2004-05 से 2022-23 तक, देश के6 प्रमुख राजनीतिक दलों को लगभग 60 प्रतिशत योगदान, कुल 19,083 करोड़ रुपए अज्ञात स्रोतों से आया, जिसमें चुनावी बांड से प्राप्त धन भी शामिल था।

पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन किया

# सोपोर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक दहशतगर्द ढेर

## सुरक्षाबलों की ओर से आतंकियों से सरेंडर करने के लिए कहा गया

एजेंसी ▶▶ सोपोर



कश्मीर संभाग के सोपोर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। इसमें एक आतंकी मार गिराया गया है। पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम इस ऑपरेशन को अंजाम दे रही है।

बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों को सोपोर के मोहल्ला नौपोरा में आतंकी गतिविधि के बारे में इनपुट मिला था। इस पर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी बीच खुद को घिरता देख आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

सुरक्षाबलों की ओर से आतंकियों से सरेंडर करने के लिए कहा गया। बावजूद इसके फायरिंग जारी रही। इसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी फायरिंग शुरू की और एक आतंकी को ढेर कर दिया। सुरक्षाबलों के घेरे में अभी कितने आतंकी हैं, इसको लेकर अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। बता दें, बीते दिनों आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में हमला किया था। गोली मारकर अब्दुल रज्जाक की हत्या कर दी थी। इस वारदात को उस वक्त अंजाम दिया गया जब वो मस्जिद से निकलकर बाहर आया था।


22 मार्च 2023 को गैरकानूनी गतिविधियों को दिया था अंजाम

# लंदन भारतीय दूतावास हमले का मुख्य आरोपी इंद्रपाल पकड़ाया

## खालिस्तानियों ने किया था राष्ट्रीय ध्वज का अपमान

एजेंसी ▶▶ लंदन

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पिछले साल मार्च में लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले से संबंधित एक मामले में गुरुवार को एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। एनआईए ने कहा कि ब्रिटेन के हाउंस्लो निवासी इंद्रपाल सिंह गाबा को 22 मार्च 2023 को लंदन में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पिछले साल 19 और 22 मार्च को लंदन में हुई घटनाएं भारतीय मिशन और उसके अधिकारियों पर हमले करने की एक बड़ी साजिश थी। 18 मार्च 2023 को खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के प्रतिशोध में मार्च, 2023 में लंदन में ये हमले किए गए थे।



### अधिकारियों पर हमले की साजिश में थे खालिस्तानी

*एनआईए ने कहा कि हाउंस्लो निवासी इंद्रपाल सिंह गाबा को 22 मार्च के विरोध प्रदर्शन के दौरान गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जांच से पता चला है कि लंदन में 19 मार्च और 22 मार्च की घटनाएं भारतीय मिशनों और उसके अधिकारियों पर शातिर हमले करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थीं।*

## खबर संक्षेप

### केन्या में बाढ़ ने मचाई तबाही, 38 की मौत



**नैरोबी।** केन्या में भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। भारी बारिश के चलते देश के कई हिस्से भीषण बाढ़ की चपेट में आ गए है। बाढ़ की वजह से हालात बेकाबू हो गए हैं और अब तक 38 लोगों की मौत हो चुकी है। आधा केन्या इस वक्त बाढ़ की चपेट में है। बाढ़ की वजह से लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। सड़कों, गलियों और लोगों के घरों तक में पानी भर गया है। जगह-जगह रास्ते में वाहन पानी में डूबे हुए नजर आ रहे हैं। जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

### फायरिंग केसः आरोपियों ने 3 बार बदले कपड़े



**मुंबई।** फिल्म एक्टर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग मामले में बड़ा अपडेट आया है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों सागर पाल और विकी गुप्ता को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों आरोपियों की 29 अप्रैल तक की पुलिस रिमांड की दे दी है। क्राइम ब्रांच ने कोर्ट में कहा कि वारदात को अंजाम देने दोनों आरोपियों ने अपने कपडे 3 बार बदले थे और अपना हुलिया भी बदलने की कोशिश की ताकि वो पहचान में न आ सके। दोनों आरोपियों के पास कुल 40 गोलियां थीं।


### अमेरिकाः सुअर की किडनी लगाकर बचाई जान



**न्यूयॉर्क।** अपनी आखिरी सांसें गिन रही महिला को फिर से जीवनदान दे दिया। इस महिला को चिकित्सकों ने सुअर की किडनी लगाकर जान बचा ली। यह महिला किडनी रोग से ग्रस्त थी। महिला की दोनों किडनी ने काम करना बंद कर दिया था। कोई दूसरी किडनी उसके लिए उपलब्ध नहीं थी।

तुरंत हरकत में आया विदेश मंत्रालय

# भारत के खिलाफ जहर उगलने पर अमेरिका की लगाई क्लास



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मणिपुर सहित भारत के अन्य हिस्सों में मानवाधिकार उल्लंघन की कथित घटनाओं का हवाला देते हुए अमेरिकी विदेश विभाग ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। भारत की तरफ से भी इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया आई। भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से इस रिपोर्ट को पक्षपातपूर्ण करार देते हुए कहा गया कि यह भारत की खराब समझ को दर्शाती है और हम इसे कोई महत्व नहीं देते हैं।

अमेरिका सरकार की इस रिपोर्ट में जातीय संघर्ष के फैलने के बाद मणिपुर में मानवाधिकारों के हनन की घटनाओं पर प्रकाश डाला गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने इसपर कहा कि यह रिपोर्ट बेहद पक्षपातपूर्ण है और भारत की खराब समझ को दर्शाती है।

उन्होंने अपनी साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि हम इसे कोई महत्व नहीं देते हैं। रिपोर्ट में एक वेबसाइट के कार्यालय पर भारतीय इनकम टैक्स विभाग द्वारा की गई छापेमारी का भी जिक्र किया गया है।

### रिपोर्ट में भारत सरकार की आलोचना

रिपोर्ट के भारत खंड में स्थानीय मानवाधिकार संगठनों, अल्पसंख्यक राजनीतिक दलों और प्रभावित समुदायों ने मणिपुर में हिंसा को रोकने और मानवीय सहायता प्रदान करने में देरी के लिए देश की सरकार की आलोचना की। एक वेबसाइट के कार्यालयों पर कर छापे का जिक्र करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि इनकम टैक्स अधिकारियों की जांच अनियमितताओं से प्रेरित थी। अधिकारियों ने उन पत्रकारों की भी तलाशी ली और उनके उपकरण जब्त किए जो संगठन की वित्तीय प्रक्रियाओं में शामिल नहीं थे।

### 2002 के गुजरात दंगों पर एक डॉक्यूमेंट्री का जिक्र

2002 के गुजरात दंगों पर एक डॉक्यूमेंट्री का जिक्र करते हुए अमेरिका के विदेश विभाग ने आरोप लगाया कि सरकार ने डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग पर प्रतिबंध लगाने के लिए आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया था। मीडिया कंपनियों को वीडियो के लिंक हटाने के लिए मजबूर किया और देखने वाली पार्टियों का आयोजन करने वाले छात्र प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया।

## कारोबारियों ने पीएम शहबाज पर बनाया व्यापार बहाल करने का दबाव

# पाक झुकाः भारत से वार्ता करने नई दिल्ली की ओर बढ़ाया कदम

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

*पाकिस्तान कारोबारी नेताओं ने पीएम शहबाज से व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया। नेताओं ने कहा कि इस कदम से नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की भी सराहना की।*



प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ बैठक के दौरान पाकिस्तान कारोबारी नेताओं ने व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया। नेताओं ने कहा कि इस कदम से नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की सराहना की, लेकिन उन्हें अर्थव्यवस्था का कायापलट करने राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करने की भी सलाह दी।

कारोबारियों ने पीएम शहबाज से की मुलाकात

कारोबारियों ने कहा, इससे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा

कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने पीएम के दृढ़ संकल्प की सराहना की

### राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान देने व्यापारियों ने पीएम से रखी अपनी बात

#### व्यापारिक समुदाय ने दिए कई सुझाव

प्रधानमंत्री अर्थव्यवस्था में सुधार के तरीके खोजने के लिए व्यापारिक समुदाय के साथ बैठक कर रहे थे। उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कि कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ हाथ मिलाए हैं, जिनके अच्छे परिणाम सामने हैं। आइएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। मेरा सुझाव है कि आप कुछ और हाथ मिलाएं।

#### अर्थव्यवस्था को फायदा देने के लिए भारत से मिलाओ हाथ

उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल में बंद पीटीआइ नेता इमरान खान के साथ भी संबंध सुधारने का प्रयास करना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें। मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं।

#### देश भर के व्यापारियों को इस्लामाबाद आमंत्रित करेंगे

बैठक समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री ने आर्थिक पुनरुद्धार के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण का संकेत देते हुए देश भर के हितधारकों के साथ जुड़ने का अपना संकल्प दोहराया। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने वादा किया कि वो जल्द ही देश भर के व्यापारियों को इस्लामाबाद में आमंत्रित करेंगे और उनके साथ तब तक बैठेंगे जब तक कि सभी मुद्दे हल नहीं हो जाते।

### डोभाल की दो टूक...आतंकवाद को रोकने देंगे रूस का साथ



**मास्को।** भारत ने आतंकवादियों की कमर तोड़ने के लिए रूस का हर परिस्थिति में साथ देने का ऐलान किया है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि भारत आतंकवादियों और अपराधियों द्वारा सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग को रोकने के लिए रूस का सहयोग करना जारी रखेगा। आतंकवाद के खिलाफ दो टूक बोलते हुए एनएसए डोभाल ने सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक खुले, स्थिर, सुरक्षित, विश्वसनीय और समावेशी ढांचे के वास्ते अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया।

टोही विमान रिमोट से होते हैं ऑपरेट

# बाड़मेर में वायुसेना का जासूसी विमान क्रैश, जलकर हुआ राख

एजेंसी ▶▶ बाड़मेर

भारतीय वायु सेना का एक जासूसी विमान गुरुवार सुबह राजस्थान के जैसलमेर जिले से 30 किमी दूर के रोजानियों की ढाणी जजिया गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, जनहानि की जानकारी सामने नहीं आई है। वायु सेवा के टोही विमान में कोई पायलट मौजूद नहीं होते हैं और इसे रिमोट के द्वारा ऑपरेट किया जाता है। सीमावर्ती इलाके में जासूसी गतिविधियों के ऊपर निगरानी रखने के लिए इस विमान को काम में लाया जाता है। जैसलमेर के पिथला गांव के पास तेज धमाके के साथ में यह प्लेन क्रैश हुआ है।



### 1993 से लेकर अब तक कई बड़े विमान हादसे

अप्रैल 1993 में इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट 491 दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। ये रनवे पर खड़े ट्रक से टकरा गया था। 1996 में हरियाणा के चखरी दादरी क्षेत्र के ऊपर दो विमान आपस में टकरा गए। इसमें 349 लोगों की जान चली गई। जुलाई 2000 में एलाइंस एयरलाइंस का प्लेन पायलट के नियंत्रण खो जाने के बाद दुर्घटना का शिकार हुआ था। मई 2010 में मंगलौर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में 158 लोग मारे गए। और भी कई विमान हादसे हुए।

आरईसी कश्मीर के किश्तवाड़ में

# किरू जल विद्युत परियोजना के लिए 1,869 करोड़ का लोन




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी और अग्रणी एनबीएफसी-आरईसी लिमिटेड ने चिनाब घाटी विद्युत परियोजना प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता हुआ है। आरईसी लिमिटेड किश्तवाड़ में किरू जल विद्युत परियोजना के लिए 1,869 करोड़ का लोन देगी।

### चिनाब नदी पर बनेगी विद्युत

*इस ऋण का उपयोग जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर ग्रीनफील्ड 4 गुणा 156 मेगावाट किरू जल विद्युत परियोजना के विकास, निर्माण, परिचालन के लिए किया जाएगा। 624 मेगावाट क्षमता की किरू जलविद्युत परियोजना एक रन-ऑफ-रिवर योजना है। इसमें 135 मीटर ऊंचाई के बांध और 156 मेगावाट की 4 इकाइयां बनेंगी।*

भारत ने छत पर सौर ऊर्जा पहल का किया जिक्र

# विश्व ऊर्जा सम्मेलनः नवीकरणीय क्षमता को 3 गुना करने पर जोर

एजेंसी ▶▶ रॉटरडैम



नीदरलैंड के रॉटरडैम में विश्व ऊर्जा सम्मेलन के 26 वें संस्करण का आयोजन किया गया। गोलमेज सम्मेलन में दुबई में हुए सीओपी28 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के महत्वपूर्ण रूप से अत्यंत प्रभावी रहने वाले संदर्भों पर चर्चा की गई। गोलमेज बैठक में नीदरलैंड के उप-प्रधानमंत्री और जलवायु एवं ऊर्जा नीति मंत्री रॉब जेट्टेन और भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय में सचिव पंकज अग्रवाल और विभिन्न देशों और संगठनों के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### ग्रीन हाइड्रोजन पर जोर

*सचिव ने कहा कि दीर्घकालिक जीवन शैली का समर्थन करने के लिए भारत के मिशन लाईफ की सराहना की गई है। उन्होंने कार्बन कैप्चर, यूटिलाइजेशन एंड स्टोरेज और हरित हाइड्रोजन पर बल देने के साथ कार्बन तटस्थता की दिशा में परिवर्तन लाने की सीओपी28 की मान्यता के संदर्भ में भी चर्चा की।*

## रूस को भारी नुकसान, अमेरिका ने यूक्रेन को गुपचुप दीं बैलेस्टिक मिसाइलें

# यूक्रेनी सेना ने मिसाइलों से रूस के स्टील प्लांट पर किया हमला

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

यूक्रेन ने रूस के कब्जे वाले इलाकों में पहली बार लंबी दूरी की बैलेस्टिक मिसाइल से हमला किया है। बुधवार की रात ये हमले क्रीमिया में स्थित रूसी सेना की हवाई पट्टी और कुछ अन्य इलाकों पर किए गए। ये मिसाइल अमेरिका ने गुप्त रूप से यूक्रेन भेजी हैं। यूक्रेन ने रूस के लिपेस्क क्षेत्र में स्थित एक बड़ी स्टील फैक्ट्री पर ड्रोन हमला कर उसे नुकसान पहुंचाया है। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत में अमेरिका ने लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियार देने से परहेज किया है। इन मिसाइलों से रूस के आबादी वाले इलाकों में नुकसान होने और नाटो गठबंधन से सीधे टकराव का खतरा पैदा हो जाएगा।



**300 किमी तक मार करने में सक्षमः** यूक्रेन को मिली नई मिसाइल 300 किमी तक मार करने वाली हैं। अमेरिका ने अक्टूबर 2023 से यूक्रेन को इन मिसाइलों को देना शुरू किया था। अब जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 95 अरब डॉलर की सहायता स्वीकृत कर दी है तो उसके अंतर्गत भी ये मिसाइलें यूक्रेन को दी जाएंगी।

### इजराइल हमले से लेबनान के 40 आतंकी ठिकाने तबाह

**तेल अवीव।** ईरान समर्थित संगठन हिजबुल्लाह के हमले के बाद इजराइल ने उसपर कई रॉकेट अटैक किए हैं। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने बताया कि बुधवार दोपहर को उसने लेबनान में आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के लगभग 40 ठिकानों पर हमला कर तबाह कर दिया। हमले दक्षिणी लेबनान के आयता राख शब क्षेत्र में किए गए थे और इसमें इजराइल वायु सेना के लड़ाकू जेट और आईडीएफ तोपखाने दोनों का इस्तेमाल किया गया था।

### अंधाधुंध रॉकेट लॉन्च कर रहा हिजबुल्लाह

बता दें हिजबुल्लाह आतंकवादी कार्यों के लिए आयता राख शब क्षेत्र का व्यापक उपयोग करता है और उसने इस क्षेत्र में संगठन के दर्जनों आतंकवादी साधन और बुनियादी ढांचे बना रखे हैं, जिनका लक्ष्य इजराइल है। इजराइल को चिंता है कि ईरान युद्ध के दौरान किसी भी मुद्दे पर व्यापक संघर्ष पैदा करने और इजराइल की सेना को विभाजित करने व्यापक हमला शुरू कर सकता है। खतरे के कारण इजराइल के उत्तरी शहरों के लोगों को घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

1000 साल पुरानी 300 एकड़ प्रॉपर्टी में होंगे आयोजन

# मुकेश अंबानी की बड़ी तैयारी, बेटे अनंत की शादी के लिए चले लंदन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी! पिछले दो-तीन महीने से हर जगह इस शादी की चर्चा है। शादी से पहले प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन देशभर की सुर्खियों में रहा। मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी 12 जुलाई 2024 को शादी के बंधन में बंध जाएंगे। अंबानी परिवार की इस शादी के फंक्शन लंदन में 300-एकड़ बड़ी एक प्रॉपर्टी में आयोजित किए जाएंगे। इस शादी में अंबानी परिवार के करीबी और बॉलीवुड के कुछ सितारों के लिए इनवाइट भी भेजे जाने शुरू हो गए हैं। 1 से 3 मार्च के बीच गुजरात के जामनगर में देश-दुनिया के सेलिब्रिटीज का मजमा लगा। तीन दिन चली इस बेहद महंगी और खर्चीली सेरेमनी में फेसबुक, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ, बॉलीवुड के बड़े सितारे और पॉप्युलर क्रिकेटर शामिल हुए।



### शादी में नहीं रखना चाहते कोई कमी

अब जबकि अनंत और राधिका की शादी में करीब दो महीने का समय रह गया है। चर्चा है कि देश की सबसे महंगी शादी में कितना खर्च होगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बेटे की प्री-वेडिंग सेरेमनी में ही 1200 करोड़ खर्च कर दिए थे। बता दें कि यह खर्चा बेटी ईशा अंबानी की शादी में खर्च हुए 828 करोड़ रुपए से कहीं ज्यादा है। निश्चित तौर पर देशभर की निगाहें इस महंगी शादी पर हैं और अनुमान है कि अंबानी परिवार के सबसे छोटे बेटे की शादी में कोई कसर नहीं रखी जाएगी और पैसा पानी की तरह बहेगा। राधिका मर्चेंट इनक्रो हेल्थकेयर के सीईओ वीरेन मर्चेंट की बेटी हैं। उनकी मां शैला मर्चेंट हैं। वीरेन मर्चेंट की नेट वर्थ करीब 70 करोड़ रुपए है। राधिका ने 2017 में न्यू यॉर्क यूनिवर्सिटी से पॉलिटिकल साइंस में बैचलर्स डिग्री हासिल की। इनक्रो हेल्थकेयर में राधिका एक डायरेक्टर भी हैं।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बेंगलोर | 9 | 2 | 7 | 4 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
430 रन
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

### बाउंड्री मीटर

1259 चौके

729 छक्के

### दिल्ली के तेज गेंदबाज सलाम को फटकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दर को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में एक विकेट लेने के बाद आक्रामक जश्न मनाने के लिये फटकार लगाई गई है। बुधवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर खेला गया मैच दिल्ली ने चार रन से जीता।

# टी20 विश्व कप : राहुल बनाम संजू, आवेश-बिश्नोई या अक्षर, हार्दिक का फॉर्म चिंता का कारण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जा सकता है लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या का खराब फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है जबकि दूसरे विकेटकीपर की जगह के लिए संजू सैमसन से केएल राहुल आगे चल रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिए टीम चुनते समय दुविधा अतिरिक्त गेंदबाज की भी होगी। यह देखना होगा कि तेज गेंदबाज आवेश खान को चुना जाता है या वेस्टइंडीज की धीमी पिचों को देखते हुए लेग स्पिनर रवि बिश्नोई या हरफनमौला अक्षर पटेल को। समझा जाता है कि कप्तान रोहित शर्मा चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर से मुलाकात कर सकते हैं। आईसीसी ने टीम चुनने के लिए एक मई की समय सीमा दी है। बीसीसीआई इस सप्ताह के आखिर में या अगले सप्ताह की शुरुआत में टीम का ऐलान कर सकता है।



### पंत की जगह पक्की

आईपीएल में 161 की स्ट्राइक रेट से 342 रन बना चुके विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपनी जगह पक्की कर ली है। दूसरे विकेटकीपर के लिए केएल राहुल (141 स्ट्राइक रेट से 302 रन) और संजू सैमसन (152 स्ट्राइक रेट से 314 रन) के बीच मुकाबला है।

### पंड्या का लचर प्रदर्शन

*पंड्या ने मुंबई इंडियंस के लिए आठ मैचों में 17 ओवर डाले हैं। अभी तक इस आईपीएल में वह सात छक्के ही लगा सके हैं। उनके बल्ले से 150 रन ही निकले हैं और उनका स्ट्राइक रेट 142 रहा है। वैसे पंड्या के अलावा कोई विकल्प भी नजर नहीं आता क्योंकि शिवम दुबे भी गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं। कौशल और रफ्तार के मामले में गेंदबाजी में दुबे कहीं भी पंड्या के समकक्ष नहीं हैं लेकिन बल्लेबाजी में वह शानदार फॉर्म में है जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती।*



### फार्म में बुमराह

गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की जगह लगभग पक्की है। वैसे बुमराह और कुलदीप को छोड़कर बाकी गेंदबाज आईपीएल में फॉर्म में नहीं है लिहाजा अतिरिक्त गेंदबाज का विकल्प अहम होगा।

### आवेश के नाम 8 विकेट

राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश, दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर अक्षर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के लेग स्पिनर बिश्नोई के बीच मुकाबला है।

## आईपीएल रजत ने विस्फोटक और कोहली ने खेली संयमित पारी

# बेंगलोर की छह हार के बाद पहली जीत, हैदराबाद को 35 रन से रौंदा



एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर 35 रन से जीत दर्ज की। इससे आरसीबी का लगातार छह मैच की हार का सिलसिला खत्म हो गया। आरसीबी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 206 रन का स्कोर खड़ा किया। इस सत्र में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद के लिए यह लक्ष्य ज्यादा बड़ा नहीं था। लेकिन सनराइजर्स की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 171 रन ही बना सकी। रजत पाटीदार (50 रन) की विस्फोटक पारी और विराट कोहली (51 रन) की संयमित अर्धशतकीय पारी खेली। कैमरन ग्रीन ने 20 बॉल पर नाबाद 37 रन बनाया, जबकि कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 25 रन का योगदान दिया। जयदेव उनादकट ने तीन विकेट चटकाए। कप्तान पैट कमिंस, टी नटराजन और मयंक मारकंडे को एक-एक विकेट मिला। आरसीबी को इस परिणाम की जरूरत थी जिसे अपने पहले आठ मैच में से सात में हार का सामना करना पड़ा। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की यह आठ मैच में तीसरी हार थी।

### स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कोहली का समद बो उनादकट | 51 | 43 | 4 | 1 |
| डुप्लेसी का मार्कराम बो नटराजन | 25 | 12 | 3 | 1 |
| विल जैक्स बो मार्कंडेय | 06 | 09 | 0 | 0 |
| पाटीदार का समद बो उनादकट | 50 | 20 | 2 | 5 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 37 | 20 | 5 | 0 |
| लोमरोर का कमिंस बो उनादकट | 07 | 04 | 1 | 0 |
| कार्तिक का समद बो कमिंस | 11 | 06 | 2 | 0 |
| स्वप्निल का अभिषेक बो नटराजन | 12 | 06 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 07, कुल योग : 20 ओवर में 206/7

गेंदबाजी : अभिषेक 1-0-10-0, भुवनेश्वर 1-0-14-0, पैट 4-0-55-1, नटराजन 4-0-39-2, अहमद 3-0-14-0, मार्कंडेय 3-0-42-1, उनादकट 4-0-30-3.

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का कार्तिक बो दयाल | 31 | 13 | 3 | 2 |
| हेड का कर्ण शर्मा बो जैक्स | 01 | 03 | 0 | 0 |
| मार्कराम पगबाधा बो स्वप्निल | 07 | 08 | 1 | 0 |
| नीतिश रेड्डी बो कर्ण शर्मा | 13 | 13 | 0 | 1 |
| क्लासेन का ग्रीन बो स्वप्निल | 07 | 03 | 0 | 1 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 40 | 37 | 1 | 1 |
| समद का एवं बो कर्ण | 10 | 06 | 0 | 1 |
| कमिंस का सिराज बो ग्रीन | 31 | 15 | 1 | 3 |
| भुवनेश्वर का सिराज बो ग्रीन | 13 | 13 | 3 | 0 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 08 | 10 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 20 ओवर में 171/8

गेंदबाजी : जैक्स 2-0-23-1, सिराज 4-0-20-0, दयाल 3-0-18-1, स्वप्निल 3-0-4-0, कर्ण 4-0-29-2, फर्ग्यूसन 2-0-28-0, ग्रीन 2-0-12-2.

### पंजाब किंग्स को नाइट राइडर्स आज देगी कड़ी चुनौती

**कोलकाता।** खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब किंग्स के सामने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों खासकर 30 लाख डॉलर में खरीदे गए मिचेल स्टार्क पर प्रदर्शन में सुधार का दबाव रहेगा। केकेआर फिलहाल दस अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है।

## तीरंदाजी विश्व कप : रिकर्व पुरुष टीम ने फाइनल में बनाई जगह



***शंघाई।*** *भारत के तरुणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा और प्रवीण जाधव ने तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में पुरुषों के रिकर्व फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया। फाइनल में उनका सामना ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया से होगा। भारत ने महिला कंपाउंड वर्ग में भी पदक पक्का कर लिया। कंपाउंड वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियन प्रियांश और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंच गए। भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने इटली को 5-1 से हराया। अब उसका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से होगा। कोरियाई टीम ने टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन, ली वू सियोक और किम जि डियोक हैं। कोरिया ने चीनी ताइपै के तान चिह चुन, लिन जिह सियांग और ताइ यू सुआन को 6-0 से हराया। भारतीय पुरुष रिकर्व टीम को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उसने 15वीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया को 5-3 से मात दी। अगले मैच में स्पेन को 5-1 से हराया।*

### सेमीफाइनल में पहुंची महिला टीम



*भारतीय महिला टीम को पहले ही मुकाबले में मैक्सिको ने 5-3 से हराया। दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और भजन कौर की तिकड़ी को क्वालीफायर में छठी रैंकिंग मिली थी। पहले दौर में बाय मिलने के बाद अगले मैच में भारतीयों ने दूसरे सेट में 3-1 की बढ़त बनाने के बाद मुकाबला गंवा दिया। बाद में विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता ज्योति ने हमवतन अवनीत कौर को 143-142 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना एस्तोनिया की मीरी मार्शिया पास से होगा।*

# कैंडिडेट्स चैंपियन गुकेश का चेन्नई पहुंचने पर स्वागत



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रचने वाले युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश का यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

गुकेश के स्कूल वेलाम्मल विद्यालय के सैकड़ों छात्र उनकी उड़ान के पहुंचने के एक घंटे पहले ही से कतार बनाकर हवाई अड्डे पर खड़े थे। उनके अलावा भारी संख्या में प्रशंसक भी मौजूद थे। सत्रह वर्ष के गुकेश देर रात तीन बजे बाहर निकले और भीड़ ने उन्हें घेर लिया। उन्हें फूलों की मालाएं पहनाई गई और पुलिस को उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। गुकेश ने हवाई अड्डे पर मीडिया से कहा, 'मुझे घर आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह खास उपलब्धि है। मैं शुरू से ही अच्छा खेल रहा था और मुझे जीत का यकीन था। किस्मत ने भी मेरा साथ दिया। यह देखकर अच्छा लग रहा है कि इतने लोग शतरंज देखते हैं।




Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda2wheelersindia.com

तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776, 8349032276, 07632244220; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376, 7389353376; **BHOPAL:** Surana Honda - 4074455, 7566665646; Sai Samarth Honda - 4254000, 9425019567; BGS Honda - 4044441, 4231111, 8889999743; Om Auto Honda - 9826331339, 4003018/19; Power Honda - 2981111, 7024877777; BGS Honda (Kolar Road) - 4038111, 8889999481; BGS Honda (Karondh) - 08889994503; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 2571100, 9424494542; Power Honda (Gulmohar) - 4256062, 7880055510; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 9907404050, 9691222282; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda - 7415382282 (Kurawar); Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281, 09111005258; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 252244, 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 07482 292222, 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232, 9926566102, Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458, 9302205644; **DAMOH:** Texol Honda - 9407071200, 9425096191; **SAGAR:** Sahil Honda - 7581989790, 9893893997; Sahil Honda Makronia - 9340968288, 9425095591; Raj Honda (Bina) - 8823016566; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445, 9770066639; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440, 9770066619; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441, 9770044415; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443, 9770066640; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442, 9770066638; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626, 6267013113; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446, 9770066641; Manish Honda (Sausar) - 9244569009, 9200010004; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711, 9827122712; Shiv Shakti Honda (Keolari) - 9407848143: **BETUL:** Aaditya Honda - 231218, 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni, Malwa) - 9425476181; 9144332299; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 9425132725; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081/82/85; RR Honda (Aron) - 9907700774, Seth and Sons (Raghogarh) 9644008082, 9644008089; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **INDORE:** Kasliwal Honda - 4228999, 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 2461212, 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 2877101; 9827658000; Shyam Honda - 4757200, 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 2616222, 9009550955; Shree Mangalam Honda - 6232446444, 9977055990, 6232388956; Doshi Honda - 9669266999, 4009600; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; 4025247; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999, 4036444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 8770657728; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213, 9993768111; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471, 8827751007; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055, 241266; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; 228034; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 07282-241421, 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902, 9111002910; Sethi Honda (Chhanera) 9111002903, 7415345652; **DEWAS:** Sadguru Honda - 257499, 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721, 9893821721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh, Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396, 9425102858; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 223355, 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 236809, 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695, Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **KALAPIPAL:** Shree Balaji Honda - 9926028916; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Moti Honda - 78794534435; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909, 8109057750; Ujjain Honda - 8109068222, 9713454399, 07342555326; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701, 9827890387; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481, 9425332717; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963, 9340896405; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 07423-404110, 225110; 9575751616; Savita Honda (Manasa) - 9993773232, 07421-243081, Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646, 9827394646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441, Dhudhar Honda (Pichore) -7024325555; Jain Honda (Karera) - 8602760034; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **MHOW:** Radha Honda - 07324-275543; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802, 7389049040; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110, 9406523110; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437, 9926186413; Sumedha Honda - 8718819740, 8718819752; Divya Sai Honda - 09644204111, 9644207111; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 09827534200; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; Shree Krishna Honda (Lahar) - 8839257016; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698, 7755801125; **RAGHOGARH:** 9644008089, 07747-919669; **BHIND:** M.S. Honda - 7999875353, 9039296063; **MORENA:** The Roshan Honda - 9300422900; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045 .

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930